जन-जन की वाणी...

हिन्दी दैनिक

सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित

Page 11

खेल

चोट के साथ पेरिस ओलंपिक में खेले नीरज चौपड़ा, अब करायेंगे सर्जरी !

देश

मुझे सत्ता से हटाने के लिए महीनों पहले साजिस रची गयी थी : पूर्व पीएम शेख हसीना

Page 10

शुक्ल पक्ष, विशाखा, विक्रम संवत् 2081

• औरंगाबाद • सोमवार • 12 अगस्त 2024 • वर्ष 26 • अंक 243 • पृष्ठ 12

मूल्य ₹ 2.00

सोना चांदी

सोना	चांदी
10 ग्राम 22 कैरेट	1 किलो चांदी
₹ 64,450	₹83,100

आज का इतिहास

- 2013 : भारत ने अपना पहला विमानवाहक पोत, INS विक्रांत लॉन्च किया।
- 1919 : भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम के जनक विक्रम साराभाई का अहमदाबाद में जन्म हुआ।

न्यूज बाइट्स

पिही भर्ती परीक्षा देने गए 3 मुन्ना भाई गिरफ्तार

शेखपुरा (नि.सं.)। रविवार को शेखपुरा जिले में विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर चल रहे सिपाही भर्ती परीक्षा में इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस के साथ एक परीक्षार्थी को गिरफ्तार किया गया है। डीएम हाई स्कूल केंद्र पर क्लास रूम के अंदर संदेह के आधार पर वीक्षक ने एक परीक्षार्थी की जांच की तो उसके पास से इलेक्ट्रानिक डिवाइस मिला। जिसके बाद केंद्राधीक्षक ने पुलिस को इसकी जानकारी दी। परीक्षार्थी से पूछताछ के बाद नकल करा रहे दो लोगों को पुलिस ने शेखपुरा शहर के एक विवाह भवन से गिरफ्तार कर लिया। दोनों के पास से मोबाइल, एटीएम कार्ड, कई वॉक-टॉकी जब्त किया है। गिरफ्तार परीक्षार्थी की पहचान भागलपुर के राजीव कुमार व नकल कराने वालों की पहचान भागलपुर के ही अमृत व योगेश कुमार के रूप में की गई है।

महिलाओं और बच्चों के कल्याण के लिए केंद्र और राज्यों के बीच सहयोग जरूरी

नई दिल्ली (ए.)। केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने देश भर में महिलाओं और बच्चों के कल्याण के लिए केंद्र और राज्यों के सहयोग को आवश्यक करार देते हुए कहा है कि प्रयासों का लाभ जमीनी स्तर तक पहुंचाने के लिए मिलकर काम करना जरूरी है। अन्नपूर्णा देवी ने रविवार को राज्यों में महिला एवं बाल विकास और सामाजिक कल्याण मंत्रियों और केंद्र शासित प्रदेशों में प्रशासकों और उपराज्यपालों के साथ अपनी पहली राष्ट्रीय स्तर की बैठक की अध्यक्षता की।

भारत में घुसपैठ कर रहे थे 11 बांग्लादेशी नागरिक, गिफ्तार

नई दिल्ली (ए.)। नई दिल्ली। सीमा सुरक्षा बल ने भारत में घुसपैठ की कोशिश करते 11 बांग्लादेशी नागरिकों को सीमा से गिरफ्तार किया है। समाचार एजेंसी पीटीआई ने बीएसएफ के हवाले से बताया कि पश्चिम बंगाल, त्रिपुरा और मेघालय में अंतरराष्ट्रीय सीमा के माध्यम से भारत में घुसपैठ करने की कोशिश करते हुए इन बांग्लादेशी नागरिकों को पकड़ा गया है।

देश में पोषण क्रांति लाने की तैयारी में सरकार, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किसानों को दी बड़ी सौगात

पीएम ने जारी की ज्यादा उपज देने वाली 61 फसलों की 109 किस्में

- प्रधानमंत्री ने कृषि में मूल्य संवर्धन के महत्व को किया रेखांकित

एजेंसी | नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के किसानों को एक बड़ा तोहफा दिया है। पीएम मोदी ने जलवायु अनुकूल, जैव सशक्त, उच्च उपज देने वाली 61 फसलों की 109 किस्में लॉन्च की हैं। इन 61 फसलों में 34 खेती की फसलें और 27 बागवानी की फसलें शामिल हैं। फसलों की ये किस्में जलवायु अनुकूल और जैव सशक्त होने के साथ-साथ पोषणयुक्त भी हैं। इन नई फसलों का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली में स्थित कृषि अनुसंधान संस्थान में किया। इस दौरान पीएम मोदी ने इन फसलों के महत्व पर जोर देते हुए इस बारे में बताया कि इससे आने वाले समय में देश के किसानों का काफी लाभ होगा। इन फसलों की खेती करने पर किसानों का खर्चा कम और मुनाफा ज्यादा होगा। इसके अलावा ये फसलें पर्यावरण पर भी सकारात्मक प्रभाव डालेंगी। इन फसलों को लॉन्च करते समय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मिलेट्स के महत्व के बारे में भी बताया। इस दौरान उन्होंने यह कहा कि देश में अब लोग पोषणयुक्त भोजन की ओर बढ़ रहे हैं। देश में जैविक खाद्य पदार्थों की मांग बढ़ रही है। इसके अलावा लोग प्राकृतिक खेती के फायदों के बारे में भी जान रहे हैं। वहीं बात अगर बागवानी फसलों की करें तो इसमें फलों, सब्जियों, बागान फसलों, कंद फसलों, मसालों, फूलों और औषधीय फसलों की विभिन्न किस्में लॉन्च की गई हैं। इस अवसर पर केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री श्री भागीरथ चौधरी तथा श्री रामनाथ ठाकुर और आईसीएआर के महानिदेशक एवं डेयर के सचिव श्री हिमांशु पाठक, साथ ही आस-पास के राज्यों से 30 किसान तथा आईसीएआर के सभी डीडीजी और अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

इस अवसर पर केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी एवं राम नाथ ठाकुर तथा आईसीएआर के महानिदेशक एवं डेयर के सचिव डॉ. हिमांशु पाठक, आसपास के राज्यों से आए 30 किसान तथा आईसीएआर के सभी डीडीजी एवं अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

वैज्ञानिकों की भी की सराहना

प्रधानमंत्री मोदी ने इन नई फसल किस्मों के विकास के लिए वैज्ञानिकों की भी सराहना की। केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बाद में पत्रकारों से कहा कि आज का दिन किसानों के लिए ऐतिहासिक है, क्योंकि 61 फसलों की बीजों की 109 किस्में जारी की गई हैं। इससे किसानों की आय बढ़ाने, उत्पादन बढ़ाने और लागत कम करने में मदद मिलेगी। चौहान ने कहा कि इन फसलों के बीज जलवायु के अनुकूल हैं और प्रतिकूल मौसम में भी अच्छी फसल दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि ये किस्में पोषण से भरपूर हैं। वैज्ञानिकों ने बताया कि वे अप्रचलित फसलों को मुख्यधारा में लाने के लिए प्रधानमंत्री के सुझाव के अनुरूप काम कर रहे हैं।

इन फसलों की नई बीज जारी

खेती की फसलों में अनाज, बाजरा, चारा, तिलहन, दलहन, गन्ना, कपास और फाइबर फसलें शामिल हैं। वहीं, बागवानी की फसलों में फलों, सब्जियों, मसालों, फूलों और औषधीय पौधों की नई किस्में शामिल हैं। प्रधानमंत्री मोदी साल 2014 से ही किसानों की आय बढ़ाने के लिए टिकाऊ खेती के तरीकों और जलवायु अनुकूल तरीकों की वकालत करते रहे हैं। उन्होंने लगातार 'जैव-सशक्त' किस्मों को बढ़ावा देने पर जोर दिया है। साथ ही कुपोषण से निपटने के लिए उन्हें मिड डे मील योजना और आंगनबाड़ी सेवाओं जैसी सरकारी पहलों से जोड़ा है।

स्कूल से फरार शिक्षक होंगे बर्खास्त, 569 शिक्षकों की जाएगी नौकरी : एस. सिद्धार्थ

निज संवाददाता | पटना

शिक्षा विभाग के मुख्य सचिव डॉ एस सिद्धार्थ आईएएस केके पाठक से दो कदम आगे निकल गए हैं। स्कूल से फरार रहने वाले शिक्षकों पर गाज गिरेगी। बिना बताए फरार चल रहे शिक्षक को सीधा बर्खास्त करने जा रहे हैं। बर्खास्तगी की रडार पर 569 शिक्षक हैं। वहीं, बेहतरीन शिक्षण कार्य करने वाले छह शिक्षकों को राष्ट्रीय पुरस्कार भी मिलेगा।

शिक्षा विभाग के मुताबिक बिहार के 71,863 प्रारंभिक विद्यालयों और 9,360 माध्यमिक विद्यालयों में निगरानी कड़ी है। निगरानी के दौरान स्कूल से 17,600 शिक्षक गायब मिले हैं। इनके बारे में पता किया जा रहा है। शिक्षा विभाग फरार शिक्षकों का पहले वेतन काट रही है। जबकि, छह माह से लेकर दो साल से फरार रहे 582 शिक्षकों को बर्खास्तगी की अनुशंसा की गई है। शिक्षा विभाग को सभी 38 जिलों से मिली निगरानी रिपोर्ट के मुताबिक छह महीने से कम समय लेकर दो साल से भी अधिक अवधि से विद्यालयों से बिना सूचना दिए 17,600 शिक्षक फरार रहे हैं।

569 शिक्षकों पर कार्रवाई

19 जिलों के 569 शिक्षकों की बर्खास्तगी की कार्रवाई की अनुशंसा की गई है। शिक्षा विभाग के मुताबिक अरवल के 2, बांका के 32, औरंगबाद के 19, बेगूसराय के 22, भागलपुर के 21, भोजपुर के 24, दरभंगा के 54, पूर्वी चंपारण के 39, गया के 46, खगडिया के 19, कटिहार के 23, मुजफ्फरपुर के 19, नालंदा के 38, नवादा के 23, पटना के 53, पूर्णिया के 24, सहरसा के 23, वैशाली के 13, पश्चिम चंपारण के 12 शिक्षक को बर्खास्त किया जाएगा।

शिक्षकों की वेतन कटौती

शिक्षा विभाग फरार चल रहे शिक्षकों का वेतन काट रहा है। अररिया के 657, औरंगाबाद के 1078, बांका के 12, अरवल के 13, बेगूसराय के 508, भागलपुर के 475, भोजपुर के 38, बक्सर के 325, दरभंगा के 2987, पूर्वी चंपारण के 456, गया के 386, गोपालगंज के 453, जमुई के 373, जहानाबाद के 90, किशनगंज के 96, कैमूर के 765, कथ्अहार के 34, लखीसराय के 86, मधुबनी के 667, मुंगेर के 23, मधेपुरा के 32, मुजफ्फरपुर के 367, नालंदा के 2296, नवादा के 547, पटना के 126, पूर्णिया के 35, रोहतास के 334, सहरसा के 23, समस्तीपुर के 523, शिवहर के 6, शेखपुरा के 57, सारण के 1676, सीतामढ़ी के 539, सुपौल के 728, सीवान के 13, वैशाली के 197, पश्चिमी चंपारण के 34 शिक्षक फरार हैं।

राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार के लिए छह शिक्षक नामित

शिक्षा विभाग ने शिक्षक पुरस्कार, 2024 के लिए बिहार से छह शिक्षक का लिस्ट केंद्र सरकार को भेजी है। भारत सरकार शिक्षा मंत्रालय को संबंधित शिक्षकों के नाम को ऑनलाइन भेजा है। शिक्षा विभाग के मुतबिक छह शिक्षकों में से चार पुरुष एवं दो महिला शिक्षक हैं। शनिवार को प्राथमिक शिक्षा निदेशक मिथिलेश मिश्र ने संबंधित शिक्षकों के साथ वीडियो कान्फ्रेंसिंग की है। उनके मुताबिक कैमूर जिले के न्यू प्राथमिक विद्यालय (तरहनी, कुदरा) के प्रभारी प्रधानाध्यापक सिकेंद्र कुमार सुमन, पश्चिम चंपारण के उच्च माध्यमिक विद्यालय (डुमरिया ईस्टेट, नरकटियागंज) की सहायक शिक्षिका सुश्री मेरी एडलिन, नवादा के उत्क्रमित मध्य विद्यालय (हमेजाभारत, सिरदला) के सहायक शिक्षक रंजन कुमार का नाम भेजा गया है। इसके अलावा, मधुबनी के गंगा बालिका प्लस टू उच्च विद्यालय की सहायक शिक्षिका डा. मीनाक्षी कुमारी एवं सारण के उत्क्रमित मध्य विद्यालय (तेसुआर, एकमा) के सहायक शिक्षक डा. शशिभूषण शाही के नाम की अनुशंसा राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार मिलेगा।

बिहार के कई आईएएस का ट्रांसफर

निज संवाददाता | पटना

प्रशासनिक गलियारे से निकलकर सामने आ रही है, जहां सरकार ने बिहार के 4 आईएएस अधिकारियों का तबादला कर दिया है। सामान्य प्रशासन विभाग ने तबादले से जुड़ी अधिसूचना जारी कर दी है। पटना के कमिश्नर कुमार रवि को हटाकर सीएम सचिवालय भेज दिया गया है जबकि पंकज पाल को बिजली विभाग का जिम्मा सौंपा गया है। सामान्य प्रशासन विभाग की तरफ से जारी अधिसूचना के मुताबिक, भारतीय प्रशासनिक सेवा के 2001 बैच के आईएएस अधिकारी मयंक वरवड़े को मगध प्रमंडल के आयुक्त के पद से तबादला करते हुए सरकार ने पटना प्रमंडल का आयुक्त बनाया है। इनकी जगह गया के डीएम त्यागराजन एसएम को मगध प्रमंडल के आयुक्त का प्रभार सौंपा गया है। पटना के कमिश्नर कुमार रवि को अगले आदेश तक मुख्यमंत्री सचिवालय में तैनात किया गया है।

वहीं सरकार ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के 2002 बैच के आईएएस अधिकारी और ग्रामीण विकास विभाग के सचिव पंकज कुमार पाल को ऊर्जा विभाग और बिहार स्टेट पावर होल्डिंग कंपनी का अतिरिक्त प्रभार सौंपा है। इससे पहले आईएएस अधिकारी संजीव हंस के पास ऊर्जा विभाग का अतिरिक्त प्रभार था लेकिन उनके ऊपर भ्रष्टाचार का आरोप लगने के बाद सरकार ने पिछले दिनों बिजली विभाग के अतिरिक्त प्रभार से उन्हें मुक्त कर दिया था और उन्हें वापस सामान्य प्रशासन विभाग में बुला लिया था। वहीं भारतीय प्रशासनिक सेवा की 2003 बैच की आईएएस अधिकारी और पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग की सचिव वंदना प्रेयषी को उद्योग विभाग का सचिव बनाया गया है। इसके साथ ही सरकार ने उन्हें आधारभूत संरचना विकास प्राधिकार- आइडा का अतिरिक्त प्रभार सौंपा है।

वहीं भारतीय प्रशासनिक सेवा के 2005 बैच के आईएएस अधिकारी और पटना के कमिश्नर कुमार रवि का सरकार ने तबादला कर दिया है। विभिन्न विभागों की जिम्मेवारी संभाल रहे कुमार रवि को मुख्यमंत्री सचिवालय में तैनात किया गया है। कुमार रवि के पास बिहार राज्य भवन निर्माण निगम के सचिव के अतिरिक्त प्रभार में रहेंगे।

वहीं भारतीय प्रशासनिक सेवा के 1993 बैच के आईएएस अधिकारी और ऊर्जा विभाग समेत विभिन्न विभागों में अपर मुख्य सचिव के पद पर तैनात रहे संदीप पौण्डरीक को केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर भेज दिया गया है। संजीव पौण्डरीक को इस्पात मंत्रालय में सचिव बनाए जाने के बाद उन्हें विरमित किया गया है।

विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने नेपाल के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री से की मुलाकात

एजेंसी | काठमांडू/नयी दिल्ली

विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने रविवार को नेपाल के राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल और प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली से शिष्टाचार मुलाकात की। विदेश सचिव मिस्री ने नेपाल के राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री से मुलाकात के दौरान द्विपक्षीय सहयोग के विभिन्न क्षेत्रों को गति प्रदान करने के तरीकों पर चर्चा की। केपी शर्मा ओली सरकार के गठन के बाद श्री मिस्री की यह पहली आधिकारिक यात्रा है। नेपाल में भारतीय दूतावास ने 'एक्स' पर लिखा, "विदेश सचिव मिस्री ने नेपाल के प्रधानमंत्री श्री के.पी. शर्मा ओली आरटी से मुलाकात की। दोनों नेताओं ने भारत और नेपाल के सभ्यतागत, घनिष्ठ और बहुआयामी संबंधों को और मजबूत करने और द्विपक्षीय सहयोग के विभिन्न क्षेत्रों को गति प्रदान करने के तरीकों पर चर्चा की। विदेश सचिव और नेपाल के राष्ट्रपति रामचन्द्र पौडेल ने सभी क्षेत्रों में भारत-नेपाल संबंधों को और मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की।

रांची से पटना आ रही वंदे भारत ट्रेन से नोटों भरा बैग बरामद

निज संवाददाता | पटना

पटना जंक्शन पर रांची से पटना आ रही वंदे भारत ट्रेन से आरपीएफ ने नोटों से भरा बैग बरामद किया है। जिसमें 500-500 के नोट भरे थे। 50 लाख कैश देखकर आरपीएफ भी दंग रह गई। शक के आधार पर पुलिस ने युवक की चेकिंग की थी। इस दौरान पकड़े शख्स बजरंग सिंह ठाकुर के पास जो ट्रॉली बैग मिला। उसमें 50 लाख कैश था। पुलिस ने आरोपी के पास से दो स्मार्ट वॉच भी जब्त की हैं। जिनकी कीमत 30 हजार के करीब है। आरोपी झारखंड के रामगढ़ का रहने वाला है। आरपीएफ ने जानकारी देते हुए बताया कि शक के आधार पर युवक की तलाशी ली गई। पहली नजर में बैग में अवैध शराब की खेप होने की आशंका हुई। लेकिन जब बैग खोला गया तो उसमें 50 लाख नगद मिले।

अब नए तरीके से चलेंगे सरकारी स्कूल, गाइडलाइन हुई जारी

निज संवाददाता | पटना

सरकारी स्कूलों में अब गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और शिक्षण प्रबंधन व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए शिक्षा विभाग ने टीचर गाइडेंस जारी की है। अब इसी गाइडेंस के अनुसार स्कूलों का संचालन होगा। इसके बाद अब विभाग के अपर मुख्य सचिव के निर्देश पर डीईओ ने सभी शिक्षकों को गाइडेंस उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। मार्गदर्शिका में स्कूलों में शिक्षकों की भूमिका व दायित्वों को पांच श्रेणी में बांटा गया है। जानकारी के मुताबिक, इस गाइडेंस में छात्र स्वरुप, विद्यालय प्रबंधन, कक्षा प्रबंधन, छात्र प्रबंधन व अभिभावक प्रबंधन। स्कूल से लेकर वर्ग संचालन के दौरान किन-किन बिन्दुओं पर किस प्रकार से कार्य करना है, इसकी क्रमवार जानकारी दी गई है। शिक्षकों को छात्र स्वरुप में यह व्यवस्था सुनिश्चित करना है कि सभी छात्र स्कूल ड्रेस व बस्ते के साथ समय पर स्कूल पहुंचें। बैग में किताबें, नोटबुक, पेंसिल, बॉक्स व पानी का बोतल रहे। वहीं, इस गाइडेंस में कहा गया कि किसी भी परिस्थिति में छात्र को शारीरिक दंड नहीं देना है। यह बच्चे के व्यवहार को नकारात्मक रूप से प्रभावित करता है। शिक्षकों को पढ़ाने के साथ साथ छात्र और अभिभावकों को भी समझाना है। छात्र को स्वच्छता के प्रति सजग करना हैं।

नीतीश ने आरा में तीन युवकों की हुयी मौत पर जताया शोक

पटना (नि.सं.)। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भोजपुर जिले के आरा में मझौआ हवाईअड्डे के पास गहरे गड्ढे के पानी में नहाने के दौरान डूबकर तीन युवकों की हुयी मौत पर आज गहरी शोक संवेदना व्यक्त की। श्री कुमार ने रविवार को यहां कहा कि यह दुर्घटना काफी दुःखद है। उन्होंने मृतकों के आश्रितों को चार-चार लाख रुपये की अनुग्रह राशि अविलम्ब उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है।

इंडो-नेपाल बॉर्डर से 10 किलो गांजा के साथ तस्कर गिरफ्तार

निज संवाददाता | सुपौल

सुपौल से सटे इंडो-नेपाल बॉर्डर पर तैनात एसएसबी 45वीं बटालियन के जवानों ने रिफ्यूजी कॉलोनी सीमा चौकी के पास से 10 किलोग्राम गांजा जब्त किया। वहीं तस्कर जवानों को देख मौके से फरार हो गया। कमांडेंट गौरव सिंह ने बताया कि सूचना मिली कि रिफ़्यूजी कॉलोनी के बैनालीपट्टी गाँव से इस बार तस्कर गांजा को पार कराने की फिराक में है। जिसके लिए तस्कर सीमा स्तंभ संख्या 200 से लेकर 201 का रास्ता को चुन सकते है। इस सूचना की विश्वसनीयता को ध्यान मे रखते हुये सहायक उप-निरीक्षक जौगल किशोर के अगुवाई मे 05 अन्य का दल बना कर नाका लगाने भेज दिया गया। वहीं नाका दल चौकस होकर तस्कर का इंतजार करने लगे। लेकिन कई घंटे के इंतजार करने के बाद देखा गया कि एक व्यक्ति अकेले सामान लदे चौकन्ना के साथ नेपाल भूभाग से भारतीय सीमा क्षेत्र मे प्रवेश कर रहा है। लेकिन तस्कर नाका क्षेत्र के परिधि मे पहुंचा तो एसएसबी 45वीं बटालियन के जवानों की शंका के आधार पर सामान को वहीं दूर छोड़कर तस्कर नेपाल की तरफ भागने लगा।

नटवर सिंह का 93 साल की उम्र में निधन

नयी दिल्ली (ए.)। पूर्व विदेश मंत्री के नटवर सिंह का 93 वर्ष की उम्र में शनिवार को लंबी बीमारी के बाद गुड़गांव में निधन हो गया। राष्ट्रपति द्रौपदीमुर्मु, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने दिवंगत नेता नटवर सिंह के निधन पर शोक व्यक्त किया। राष्ट्रपति मुर्मु ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर कहा कि पूर्व केंद्रीय मंत्री श्री नटवर सिंह के निधन के बारे में जानकर बहुत दुख हुआ। अपने लंबे करियर में, उन्होंने एक प्रतिष्ठित राजनयिक से लेकर एक उत्कृष्ट सांसद तक की भूमिका निभायी। पद्म भूषण से सम्मानित, वह एक प्रसिद्ध व्यक्ति भी थे।

अस्पतालों में 456 प्रकार की दवाएं उपलब्ध होनी चाहिए, लेकिन 361 दवाएं तो कहीं 261 प्रकार की दवाएं ही उपलब्ध

दवा की किल्लत से जूझ रहे बिहार के 40% अस्पताल, कैसे होगा मरीजों का इलाज

निज संवाददाता | पटना

राज्यभर के जिला अस्पतालों में 40 फीसदी तक दवाओं की कमी है। इस कारण अस्पतालों में भर्ती मरीजों को बाहर से महंगी दवा खरीदना पड़ रहा है। खासकर गंभीर रोगों के इलाज के लिए दवा नहीं है। जिला अस्पतालों में 456 प्रकार की दवाएं उपलब्ध होनी चाहिए, लेकिन अभी कहीं 361 दवाएं तो कहीं 261 प्रकार की दवाएं ही उपलब्ध हैं। यह स्थिति तब है जब स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने जून में सभी सिविल सर्जन को निर्देश दिया था कि अस्पतालों में न्यूनतम 300 दवाएं अनिवार्य रूप से उपलब्ध रहे। लेकिन अधिकारियों की लापरवाही के कारण अस्पतालों में दवाओं की कमी है। पटना के अस्पतालों में भी 456 दवाओं में 273 प्रकार की दवाएं ही उपलब्ध हैं। इसी तरह मुजफ्फरपुर में 297, भागलपुर में 319 और गया में 290 प्रकार की दवाएं उपलब्ध हैं। क्षेत्रीय और जिला औषधि भंडार में दवा उपलब्ध नहीं होने की स्थिति में अस्पतालों में दवा की कमी होती है। राज्य के अनुमंडल अस्पतालों में 313 प्रकार की दवाएं उपलब्ध रहनी चाहिए, लेकिन कहीं भी सूची के अनुसार पूरी दवाएं नहीं हैं। मुंगेर के तारापुर अनुमंडल अस्पताल में 297 दवाएं उपलब्ध हैं, तो पूर्वी चंपारण के अरेराज अनुमंडल अस्पताल में 152 दवाएं ही मौजूद हैं। कम्युनिटी हेल्थ सेंटर (सीएचसी) में आवश्यक 309 दवाएं होनी चाहिए। इसमें कहीं 245 दवाएं हैं, तो कहीं 157 दवाएं उपलब्ध हैं।

थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों का फ्री बोनमैरो ट्रांसप्लांट कराएगी नीतीश सरकार

अस्पताल में दवा की कमी की सूचना ऑनलाइन अपलोड करने का प्रावधान है। केंद्र सरकार के पोर्टल डीवीडीएमएस (ड्रग एंड वैक्सीन डिस्ट्रिब्यूशन मैनेजमेंट सिस्टम) पर दवा अपलोड करने के बाद आवश्यकतानुसार आपूर्ति होती है। पोर्टल पर अस्पतालों में दवाओं का स्टॉक और कमी दोनों देखी जा सकती है। जिला स्तर पर जिला औषधि भंडार है। यहां से जिला अस्पताल, अनुमंडल अस्पताल सहित विभिन्न अस्पतालों में दवा की आपूर्ति होती है। जिला औषधि भंडार में दवाएं क्षेत्रीय औषधि भंडार केंद्र से भेजी जाती हैं।

स्वास्थ्य विभाग ने प्रावधान किया है कि जिन दवाओं की आपूर्ति बीएमएसआईसीएल (बिहार मेडिकल सर्विस एंड इंफ्रास्ट्रक्चर कारपोरेशन लिमिटेड) से नहीं हो पाई हो, वैसी दवाओं की जिलास्तर पर खरीद की जा सकती है। इसके लिए सभी जिलों के सिविल सर्जन और मेडिकल कॉलेजों को आवश्यक दवा खरीद का अधिकार दिया गया है। दवा खरीद की राशि उपलब्ध कराने का प्रावधान है।

राजेंद्र आर्लेकर और नीतीश ने शहीद दिवस पर अमर स्वतंत्रता सेनानियों को दी श्रद्धांजलि

निज संवाददाता | पटना

पटना। बिहार के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज शहीद दिवस पर अमर स्वतंत्रता सेनानियों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। श्री आर्लेकर और श्री कुमार ने रविवार को शहीद दिवस के अवसर पर 11 अगस्त 1942 को आजादी के मतवाले सात अमर शहीद उमाकांत प्रसाद सिंह, रामानन्द सिंह, सतीश प्रसाद झा, जगतपति कुमार, देवीपद चैधरी, राजेन्द्र सिंह एवं राम गोविन्द सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए शहीद स्मारक परिसर, पटना में आयोजित राजकीय समारोह शहीदों की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर बिहार विधानसभा के अध्यक्ष नंदकिशोर यादव, उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, जल संसाधन एवं संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, सूचना एवं जनसम्पर्क मंत्री महेश्वर हजारी, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण मंत्री जनक राम, सांसद संजय कुमार झा, विधानसभा उपाध्यक्ष नरेन्द्र नारायण यादव, विधान पार्षद संजय कुमार सिंह उर्फ गांधीजी, कुमुद वर्मा एवं रवीन्द्र कुमार सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अमर शहीदों के परिजन एवं गणमान्य व्यक्तियों ने अमर शहीदों की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

संक्षिप्त समाचार

एमयू हिंदी विभाग परिसर में लगे पौधे

बोधगया। राष्ट्रीय सेवा योजना, मगध विश्वविद्यालय की पहल पर स्नातकोत्तर हिन्दी तथा मगही विभाग द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम एक वृक्ष मां के नाम हिन्दी विभाग में शुक्रवार को सम्पन्न हुआ। तपती धरती करे पुकार, हरा-भरा कर दो संसार स्लोगन के अंतर्गत आम, अमरूद, नीम, सागौन आदि कई प्रजाति के पौधों को लगाया गया। शिक्षकों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों ने इस कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। एनएसएस के निदेशक और हिन्दी तथा मगही विभागाध्यक्ष प्रो. ब्रजेश कुमार राय ने बताया कि इस वर्ष पर्यावरण दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री द्वारा आरम्भ किए गए एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम की निरंतरता में ही राष्ट्रीय सेवा योजना ने इस कार्यक्रम को संचालित करने की पहल की।

करंट लगने से युवक की हुई मौत

डुमरिया। प्रखंड अंतर्गत ग्राम भोकहा में शनिवार की दोपहर में बिजली की मोटर की तार की चपेट आने से एक युवक एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान 17 वर्षीय नीरज कुमार, पिता डॉक्टर शिवालक प्रजापत के रूप में हुई है। बताया गया कि नीरज, खेत में पटवन जा रहा था। इस दौरान वह मोटर में लगी बिजली की तार के संपर्क में आकर कीचड़ में मुंह के बल गिर गया और छटपटाने लगा। उसे लोग इलाज के लिए पीएचसी ले गए। जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया।

नदी में डूबने से वृद्ध की गई जान

मोहड़ा। प्रखंड क्षेत्र के दरियापुर निवासी 65 वर्षीय मुंद्रिका सिंह का ढाढर नदी में शव मिलने से पूरे गांव में सनसनी फैल गई जानकारी के अनुसार मृतक पुजा करने नदी के उस पार स्थित एक मंदिर में रोजाना जाते थे। शुक्रवार को भी वो ढाढर नदी के पार पूजा करने गए थे। पूजा कर लौटने के क्रम में नदी में डूबने से मौत होने की आशंका उनके परिजनों ने जताई है। शुक्रवार की शाम से ही वृद्ध लापता थे। गांव और परिजनों के यहां खोजबीन की गई। लेकिन, सुबह तक कोई पता नहीं चला। शनिवार को ग्रामीणों ने नदी में एक शव देखा, जिसके बाद मृत मुंद्रिका सिंह का शव नदी से निकाला गया।

बांकेबाजार : आहर में डूबने से एक की मौत

बांकेबाजार। थाना क्षेत्र के एक व्यक्ति की मौत आहर में डूबने से हो गई। सहायक थानाध्यक्ष रामबाबू पासवान ने बताया कि नौआखाप गांव निवासी 55 वर्षीय मुसाफिर यादव की मौत की सूचना परिजनों ने थाना को दी है। गांव के कुछ दूर धनेता गांव के बधार में आहर पर से पैर फिसलने से पानी भरा आहर में गिर जाने के कारण डूब कर मुसाफिर यादव की मौत हो गई।

15 अगस्त को होगा फुटबॉल का फाइनल मैच

गया। बोधगया के कालचक्र मैदान में बोधिसत्व फाउंडेशन के बैनर तले आयोजित सी प्रसाद मेवा लाल मेमोरियल अंडर 19 फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल मैच 15 अगस्त को खेला जाएगा। इसकी जानकारी बोधिसत्व के फाउंडर व टूर्नामेंट कमेटी के अध्यक्ष आर.के.सिन्हा ने दी। उन्होंने बताया कि दोनों सेमीफाइनल मैच पूरे हो गए है। फाइनल में राज एफसी टिकारी और एफसी मंझौली के बीच खिताबी मुकाबला होगा।

गौ पालन व डेयरी व्यवसायिक का प्रशिक्षण संपन्न

वज़ीरगंज। प्रखंड के विशुनपुर गांव में शुक्रवार को पांच दिवसीय गौ पालन व डेयरी व्यवसायिक प्रशिक्षण शिविर का समापन किया गया। इस प्रशिक्षण में क्षेत्र के विभिन्न गांवों की 25 महिलाएं व 25 पुरुष शामिल हुईं। पांच दिवसीय प्रशिक्षण में उन्हें गौ पालन व डेयरी प्रबंधन से लेकर वित्तीय सहायता प्राप्त करने तक की जानकारी दी गई। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम कृषि विज्ञान केंद्र मानपुर के वरीय वैज्ञानिक मनोज कुमार राय, डॉ अनिल कुमार एवं एनएएसपी फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड के नीति रंजन प्रताप द्वारा दिया गया। मौके पर पंजाब नेशनल बैंक एवं भारतीय स्टेट बैंक वजीरगंज के शाखा प्रबंधक भी मौजूद थे।

कार्यशैली पर जताई नाराजगी

करायपरसुराय। प्रखंड के मुखियाओं ने मनरेगा के कार्यक्रम पदाधिकारी की कार्यशैली के प्रति नाराजगी जाहिर करते हुए पूर्व एमएलसी राजू यादव की अगुवाई में डीपीओ को ज्ञापन सौंपा है। मकरौता पंचायत के मुखिया सत्येंद्र कुमार, डियावां पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि सोनू सिंह, मखदुमपुर पंचायत मुखिया दिनेश चौधरी, मुखिया प्रतिनिधि खालिद अहमद, सांध पंचायत के मुखिया वीरेंद्र कुमार आदि ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा है कि किसी भी पंचायत में वित्तीय वर्ष 2021- 2022 से 2024- 2025 तक एक भी पक्का कार्य पीपीसी, फेवर ब्लॉक एवं पक्का नाली का कार्य नहीं हुआ है।

डॉ. करुणा और प्रशांत बने 20 सूत्री के मेंबर

गया। राज्य सरकार द्वारा गठित जिलास्तरीय 20 सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति में भाजपा के दो विभिन्न प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष को जगह मिली है। शुक्रवार को इसकी अधिसूचना जारी की गई है। भाजपा महिला मोर्चा की गया जिलाध्यक्ष डॉ. करुणा सिंह और ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष प्रशांत कुमार को सदस्य मनोनीत किए जाने पर भाजपा कार्यकर्ताओं में काफी खुशी का माहौल है। खासकर जिले के महिलाओं में इस बात को लेकर काफी ख़ुशी है कि सरकार का ध्यान महिलाओं के सशक्तिकरण पर है। महिला मोर्चा व ओबीसी मोर्चा ने इसके लिए राज्य सरकार, भाजपा के शीर्ष नेतृत्व व सभी कार्यकर्ताओं के प्रति आभार जताया है। डॉ. सिंह और श्री कुमार ने कहा है वे इस नए दायित्व को निष्ठापूर्वक और पूरी ईमानदारी से निभाएंगे।

एमयू पीजी सत्र 2023-25 में नामांकन के लिए खुला पोर्टल

बोधगया। मगध विश्वविद्यालय एवं इसके अधीनस्थ अंगीभूत महाविद्यालय के स्नातकोत्तर सत्र 2023 - 25 में नामांकन के लिए ऑन लाइन आवेदन करने हेतु फिर से नामांकन पोर्टल खोल दिया गया है। उक्त जानकारी अध्यक्ष छात्र कल्याण प्रो ब्रजेश राय ने दी। उन्होंने कहा कि छात्र हित को ध्यान में रखते हुए 12 अगस्त से 17 अगस्त तक विद्यार्थी मगध विश्वविद्यालय के नामांकन पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं। पूर्व में आवेदन कर चुके विद्यार्थियों को फिर से आवेदन नहीं करना है।

चहक कार्यक्रम का समापन, विद्यार्थियों ने बनाई रंगोली

करायपरसुराय। प्राथमिक विद्यालय सिरहंटा में बीते तीन माह से चल रहे चहक कार्यक्रम का शनिवार को समापन किया गया। इस अवसर पर केक भी कांटे गए। मौके पर चहक कार्यक्रम के नामित शिक्षक धीरज कुमार ने बताया कि सभी प्रारंभिक विद्यालयों में वित्तीय वर्ष 2024 - 2025 के लिए 3 माह चहक कार्यक्रम चलाया गया। चहक यानी चिल्ड्रन हैप्पीनेस इन एंबियंस एंड एक्वायरिंग नॉलेज'' बिहार सरकार का ड्रीम प्रोजेक्ट है। जिसमे हर वित्तीय वर्ष में नवनामांकित बच्चों को सामाजिक, पारिवारिक, पर्यावरण जागरूकता एवं व्यवहारिक रूप से तैयार किया जाता है। साथ ही बच्चों को विद्यालय से जोड़न के लिए उन्हें गांव घर जैसा माहौल दिया जाता है । ताकि बच्चों के मन से विद्यालय के प्रति डर को समाप्त किया जा सके। तय यह कार्यक्रम तीन भागों में चला। इस दौरान करीब 140 गतिविधियां और 3 चहकोत्सव कार्यक्रम हुए।चहकोत्सव कार्यक्रम में छात्र शिक्षक संग अभिभावक संगोष्ठी का भी आयोजन किया जाता है। दो दिन बाद संगोष्ठी का आयोजन होगा। इस अवसर पर प्रभारी प्रधानाध्यापक अनिल कुमार, रसोइया छोटू प्रसाद, रसपतिया देवी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

शब्दवीणा के राष्ट्रीय कवि सम्मेलन में विभिन्न प्रांतों के रचनाकारों ने पढ़ीं एक से बढ़ कर एक कविताएं

निज संवाददाता। गया

राष्ट्रीय साहित्यिक-सह-सांस्कृतिक संस्था 'शब्दवीणा' की दिल्ली प्रदेश समिति द्वारा आयोजित एक राष्ट्रीय कवि सम्मेलन "कवियों का संसारः सावन की बहार" में शब्दवीणा की बिहार, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, पश्चिम बंगाल, कर्नाटक, गुजरात, राजस्थान, गुजरात, तेलंगाना, झारखंड, दिल्ली, गोवा आदि विभिन्न प्रदेश एवं जिला समितियों से उपस्थित पदाधिकारियों एवं अन्य रचनाकारों ने मनभावन सावन पर एक से बढ़कर एक रचनाएँ पढ़ीं। कवि सम्मेलन का शुभारंभ शब्दवीणा की संस्थापक-सह-राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रो डॉ रश्मि प्रियदर्शनी द्वारा स्वरचित सरस्वती वंदना "ज्ञान दे, सुर-तान दे, माँ शारदे वरदान दे" से हुआ। तत्पश्चात कोलकाता से जुड़े शब्दवीणा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष-सह-राष्ट्रीय संयोजक कौशल किशोर त्रिवेदी ने कवि सम्मेलन में कार्यक्रम अध्यक्ष एवं शब्दवीणा की राष्ट्रीय कार्यक्रम समन्वयक ज्योति नारायण, मुख्य अतिथि राष्ट्रीय सचिव महावीर सिंह वीर तथा विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष कन्हैयालाल मेहरवार एवं उपस्थित शब्दवीणा के सभी पदाधिकारियों एवं रचनाकारों का स्वागत किया। श्री त्रिवेदी ने हिन्दी साहित्य, भारतीय संगीत एवं ललित कलाओं के उत्थान में संस्था की स्वस्थ तथा सक्रिय प्रतिबद्धता की चर्चा करते हुए संस्था की संस्थापक सह राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ रश्मि के नेतृत्व में संस्था के तेजी से होते सांगठनिक प्रचार-प्रचार पर हर्ष व्यक्त करते हुए शब्दवीणा परिवार के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कवि सम्मेलन में शब्दवीणा बिहार से राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ प्रियदर्शनी, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष कन्हैया लाल मेहरवार, राष्ट्रीय उप संगठन मंत्री पंकज मिश्रा, राष्ट्रीय प्रचार मंत्री डॉ. रवि प्रकाश, प्रो सुनील कुमार उपाध्याय, जैनेन्द्र कुमार मालवीय, अनामिका अनु, विनोद बरबिगहिया, मानसी सिंह एवं चाँदनी बसोया, उत्तर प्रदेश से अनुराग सैनी मुकुंद, अनुराग दीक्षित, रीतू पांडेय, अमिता गुप्ता नव्या एवं ग़ज़लकार राम देव शर्मा 'राही', अमिता गुप्ता, मध्य प्रदेश से वरिष्ठ कवि अनंग पाल सिंह भदौरिया 'अनंग' एवं संगठन मंत्री कर्नल गोपाल अश्क़, उत्तराखंड से राष्ट्रीय सचिव महावीर सिंह वीर, तेलंगाना से ज्योति नारायण, पश्चिम बंगाल से हीरा लाल साव, कर्नाटक से सुनीता सैनी गुड्डी, विजेंद्र सैनी, ब्रजेन्द्र मिश्र ज्ञासु, निगम राज, एवं संध्या निगम, गोवा से राष्ट्रीय राष्ट्रीय साहित्य मंत्री वंदना चौधरी, राजस्थान से मीना रावलानी, गुजरात से नंदकिशोर जोशी, दिल्ली प्रदेश से राष्ट्रीय संगठन मंत्री डॉ. संतोष संप्रीति, आशा दिनकर, डॉ. विभा जोशी, रजनी बाला एवं शिव कुमार शिव आदि ने काव्य पाठ किया। महावीर सिंह 'वीर' के मुक्तक "हर भाई के कर में राखी, मस्तक रोली चंदन है। फिर भी, बहनें सहमी- सहमी, अंतर्मन में क्रंदन है।। जिस दिन मेरे भारत की, हर बहन सुरक्षित हो जाए; मैं उस दिन समझूंगा मेरे देश में रक्षाबंधन है" पर खूब वाहवाहियां लगीं। अनंग पाल सिंह भदौरिया 'अनंग' की "बादलों की छुअन सा, अहसास सांसों में बसाये। गगन में फिर वही चिर परिचित लुभावन जलद छाये", डॉ. सुनील उपाध्याय की कजरी "बदरा घिरि आईल घनघोर, प्रिया बिनु डरत बा मन मोर", कर्नल गोपाल अश्क़ की "तुझ से दूर हर पल यादों की बौछार होती है। पीड़ा से जन्म जिसका, वो शै प्यार होती है", निगम राज़ की "लहराई है चपल चांदनी, घड़ी है उसके आवन की। उल्लसित हैं पवन, झकोरे, झड़ी लगी है सावन की, संध्या निगम की "सावन में छाई कारी बदरिया, रिमझिम पड़त फुहार रे", पंकज मिश्र की "मीत है सावन, प्रीत है सावन", आशा दिनकर की "आया सावन झूम के, रिमझिम बरसत मेह, मधुर-मधुर मौसम हुआ, उमड़त मन में नेह", डॉ. संतोष संप्रीति की "रिमझिम रिमझिम नन्ही बूँदें सावन की, अँखियाँ देखें राह पिया घर आवन की", वंदना चौधरी की "पीकर जिसने विष का प्याला, तीन लोक के कष्ट हरे...ऐसा मेरा महादेव, वंदन मेरा स्वीकार करे", विनोद बरबिगहिया की "समय सावन का, मधुर लगे बदरा की बोली", तथा डॉ. रश्मि प्रियदर्शनी की, "हवा बहकी, फ़िज़ा महकी, मचलने लग गया सावन" एवं "सुनो सहेली सावन आया, मनमोहक, मनभावन आया" सुनकर सभी झूम उठे। कन्हैयालाल मेहरवार के 'तुमने ही चाहा था मुझको, तुमने ही बिसराया है' सुनकर मंच मंत्र मुग्ध हो गया। कार्यक्रम अध्यक्ष ज्योति नारायण की "मातृभूमि की मिट्टी सबसे पावन है, नंदन वन है यही इन्द्र का कानन है। यहाँ सभी ऋतुओं का नर्तन होता है, फागुन खिलते फूल, बरसता सावन है" तथा अनुराग सैनी मुकंद की "विघ्न पर धैर्य रखो, धैर्य से प्रताप जागे। धैर्य के शौर्य ही अब विघ्न को हरायेंगे" पर खूब तालियाँ बजीं। शब्दवीणा प. बंगाल उपाध्यक्ष हीरालाल साव की "दुश्मनी से बाज वो आते नहीं, दोस्ती हम करें तो कब तलक। धैर्य की सीमाएं हद से पार हैं, अब न जागोगे तो जागोगे कब तलक", सुनीता सैनी गुड्डी की "दुनिया से न्यारे मेरे चारों री बीरा, शत्रु, भरत, लछमन, रघुबीरा", विजेंद्र सैनी की "इस कवि सम्मेलन से कुछ, संस्कृति-संस्कार लेके जाइये। आपस में जो घट चुका, वो प्यार लेके जाइये", नंद किशोर जोशी की "सागर है गमों का, जिसका नहीं कोई किनारा। बेसहारा सा हो गया हूं, अब नहीं कोई सहारा", मीना रावलानी की "ज़रा दूर से देखना ज़ख्म जरा गहरा है" को भी श्रोताओं की खूब सराहना मिली। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहीं प्रतिष्ठित कवयित्री ज्योति नारायण ने शब्दवीणा के राष्ट्रीय कवि सम्मेलन को अद्भुत तथा अविस्मरणीय बताते हुए डॉ. रश्मि और समस्त शब्दवीणा परिवार को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने शब्दवीणा के भविष्य को अत्यंत शानदार तथा गौरवपूर्ण बताया। कार्यक्रम के समापन पर धन्यवाद ज्ञापन संस्था की दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष आशा दिनकर ने किया।

जहानाबाद के युवक की सड़क हादसे में मौत

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा में इस्लामपुर जहानाबाद मुख्य मार्ग पर सड़क हादसे में बाइक सवार एक युवक की देर रात मौत हो गई। मामला इस्लामपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत मवेशी हाट के समीप की है। मृतक की पहचान जहानाबाद जिले के हुलासगंज थाना क्षेत्र के बेतौली जगतपुर मठ निवासी स्वर्गीय फेकन राम के (34) वर्षीय पुत्र छोटू राम के रूप में की गई है। रविवार की सुबह परिजन शव के पोस्टमार्टम को लेकर बिहार शरीफ सदर अस्पताल पहुंचे हैं।

इलाज के दौरान मौतः घटना के संबंध में ममेरे भाई जितेन्द्र कुमार ने बताया कि हलवाई का काम कर छोटु राम इस्लामपुर से अपनी बाइक से शनिवार की शाम घर लौट रहे थे। इसी बीच मवेशी हाट के समीप अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। इससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें इस्लामपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। वहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

क्या बोले परिजनः परिजनों ने बताया कि पुलिस से सूचना प्राप्त हुई। इसके बाद वे लोग आनन-फानन में इस्लामपुर पहुंचे। वहां प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में छोटू राम का शव पड़ा हुआ था। शव को देख परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। वहीं, इस मामले में इस्लामपुर थानाध्यक्ष संजीव कुमार ने बताया कि सड़क हादसे में जख्मी युवक को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां उसकी मौत हो गई। मौत की पुष्टि के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिहार शरीफ सदर अस्पताल भेज दिया गया है।

पिंडदान को आने वाले तीर्थयात्रियों ने शुरू की होटल बुकिंग

निज संवाददाता। गया

♦ 17 सितंबर से पितृपक्ष मेला, होटल मालिकों ने कहा- हर दिन दूसरे राज्यों के लोग रहे कॉल

पूर्वजों के पिंडदान के निमित 17 सितंबर से विश्वविख्यात पितृपक्ष मेला शुरू होने जा रहा है। इस मौके पर देश-विदेश से आने वाले तीर्थयात्रियों ने अभी से ही एकोमेडशन (आवासन, ठहरने) की प्लानिंग तेजी से शुरू कर दी है। इस बात का प्रमाण शहर में संचालित होने वाले होटल प्रबंधन से मिलने लगे हैं। हर एक छोटे-बड़े होटल में लोगों ने अपने हिसाब से रूम की बुकिंग शुरू कर दी है। कोई 3, तो कोई 7, 10 और 17 दिनों के लिए होटल बुक कर रहे हैं। होटल मालिकों कहना है कि ऑनलाइन क्वेरी प्रतिदिन बड़ी संख्या में दूसरे प्रदेश के लोग कर रहे हैं। इनमें राजस्थान, मध्यप्रदेश, छतीसगढ़, हरियाणा और दिल्ली के तीर्थयात्री ज्यादा हैं।

15 दिनों से होटलों में आ रहे कॉलः स्टेशन रोड स्थित आजातशत्रु होटल के डायरेक्टर निशांत सिंह ने कहा कि तीर्थ यात्रियों के फोन कॉल्स और ऑनलाइन क्वेरी बीते 15 दिनों से जारी है। कई तीर्थ यात्री तमाम तरह की जानकारी ले रहे हैं। होटल के रूम रेंट और कॉम्प्लिमेंटरी ट्रीट के अलावा वे यह भी जानना चाहते हैं कि होटल से विष्णुपद मन्दिर कितना दूर है। प्रेतशिला की दूरी कितनी है। विष्णुपद से अक्षयवट की दूरी कितनी है। इन स्थानों पर जाने के साधन क्या हैं।

मौसम का भी अंदाजा ले रहे यात्रीः यही नहीं तीर्थयात्री यह भी जानना चाह रहे है कि 17 सितंबर के आसपास मौसम का मिजाज गया में कैसा रहता है। इसके अलावा कुछ एक पण्डा व पिंडदान की प्रक्रिया और उसमें होने वाले बेसिक खर्च की भी जानकारी ले रहे हैं। कई तीर्थयात्री गया जी कॉरिडोर के बारे में जानकारी ले रहे हैं। कॉरिडोर की घोषणा से भी तीर्थयात्रियों के बीच इस बार रूचि बढ़ी है। इन तमाम जानकारी के बाद वे रूम बुक कर रहे हैं। आधे से अधिक रूम बुक हो चुके हैं।

बड़ी संख्या में इस बार आना चाह रहेः मनीषा इंटरनेशनल के प्रबंधक नीतीश कुमार का कहना है कि बुकिंग तेजी से जारी है। इसके पीछे का कारण कोरोना काल की मार से लोगों का उबरना है। क्योंकि 2022 तक कोरोना था। 2023 में बड़ी संख्या में तीर्थयात्री आए पर डरे सहमे। क्योंकि उस समय तक कोरोना का शोर कुछ न कुछ था, लेकिन अब स्थित पूरी तरह से बदल चुकी है। लोग बड़ी संख्या में इस बार आना चाह रहे हैं। ऐसा फोन कॉल्स और ऑनलाइन इंक्वायरी से अंदाजा लगाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष बुकिंग बेहतर होने वाली है। क्योंकि अब तक जितनी संख्या में रूम बुक हुए हैं। वे इस बात के संकेत दे रहे हैं। अजातशत्रु और मनीषा इंटरनेशनल के प्रबंधन का कहना है कि हिंदी पट्टी प्रदेश राजस्थान, मध्यप्रदेश, छतीसगढ़ और हरियाणा और दिल्ली के तीर्थयात्री ज्यादा सम्पर्क कर रहे हैं।

स्वतंत्रता दिवस समारोह की चल रही तैयारियां, शहर की साफ-सफाई पर दिया जा रहा ध्यान

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा जिला प्रशासन ने आगामी स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। अपर समाहर्ता मंजीत कुमार ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों को विस्तृत दिशा-निर्देश दिए हैं। सोगरा उच्च विद्यालय परिसर में सुबह 9:00 बजे झंडोत्तोलन कार्यक्रम होगा। नालन्दा के प्रभारी मंत्री विजय कुमार चौधरी मुख्य कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके बाद, विभिन्न सरकारी कार्यालयों में क्रमिक रूप से झंडोत्तोलन होगा। जिसमें समाहरणालय, जिला परिषद कार्यालय और नगर निगम शामिल हैं। कुमार ने कहा कि तैयारियों में शहर की साफ-सफाई, पेयजल और बिजली की निर्बाध आपूर्ति, महादलित बस्तियों में विशेष झंडोत्तोलन कार्यक्रम और कर्मचारियों के सम्मान का विशेष प्रावधान शामिल है। अपर समाहर्ता ने अग्निशमन व्यवस्था, ट्रैफिक प्रबंधन और सुरक्षा इंतजामों पर भी विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। मौसम विभाग की चेतावनी को ध्यान में रखते हुए, कुमार ने कहा कि अतिरिक्त सावधानी बरतनी होगी। हमें अलर्ट मोड में रहना होगा।

कब कहां होगा झंडोत्तोलनः

ट्रैफिक प्रबंधन का भी हो रहा इंतजाम

मुख्य समारोह स्थल (सोगरा उच्च विद्यालय परिसर)- 9:00 बजे सुबह, नालंदा समाहरणालय- 9:45 बजे सुबह, जिला परिषद कार्यालय -10:00 बजे सुबह, जिला ग्रामीण विकास अभिकरण 10:10 बजे सुबह, अनुमंडल कार्यालय बिहारशरीफ 10 :15 बजे सुबह, गृहरक्षा वाहिनी कार्यालय 10 :25 सुबह, बिहारशरीफ नगर निगम 10:40 सुबह, बिहारशरीफ थाना परिसर 10:50 बजे सुबह, कारगिल पार्क में श्रद्धांजलि और माल्यार्पण 11:10 बजे सुबह पुलिस लाइन बिहार शरीफ में 11:25 बजे सुबह।

शहर की प्रमुख सड़कों पर से हटाया गया अतिक्रमण

निज संवाददाता। गया

गया शहरी क्षेत्र में शनिवार को व्यापक स्तर पर अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत जीबी रोड, केपी रोड, कोतवाली थाना से टावर चौक होते किरानी घाट एवं काशीनाथ मोड़ से पीरमंसूर तक की मुख्य सड़क को अतिक्रमण मुक्त किया गया। यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने के लिए कोतवाली व सिविल लाइन थाना क्षेत्र में अभियान चलाकर सड़क किनारे लगी दुकान व वाहनों को हटाया गया।

एएसपी नगर पारसनाथ साहू के नेतृत्व में चलाए गए इस अभियान में कोतवाली थानाध्यक्ष आशीष कुमार मिश्रा, सिविल लाइन थानाध्यक्ष मो. शमीम अहमद व बड़ी संख्या में दोनों थाना के पुलिसकर्मी शामिल थे। एसएसपी आशीष भारती ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य यातायात व्यवस्था को और अधिक सुगम और सुरक्षित बनाना है, जिससे आम जनता को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। इस अभियान में कोतवाली थाना से केपी रोड (सब्जी मंडी) तक, कोतवाली थाना चौक से टावर चौक होते हुए किरानी घाट पुल तक, सिविल लाइन थाना से पीर मंसूर चौक तक, जीबी रोड तथा अन्य जगहों पर अतिक्रमण हटाने का व्यापक अभियान चलाया गया। साथ ही इस अभियान के दौरान अतिक्रमणकारियों को हटाने के साथ-साथ उन्हें भविष्य में अतिक्रमण न करने के लिए जागरूक भी किया गया।

ईंटखोरी न सिर्फ हिंदुओं, बल्कि बौद्ध और जैन धर्म का है महत्वपूर्ण केंद्र

निज संवाददाता। बोधगया

मगध विवि के प्राचीन भारतीय एवं एशियाई अध्ययन विभाग के सभी प्राध्यापकों तथा पुरातत्वविदों की टीम द्वारा झारखंड के ऐतिहासिक बौद्ध स्थल इटखोरी का सर्वेक्षण एवं शैक्षणिक भ्रमण किया गया। यह सर्वेक्षण विभागाध्यक्ष डॉ सत्येन्द्र कुमार सिन्हा एवं प्राचीन भारतीय एवं एशियाई अध्ययन विभाग के वरिष्ठ प्राध्यापक प्रो सुशील कुमार सिंह के नेतृत्व में किया गया। पुरातत्वविदों के अनुसार इटखोरी एक प्राचीन बौद्ध पुरातात्विक स्थल है, जहां से कई प्राचीन दुर्लभ बौद्ध प्रतिमाएं तथा अन्य पुरातात्विक महत्त्व की वस्तुएं प्राप्त हुई हैं। यहां पर भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण, भारत सरकार द्वारा वर्ष 2011 से 2013 के दौरान पुरातात्विक उत्खनन कराया गया था, जिसके फलस्वरूप पाल कालीन प्राचीन बौद्ध स्तूप एवं बौद्ध विहारों के अवशेष बड़ी संख्या में प्राप्त हुए, जिसे वर्तमान समय में यहां अवस्थित एक संग्रहालय में संगृहीत कर आम लोगों के दर्शनार्थ रखा गया है। इस संग्रहालय को यहां के मां भद्रकाली मंदिर न्यास समिति द्वारा संचालित किया जाता है। पुरातत्वविदों का कहना है कि इस पुरातात्विक स्थल से प्राचीन बौद्ध देवी तारा की पाषाण प्रतिमा भी प्राप्त हुई थी, जिसे स्थानीय लोग मां भद्रकाली देवी के रूप में पूजा करते हैं। इसके अलावे एक दुर्लभ बौद्ध उद्देशिक स्तूप भी यहां स्थित है जिस पर सहस्त्र बुद्ध का अंकन है। साथ ही इसमें बुद्ध को चार मुद्राओं यथा, धर्मचक्र प्रवर्तन मुद्रा, भूमिस्पर्श मुद्रा, ध्यान मुद्रा एवं अभय मुद्रा में दर्शाया गया है, जबकि इसकी पूजा स्थानीय लोग शिवलिंग के रूप में करते हैं। इस पर पुरातत्वविदों द्वारा चिंता व्यक्त करते हुए कहा गया कि यह इतिहास को दिग्भ्रमित करने का मामला है। बौद्ध धर्मावलंबियों का मानना है कि महात्मा बुद्ध अपने ज्ञान प्राप्ति से पूर्व इटखोरी में ठहरे थें। मगध विश्वविद्यालय के पुरातत्वविदों द्वारा पूरे स्थल का सर्वेक्षण करते हुए बताया गया कि यह स्थल न केवल हिन्दू, बल्कि बौद्ध और जैन धर्मों का भी महत्वपूर्ण केंद्र प्रतीत होता है एवं यह प्राचीन काल से ही भारत की समन्वित संस्कृति का एक महत्वपूर्ण केंद्र रहा है जिसका व्यापक स्तर पर गहन अन्वेषण एवं पुरातात्विक उत्खनन कर एक ऐतिहासिक पर्यटक स्थल के रूप में विकसित किया जा सकता है। इस संदर्भ में राज्य सरकार एवं भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण तथा विभिन्न सम्बंधित विभागों को इस पुरातात्विक स्थल के संरक्षण हेतु कार्यवाही किये जाने की आवश्यकता है।

न्यूज बाइट्स

वधु परिचय समारोह का आयोजन

नवादा (नि.सं.)। जिला तैलिक साहू सभा के द्वारा नवादा के सेलिब्रेशन होटल के प्रांगण में तैलिक साहू वर वधु परिचय सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का अध्यक्षता नवादा जिला तैलिक साहू सभा के अध्यक्ष जितेंद्र कुमार और मंच संचालन जिला महामंत्री अरविंद कुमार गुप्ता ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नवादा मुख्य पार्षद पिंकी कुमार एवम बिहार प्रदेश उपाध्यक्ष संजय साव रहे। नवादा जिला प्रभारी श्री छोटन साहू एवम साहू समाज के वरिष्ठ समाजसेवी उपेंद्र कुमार विभूति के देख रेख में संपन्न हुआ। सर्व प्रथम साहू समाज के कुल देवता बाबा नायक जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित एवम द्वीप प्रज्वलित कर शुभ प्रारंभ किया गया। कार्यक्रम में सभी अतिथियों को पुष्प गुच्छ, माला और अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इस वर वधु परिचय कार्यक्रम में नवादा जिला के साथ बिहार के अन्य जिला एवम दूसरे राज्य का भी साहू बंधु अपना बेटा या बेटी की शादी के योग्य वर वधु के लिए आए और कार्यक्रम में समलित हुए। कार्यक्रम में 250 दो सौ पचास शादी योग्य युवक युवती अपना बायोडाटा, फोटू के रजिस्ट्रेशन हुआ। सभी अविभावक गण अपना बेटा, बेटी के साथ मंच पर बारी बारी से आकर अपना परिचय दिए, मुख्य अतिथि पिंकी कुमारी ने कहा कि यह कार्यक्रम से साहू समाज को बेटा बेटी के शादी करने में लाभ मिलेगा। मुख्य अतिथि संजय साव ने कहा कि आज जो यह वर वधु परिचय कार्यक्रम हुआ यह एक ऐतिहासिक कार्यक्रम है। जिला प्रभारी छोटन साव ने कहा की इस कार्यक्रम का जितना प्रांशसा किया जाय वह कम है, बिहार प्रदेश तैलिक साहू सभा की ओर से नवादा जिला तैलिक साहू सभा को हार्दिक धन्यवाद देता हूं। उपेंद्र कुमार विभूति ने कहा की तेली जाति के हम लोग एकजुट रहेंगे तो आगे हमलोग सामाजिक क्षेत्र से लेकर राजनीति क्षेत्र में भी आगे जायेगें। जिला अध्यक्ष जितेंद्र कुमार ने कहा की नवादा जिला तैलिक साहू सभा हमेशा समाज का उन्नति के लिए कार्य करता रहा है और आगे भी करता रहेगा, जिला महामंत्री अरविंद कुमार गुप्ता ने कहा की यह वर वधु कार्यक्रम को सफल करने के लिए हमलोग एक महीना से जिला के हर प्रखंड बाजार में जाकर साहू बंधु का बैठक कराकर अधिक से अधिक शादी योग्य युवक युवती को लाने का आग्रह किया गया, आज उसी का प्रतिफल है की इस कार्यक्रम में 250 दो सौ पचास रजिस्ट्रेशन हुआ और लगभग 500 पांच सौ साहू महिला पुरुष उपस्थित हुआ। कार्यक्रम में सभी युवक युवती एवम उनके अभिभावक को नवादा साहू समाज के द्वारा डायरी और कलम देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में कई लड़का, लड़की वाला एक दूसरे को पसंद भी किया। और सबसे बड़ी बात यह रहा की कई लड़का पक्ष के लोग दहेज मुक्त शादी करने का मंच से घोषणा किया। लगभग कई लड़का, लड़की जो संबध विच्छेद या विधवा विधुर भी आया और अपना रजिस्ट्रेशन कराकर फिर शादी करने का बात रखा और अपने लिए सुयोग्य वर और वधू के लिए समाज से प्रयास करने को आह्वान किया। कार्यक्रम में समाजसेवी वजीर प्रसा, मुरारी मनोहर, नीतू रानी सिन्हा, सुरेंद्र कुमार, प्रो ओमप्रकाश गुप्ता, संदीप कुमार चुन्नू, सतेंद्र प्रसाद भी ने अपना विचार प्रकट किया। कार्यक्रम में नवादा जिला तैलिक साहू सभा के सभी प्रखंड अध्यक्ष, प्रखंड महामंत्री सहित जिला अध्यक्ष जितेंद्र कुमार, महामंत्री अरविंद कुमार गुप्ता, कोषाध्यक्ष बिनोद कुमार एल आई सी, रौशन कुमार आर्य, हीरा लाल साव, प्रदीप कुमार, रंजित कुमार, अरुण कुमार शिक्षक, लखी मुखिया, नंद किशोर साव, शिव दास , कृष्णा साव, पंकज साव, अमोद साव, शंभू साव, अनिता देवी, नितुरानी सिन्हा, स्नेहलता देवी इत्यादि कार्यक्रता कार्यक्रम को सफल बनाने में लगे रहे।

अपने-अपने घरों पर तिरंगा जरूर लगायें: गगन

रजौली (नवादा) (नि.सं.)। प्रखंड मुख्यालय में भाजपा मंडल अध्यक्ष गौरव शांडिल्य गगन के नेतृत्व में आजादी के अमृत महोत्सव के तहत भव्यता के साथ तिरंगा यात्रा निकाली गई। मंडल अध्यक्ष गौरव शांडिल्य गगन ने बताया कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर हर-घर तिरंगा यात्रा कार्यक्रम के मद्देनजर रजौली में भाजपा कार्यकर्ताओं ने उत्साह के साथ मोटरसाइकिल से हाथ में तिरंगा लिये रजौली के विभिन्न पंचायतों का भ्रमण किया। तिरंगा यात्रा में सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ताओं ने बजरंगबली चौक स्थित भाजपा कार्यालय से तिरंगा यात्रा की शुरूआत कर विभिन्न पंचायतों का भ्रमण कर भाजपा कार्यालय पहुंचकर कार्यक्रम का समापन किया। तिरंगा यात्रा में रास्ते में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा भारत माता की जय, वंदेमातरम के जयघोष के साथ गुंजायमान कर दिया। मंडल अध्यक्ष गगन ने बताया कि हम सभी देशप्रेमी अपने यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर 9 अगस्त से 15 अगस्त तक अपने-अपने घरों में तिरंगा जरूर लगाये एवं harghartiranga.com पर अपना सेल्फी ले अपलोड करे। साथ ही अपने इर्द-गिर्द घरों पर भी तिरंगा लगाने के लिए लोगों को कहे। इस कार्यक्रम के पीछे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का सोच देशभक्ति एवं राष्ट्र भक्ति के भाव को और तीव्र करना है। पूरे देश में 30 करोड़ लोगों के बीच तिरंगा झंडा वितरित कराना और 9 अगस्त से 15 अगस्त के बीच परिवार के छोटे सदस्यों से झंडोत्तोलन कराना भाजपा कार्यकर्ताओं का लक्ष्य है। इस मौके पर मुख्य पार्षद प्रतिनिधि सह जिला प्रवक्ता प्रमोद कुमार, वरिष्ठ नेता संजय कुमार अधिवक्ता, जिला कार्यसमिति सदस्य रंजन कुमार बब्लू, मंडल महामंत्री संतोष कुमार वर्मा, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष अमन कुमार, अनुसूचित मोर्चा जिलाध्यक्ष विमल राजवंशी, किसान मोर्चा जिला मंत्री पवन कुमार, राहुल पांडेय, देवेन्द्र प्रसाद दीवान,मंडल उपाध्यक्ष धनंजय कुमार, वीरेन्द्र प्रसाद, सुरेन्द्र सिंह, मनीष कुमार, आकाश कुमार के अलावे सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

शराब के नशे में रहे 16 शराबी धराए

रजौली (नवादा) (नि.सं.)। थाना क्षेत्र के समेकित जांच चौकी पर झारखंड की ओर से आने वाले विभिन्न वाहनों से 16 शराबियों को उत्पाद विभाग की टीम ने पकड़ लिया है। उत्पाद अधीक्षक अरुण कुमार मिश्र ने बताया कि बिहार में पूर्ण शराबबंदी को सफल बनाने को लेकर समेकित जांच चौकी पर प्रत्येक दिन 24 घंटे उत्पाद विभाग की टीम के द्वारा छोटी व बड़ी यात्री व मालवाहक वाहनों की सघन जांच की जाती है। जिसका नेतृत्व उत्पाद अवर निरीक्षक सनी कुमार के द्वारा किया जा रहा है। शनिवार की रात्रि से लेकर रविवार की सुबह भी जांच चौकी पर तैनात उत्पाद पुलिस टीम के द्वारा झारखंड की ओर से आने वाली वाहनों की जांच की जा रही थी। इसी दरम्यान झारखंड से शराब पीकर आ रहे अलग-अलग वाहनों से 16 शराबियों को हिरासत में लिया गया। जिनकी ब्रेथ एनालाइजर मशीन से जांच होने के बाद शराब पिए हुए होने की पुष्टि हुई। फलस्वरूप सभी लोगों को कब्जे में लेकर उत्पाद विभाग के नियमानुसार रविवार को नवादा मजिस्ट्रेट के समक्ष पुलिस बलों के सहयोग से पेश किया गया। समेकित जांच चौकी पर वाहन जांच के मौके पर उत्पाद एएसआई धीरज लाल पंचम के अलावे दर्जनों उत्पाद सिपाही, सैप बल एवं होमगार्ड के जवान मौजूद थे।

भाजपा मंडल कार्य समिति की बैठक संपन्न, आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय

निज संवाददाता | बिक्रमगंज (रोहतास)

रविवार को भारतीय जनता पार्टी नगर एवं ग्रामीण मंडल विस्तृत कार्य समिति की बैठक बिक्रमगंज में वीर कुंवर सिंह महाविद्यालय के प्रांगण में संपन्न हुई जिसकी अध्यक्षता नगर अध्यक्ष नागेश्वर कुशवाहा एवं संचालन ग्रामीण अध्यक्ष सुनील कुमार सिंह ने की। कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत दल के पुरोधा डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के तैल चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर श्रद्धा सुमन अर्पित की गई ।तत्पश्चात सभी अतिथियों का फूल माला एवं अंग वस्त्र से स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। बैठक के मुख्य अतिथि जिला के महामंत्री एवं विधानसभा के प्रभारी विजय सिंह ने दल के आगामी कार्यक्रम की रूपरेखा अपने कार्यकर्ताओं के समक्ष रखा। किसान मोर्चा महिला मोर्चा भारत माता एवं महापुरुषों की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि किया गया।आयोजन कर्ता अनुसूचित जाति मोर्चा, अति पिछड़ा मोर्चा महिला मोर्चा एवं मूल पार्टी के कार्यकर्ता रहे। यह भी बतलाया गया कि 14 अगस्त 2024 को विभाजन दिवस का स्मृति दिवस सासाराम जिला मुख्यालय पर मनाया जाएगा। हर घर तिरंगा 13 अगस्त से 15 अगस्त तक बूथ अध्यक्ष के नेतृत्व में कार्यक्रम को संपन्न कराया जाएगा। तिरंगा यात्रा का आयोजन भारतीय जनता युवा मोर्चा के तत्वाधान में होगा। विधानसभा के संयोजक अखिलेश पांडे ने लोकसभा चुनाव की समीक्षा करते हुए तीसरी बार मोदी सरकार बनने पर जनता के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त की। मंडल कार्य समिति की बैठक में कला संस्कृति प्रकोष्ठ केशव जी, संयोजक राकेश शर्मा, पूर्व जिला अध्यक्ष मदन वैश्य, पैक्स अध्यक्ष बबन पांडेय, महामंत्री गौतम तिवारी, रवि कुमार भास्कर, अध्यक्ष अनुसूचित जाति मोर्चा रवि कुमार भास्कर, नगर महामंत्री चुन्नू सिंह, महामंत्री काशीनाथ पासवान मंडल मंत्री सत्य प्रकाश तिवारी, नगर मंत्री दो राजबली सिंह, पंचायत अध्यक्ष इंद्रदेव सिंह, शक्ति केंद्र प्रमुख देव मुनि पांडे, दिवाकर चतुर्वेदी, संकट सिंह, पूर्व नगर अध्यक्ष भोला कुमार सिंह, धर्मशिला देवी नीलम देवी, पिंटू चौधरी, चुन्नू सिंह, कौशल किशोर पांडे, कुश कुमार पांडे, विस्तारक अनिल कुमार पांडे, राजू पांडे, गोपाल कुमार, देवेंद्र कुमार, संजय तिवारी, मंतोष पांडे, मुखिया लगी कुमार, गौतम मनी, रूबी कुमारी नगर अध्यक्ष महिला मोर्चा, जिला मंत्री ज्योति प्रकाश सिंह व्यवसायिक प्रकोष्ठ के सह संयोजक सतीश कुमार कुशवाहा, बूथ अध्यक्ष पंकज कुमा, नगर मंत्री महेंद्र शाह, सहित बड़ी संख्या में वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित थे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया।

बच्चों के विवाद में भिड़े दो समुदाय, आधा दर्जन जख्मी

नवादा (नि.सं.)। जिले के अकबरपुर थाना क्षेत्र के बधना गांव में बच्चों के विवाद में दो समुदाय के लोग आपस में भिड़ गए। मारपीट में दोनों समुदाय के आधा दर्जन लोग जख्मी हो गये। जख्मी को ईलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्तीसमुदाय कराया गया है। पुलिस दोनों त्वरित कारर्वाई कर दोनों समुदाय के चार को गिरफ्तार किया है। रजौली एसडीपीओ गुलशन कुमार ने घटनाओं में की पुष्टि करते हुए बताया कि शनिवार देर शाम खेल खेल में बच्चों के बीच झगड़ा हो गया। दोनों समुदाय के लोग झगड़ा छुड़ाने पहुंच गये लेकिन दोनों गलतफहमी के शिकार हो गये। ऐसे में दोनों के बीच जमकर की मारपीट हो गयी। सूचना के आलोक में घटनास्थल पर पहुंच स्थिति का जायजा लिया। दोनों पक्षों को समझा बुझाकर स्थिति नियंत्रित किया गया।

अवैध रूप से विद्युत ऊर्जा चोरी को लेकर तीन पर प्राथमिकी दर्ज

निज संवाददाता | बिक्रमगंज (नवादा)

सूर्यपुरा थाना क्षेत्र के विभिन्न गावों मे गुप्त सुचना के आधार पर एक जाँच दल का गठन कर अवैध रूप से विद्युत ऊर्जा चोरी करने को लेकर तीन लोगो पर प्राथमिकी दर्ज कराई गयी है। कनीय विद्युत अभियंता सूर्यपुरा आनंद कुमार के द्वारा बताया गया की मीटर बाईपास कर अवैध रूप से विद्युत ऊर्जा चोरी को लेकर ग्राम-अगरेर खुर्द के नूर आलम अंसारी पर 8674, ग्राम-अंधार के जय प्रकाश दुबे पर 26983 रूपये दंडित राशि लगायी गयी है। उक्त दोनों उपभोक्ताओं के द्वारा मीटर से पहले तार मे कटिंग करके तथा मीटर बाईपास करते हुए अवैध रूप से विद्युत ऊर्जा की चोरी की जा रही थी जिसके कारण वास्तविक मान पठन अवरुद्ध हो रहा था तथा विभाग के राजस्व की क्षति हो रही थी। आगे बताते चलें की ग्राम-लखनपुरा के कन्हैया चौधरी पर बकाया राशि रहने के कारण विद्युत कनेक्शन अस्थायी रूप से काट दी गयी थी जिसके पश्चात बिना बकाया राशि तथा पुनः विद्युत संयोजन शुल्क जमा किये अवैध रूप विद्युत ऊर्जा चोरी करने को लेकर 54982 राजस्व की क्षति लगायी गयी है। सहायक विद्युत अभियंता बिक्रमगंज राज कुमार के द्वारा सभी से आग्रह किया गया है की जो भी विद्युत कनेक्शन नहीं लिए हैं वह सुविधा एप्प के माध्यम से विद्युत कनेक्शन ले लें तथा जो मीटर बाईपास कर विद्युत का उपभोग कर रहे हैं वह दुरुस्त कर ले अन्यथा जांच के दौरान बिजली चोरी पाए जाने पर विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई जाएगी। जांच दल मे क्षेत्रीय मिस्त्री अभिषेक कुमार, अमर सिंह आदि मौजूद थे।

अच्छे लोग को चुन करें विकास का मार्ग प्रशस्तः आनंद मिश्रा, जन सुराज कैंप का उद्घाटन

» आनंद मिश्रा ने उद्घघाटन कर के लोगो को संबोधित करते हुवे कहा की सभी लुटेरे नेताओ से जनता अब त्रस्त हो चुकी है।

निज संवाददाता | बिक्रमगंज (रोहतास)

बिहार को प्रगति के पथ पर ले जाने और विकसित राज्यों की कतार में लाने के लिए लोगो को अपने लोकतांत्रिक अधिकारों के प्रति जागरूक करने के लिए पिछले दो सालों से पदयात्रा कर रहे जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर के प्रचार प्रसार कैंप का कल उद्घाटन समारोह स्थानीय प्रखंड के जमोढ़ी पंचायत के धावा गांव में असम के सिंघम कहे जाने वाले जन सुराज अभियान के अहम सदस्य पूर्व पुलिस अधिकारी आनंद मिश्रा एवं जिला पार्षद प्रभाषचन्द्र सिंह मंटू सिंह के नेतुत्व में किया गया। आनंद मिश्रा ने उद्धघाटन कर के लोगो को संबोधित करते हुवे कहा की सभी लुटेरे नेताओ से जनता अब त्रस्त हो चुकी है। अब जनता के पास यही एक मौका है अच्छे लोग को चुन कर अपने विकास का मार्ग प्रशस्त करे। इसके साथ ही उन्होंने कहा की सिर्फ हंगामा खड़ा करना हमारा मकसद नहीं है, हमारी कोशिश है की सूरत बदलनी चाहिए। बिक्रमगंज के चर्चित लोकप्रिय जिला परिषद सदस्य मंटू सिंह ने कहा की ये हमारे बिहार वासियों के लिए बड़े ही सौभाग्य की बात है कि बिहार का बेटा रोहतास का लाल नए बिहार की परिकल्पना को अपने हृदय में संजोए पदयात्रा कर रहे है। अब हमारी बारी है कि उनके इस अभियान में बड़ चढ़ कर हिस्सा ले और जो नेता हमको कभी पार्टी के नाम पर तो कभी जाती के नाम पर बाटने का काम कर रहे है उनको सबक सिखाने का अब वक्त आ गया है और मिल के सामूहिक प्रयास से नया बिहार बनाने का अब समय आ गया है। कार्यक्रम में मौजूद जन सुराज के कार्यकर्ता अनीश कुमार,नील कमल पाण्डेय, अरुणिश पाण्डेय, सूरज सिंह, जीतेंद सासाराम, मनू सिंह, राकेश, आलोक संजय एवं अन्य लोग मौजूद रहें।

राष्ट्रीय मानव अधिकार मिशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष पहुंचे नौहट्टा, किया बैठक

» वही राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ महेन्द्र शर्मा ने कहा की समाज के दबे कुचले लोग जिनको न्याय नहीं मिल रहा है वे लोग हमारे यहां आवेदन देकर हमारी सहायता ले सकते है। भारत सहित अन्य देशों में भी हमारी संगठन मजबूती के साथ मानव हित में काम कर रही है।

निज संवाददाता |नौहट्टा/रोहतास

प्रखण्ड क्षेत्र के स्थानीय गांव के एक निजी हाल में राष्ट्रीय मानव अधिकार मिशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेंद्र शर्मा उपाध्यक्ष एम एस जन्मेद, उत्तरप्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष अनिल श्रीवास्तव आदि ने पहुंच कर कमिटी की बिस्तर संगठन की मजबूती, मानव अधिकार की चर्चाओं के साथ बैठक किया। कार्यकर्म की शुरुआत में दीप प्रज्वलित कर शुरुआत किया गया साथ ही आए हुए अतिथियों को फूल माला व अंगवस्त्र से सम्मानित किया गया। मौजूद संगठन के लोगो ने बारी बारी से अध्यक्ष को माला पहनाया। मंच का संचालन जिला प्रवक्ता कामेश्वर राम ने किया। वही बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष के द्वारा सभी मौजूद लोगों को मिशन की नीतियों की शपथ दिलाई गई जिसमे स्पस्ट किया गया की संविधान में उल्लेखित सभी मानव अधिकार के तहत मानव गरिमा, समता, समानता के संरक्षण हेतु सैदेव कार्य करने का शपथ ग्रहण किया। वही राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ महेन्द्र शर्मा ने कहा की समाज के दबे कुचले लोग जिनको न्याय नहीं मिल रहा है वे लोग हमारे यहां आवेदन देकर हमारी सहायता ले सकते है। भारत सहित अन्य देशों में भी हमारी संगठन मजबूती के साथ मानव हित में काम कर रही है। आप सभी आसपास के लोगों में हो रही घटना और उस से जुड़े न्याय के लिए शासन प्रशसन का मर्यादा को देखते हुए उन्हें न्याय दिलाने के लिए लोगों को जोड़े ताकि उन्हे न्याय मिल सके। उसके बाद कार्यकर्म में सभी पदाधिकारियों को सदस्यता प्रमाण पत्र एवम आईडी कार्ड बाटा गया। मौके पर संगठन के जिला अध्यक्ष डॉ संजय कुमार कुशवाहा जिला प्रभारी राजेन्द्र प्रसाद मेहता, डॉ इंद्रदेव कुमार, ददन मेहता, चन्द्र शेखर आजाद, बिहारी साह, सतेन्द्र दुबे, दिनेश प्रसाद, चंद्रदीप मेहता, महेन्द्र प्रसाद, डॉ प्रदीप कुमार, डॉ विशेश्वर सिंह, डॉ यशवंत सिंह, डॉ रामसेवक चौधरी, बलराम सिंह, डॉ अवधेश सिंह, चंदन कुमार, दारा राम, रामपुकार साह, अखिलेश मेहता, प्रमोद चंद्रवंशी, उदय नारायण सिंह, सहित कई लोग मौजूद थे।

राकापा किसान प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष बने आशुतोष

सासाराम (रोहतास) (नि.सं.)। रोहतास जिला के गौरक्षणी सासाराम के रहने वाले आशुतोष सिंह को राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी किसान प्रकोष्ठ के बिहार प्रदेश अध्यक्ष बनाए गए है।राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के दिल्ली कार्यालय से एक पत्र राष्ट्रीय अध्यक्ष अजित दादा पवार,उप मुख्यमंत्री महाराष्ट्र,के निर्देश पर और कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रफुल्ल पटेल,पूर्व केंद्रीय मंत्री,की सहमति से राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय सचिव सह बिहार पर्यवेक्षक सच्चिदानंद सिंह ने एक पत्र जारी कर सासाराम निवासी और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष सह प्रदेश मुख्य प्रवक्ता आशुतोष सिंह को प्रदेश राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी किसान का बिहार प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया है। प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी के द्वारा दी गई नई जिम्मेवारी को वह ईमानदारी पूर्वक निभाएंगे,पूरे बिहार में वह पार्टी को मजबूत करने का काम करेंगे, आशुतोष सिंह को बिहार प्रदेश अध्यक्ष बनने पर सासाराम जिला रोहतास सहित पूरे बिहार में कार्यकर्ताओ मैं हर्ष और खुशी का माहौल है।

किसानों ने देखा पीएम मोदी के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण

निज संवाददाता | कौआकोल (नवादा)

प्रखण्ड के सोखोदेवरा जेपी आश्रम परिसर अवस्थित राजेन्द्र भवन के प्रांगण में जिला के विभिन्न प्रखंडों के दर्जनों किसानों ने नई दिल्ली से आयोजित देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के एक कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा। कृषि विज्ञान केंद्र, ग्राम निर्माण मंडल सर्वोदय आश्रम सोखोदेवरा,नवादा के बैनर तले दिखाए गए सजीव प्रसारित कार्यक्रम के दौरान भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद द्वारा विकसित 109 जैव-संवर्धित एवं जलवायु अनुकूल किस्में प्रधानमंत्री के द्वारा राष्ट्र को समर्पित किया गया। वहीं कार्यक्रम के दौरान कृषि विज्ञान केंद्र के पशु वैज्ञानिक डॉ. धनंजय कुमार ने किसानों को जैव-संवर्धित प्रजातियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। जबकि गृह वैज्ञानिक डॉ. अनुज्ञा भारती के द्वारा पोषक महत्ता के बारे मे किसानों को जानकारी दिया गया। कार्यक्रम के दौरान कृषि विज्ञान केंद्र के विषय वस्तु विशेषज्ञ डॉ० शशांक शेखर सिंह, अंगद कुमार, फार्म प्रबंधक सुमिताप रंजन, कार्यक्रम सहायक अनिल कुमार, सहयोगी विकास कुमार, पिंटू पासवान, श्रवण रविदास समेत अन्य लोग मौजूद थे।

कोर्ट नोटिस

मैं कमला देवी पति- रविंद्र सिंह सा-बुधौल हिसुआ नवादा बिहार घोषणा करती हूं कि मेरे पुत्र संजीव रंजन कुमार आर्मी 14854349-H के सर्विस रिकॉर्ड में मेरी जन्म तिथि भूल से 01-01-1966 की जगह 01-01-1963 और नाम Kamla Devi की जगह Kamala Devi हो गया है।

कानून की पढ़ाई के इच्छुक छात्रों की पहली पसंद और सामाजिक सेवाओं में अग्रणी : बिहार इंस्टीट्यूट ऑफ लॉ

बिहार इंस्टीट्यूट ऑफ लॉ में मेदांता लैब ने लगाया निःशुल्क चिकित्सा शिविर

- 3000 से अधिक छात्र, शिक्षक एवं कर्मचारियों ने उठाया लाभ

निज संवाददाता |पटना

पटना के आशियाना मोड़, राजा बाजार स्थित बिहार इंस्टीट्यूट ऑफ लॉ कॉलेज न केवल अपनी उत्कृष्ट शिक्षा के लिए जाना जाता है, बल्कि समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को भी बखूबी निभाता है। यह संस्थान कानून की पढ़ाई करने वाले और कानून के क्षेत्र में करियर बनाने की इच्छा रखने वाले छात्रों की पहली पसंद बन चुका है। इस प्रतिष्ठित संस्थान ने रविवार को मेदांता लैब राजा बाजार, पटना के सहयोग से एक निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन किया, जो इसकी सामाजिक प्रतिबद्धता का जीवंत उदाहरण है।

निदेशक अरुण श्रीवास्तव का प्रेरणादायक नेतृत्व

बिहार इंस्टीट्यूट ऑफ लॉ के निदेशक अरुण श्रीवास्तव का इस शिविर के आयोजन में महत्वपूर्ण योगदान रहा। उनकी दूरदृष्टि और नेतृत्व के कारण संस्थान लगातार अपने छात्रों को न केवल अकादमिक सफलता की ओर अग्रसर कर रहा है, बल्कि उनके स्वास्थ्य और कल्याण का भी ध्यान रख रहा है। निदेशक ने इस अवसर पर मेदांता लैब राजा बाजार, पटना के निदेशक मोशिर आलम और उनकी टीम का आभार व्यक्त किया, जिन्होंने इस शिविर को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई।

शिविर की सफलता में प्रिंसिपल डॉ. अमृता की भूमिका

इस शिविर में लगभग 3000 से अधिक छात्र-छात्राओं, शिक्षकों और नॉन-टीचिंग स्टाफ ने अपने स्वास्थ्य का चेकअप कराया। प्रिंसिपल डॉ. अमृता ने इस आयोजन को सफल बनाने में अपनी अहम भूमिका निभाई। उन्होंने इस महत्वपूर्ण सेवा को संस्थान के लिए एक अनमोल अवसर बताया, जिससे छात्रों और कर्मचारियों को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होने का अवसर मिला।

विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य जांच और परामर्श

इस शिविर में गुर्दा रोग के वरिष्ठ सलाहकार डॉ. जमशेद अनवर, प्रसिद्ध गैस्ट्रो विशेषज्ञ डॉ. अमितेश कुमार, दांत विशेषज्ञ डॉ. अरशद हक़, और अखंड ज्योति आई हॉस्पिटल की डॉ. आरुषि ने अपने-अपने क्षेत्रों में विशेषज्ञता के साथ मरीजों का परीक्षण किया और महत्वपूर्ण परामर्श दिए। मेदांता लैब द्वारा 300 से अधिक लोगों का शुगर, कैल्शियम, कोलेस्ट्रॉल, यूरिक एसिड, और थाइरोइड की मुफ़्त जाँच की गई।मेदांता लैब राजा बाजार के निदेशक मोशिर आलम ने बताया कि वे इस प्रकार के निःशुल्क चिकित्सा शिविरों का आयोजन समय-समय पर विभिन्न स्थानों पर करते रहते हैं, ताकि समाज में खासकर युवाओं और महिलाओं में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाई जा सके। उन्होंने बिहार इंस्टीट्यूट ऑफ लॉ के निदेशक, प्रिंसिपल, शिक्षकों, नॉन-टीचिंग स्टाफ, और सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया, जिनकी सहायता से यह आयोजन सफल हो सका।

संस्थान की प्रतिष्ठा और समाज के प्रति समर्पण

बिहार इंस्टीट्यूट ऑफ लॉ ने इस आयोजन के माध्यम से एक बार फिर साबित कर दिया है कि यह न केवल कानून की पढ़ाई के लिए बिहार का अग्रणी संस्थान है, बल्कि समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को भी गंभीरता से लेता है। निदेशक अरुण श्रीवास्तव और प्रिंसिपल डॉ. अमृता की इस प्रेरणादायक पहल ने न केवल संस्थान की प्रतिष्ठा को और अधिक उंचाई दी है, बल्कि छात्रों और समाज में स्वास्थ्य जागरूकता फैलाने में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

शांतिपूर्ण संपन्न हुई सिपाही भर्ती परीक्षा

» सभी परीक्षार्थियों के लिए बुनियादी सुविधा उपलब्ध कराई गई है। उन्होंने सभी केंद्राधीक्षक को निर्देश दिया कि सभी परीक्षा केंद्रों पर पंखा की व्यवस्था दुरुस्त रखें जिले में कुल 22 परीक्षा केन्द्र बनाये गए हैं, जिसमें कुल परीक्षार्थियों की संख्या 10092 थी।

निज संवाददाता | नवादा

नवादा जिला के जिला पदाधिकारी आशुतोष कुमार वर्मा और पुलिस अधीक्षक अम्ब्रीष राहुल ने आज केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) परीक्षा के सफल संचालन के उद्देश्य से जिले के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का विस्तृत निरीक्षण किया। जिन केंद्रों का निरीक्षण किया गया उनमें प्रोजेक्ट कन्या इंटर विद्यालय, अभ्यास मध्य विद्यालय, ज्ञान भारती, जीवन ज्योति, कन्या इंटर विद्यालय, गांधी इंटर विद्यालय सहित कई अन्य प्रमुख केंद्र शामिल थे।निरीक्षण के दौरान, जिला पदाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने सभी केंद्राधीक्षकों, स्टैटिक मजिस्ट्रेटों और पुलिस पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि सिपाही भर्ती परीक्षा को स्वच्छ, पारदर्शी और निष्पक्ष रूप से संपन्न करने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएं। परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की अनुचित गतिविधियों को रोकने के लिए सख्त एहतियाती उपाय अपनाए गए हैं। मोबाइल फोन, ब्लूटूथ, इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों और अन्य गैजेट्स के उपयोग पर पूरी तरह से पाबंदी लगाई गई है, ताकि परीक्षा में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी न हो।

जिलाधिकारी आशुतोष कुमार वर्मा ने परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा और सुविधा के इंतजामों का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने प्रत्येक केंद्र पर सीटिंग प्लान, सीसीटीवी कैमरे, जैमर, वीडियोग्राफी और बुनियादी सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने यह भी सुनिश्चित किया कि सभी परीक्षार्थियों के लिए पेयजल, शौचालय और बैठने की उचित व्यवस्था हो। गर्मी को ध्यान में रखते हुए सभी केंद्रों पर पंखों की उचित व्यवस्था के लिए विशेष निर्देश दिए गए। जिले में इस बार कुल 22 परीक्षा केंद्र स्थापित किए गए हैं, जिनमें 10092 परीक्षार्थियों को शामिल होना था। आज की परीक्षा में 7295 परीक्षार्थियों ने हिस्सा लिया, जबकि 2797 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। प्रशासन की सख्ती और निगरानी के चलते इस बार की परीक्षा में कदाचार का कोई मामला सामने नहीं आया, जिससे परीक्षा शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई। सुरक्षा के मद्देनजर, परीक्षा के दौरान स्टैटिक दंडाधिकारी, गश्ती दल-सह-जोनल दंडाधिकारी और उड़नदस्ता दल को निरंतर निगरानी के लिए तैनात किया गया था। इन अधिकारियों ने परीक्षा केंद्रों का लगातार भ्रमण किया और सुनिश्चित किया कि परीक्षा पूरी तरह से स्वच्छ, शांतिपूर्ण और कदाचार मुक्त वातावरण में संपन्न हो। इसके साथ ही, केंद्रों पर तैनात पुलिस बल को भी सतर्क रहने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तुरंत कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए थे। इस बार की परीक्षा में प्रशासन की कड़ी निगरानी और सख्त नियमों के कारण परीक्षार्थियों में अनुशासन देखने को मिला। प्रशासन का उद्देश्य था कि सभी परीक्षार्थियों को एक समान और निष्पक्ष वातावरण में परीक्षा देने का मौका मिले, ताकि योग्य उम्मीदवारों का चयन सुनिश्चित हो सके। इसके लिए प्रशासन ने सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को पूरी तत्परता से लागू किया और परीक्षा को सफलतापूर्वक संपन्न कराया।

स्वतंत्रता दिवस को लेकर परेड का पूर्वाभ्यास शुरू, छात्रों ने लिया हिस्सा

निज संवाददाता | रजौली (नवादा)

मुख्यालय में राजकीय समारोह स्वतंत्रता दिवस की तैयारी को लेकर रविवार इंटर विद्यालय रजौली के मैदान में छात्र-छात्राओं ने पूर्वाभ्यास शुरू कर किया। इस दौरान कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, प्रोजेक्ट कन्या इंटर स्कूल, इंटर विद्यालय रजौली, कन्या मध्य विद्यालय, मध्य विद्यालय, सुभाष चन्द्र बोस आवासीय विद्यालय, सरस्वती शिशु मंदिर व उत्क्रमित मध्य विद्यालय के छात्र-छात्राएं मौजूद रही। पूर्व प्रधानध्यापक अनिल कुमार की देख-रेख में सफलतापूर्वक परेड का पूर्वाभ्यास किया गया। वहीं प्रशिक्षक के रूप में शिक्षक संजीव कुमार एवं वार्डन रेखा कुमारी भी मौजूद रही। परेड पूर्वाभ्यास के दौरान प्रोजेक्ट कन्या इंटर स्कूल के छात्राओं राष्ट्रीय गीत प्रस्तुत किया गया। पूर्व प्रधानध्यापक अनिल कुमार ने कहा कि परेड पूर्वाभ्यास तीन दिनों तक चलेगी। परेड पूर्वाभ्यास के अंतिम दिन को अनुमण्डल पदाधिकारी आदित्य कुमार पीयूष एवं अनुमण्डल पुलिस उपाधीक्षक गुलशन कुमार के द्वारा परेड पूर्वाभ्यास का निरीक्षण किया जाएगा। साथ ही गणतंत्र दिवस के दिन झंडोत्तोलन के बाद इंटर विद्यालय के मैदान सभी विभागों द्वारा सुंदर झाकियां भी प्रस्तुत की जानी है। इस मौके पर दर्जनों छात्र-छात्राएं दर्शक के रूप में भी मौजूद रहे। वहीं प्रत्येक वर्ष की भांति छात्र-छात्राओं के बीच प्रतियोगिता का आयोजन किया जाना सुनिश्चित है। आयोजित कार्यक्रम के सफल छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा।

हरियाली महोत्सव में डांडिया नृत्य एवं कजरी गीतों की रही धूम

निज संवाददाता | नवादा

कुशवाहा सेवा समिति के तत्वाधान में आयोजित सावन हरियाली महोत्सव में महिलाओं ने मिर्जापुर -नरौरा रोड में मौर्य नगर स्थित नव निर्मित कुशवाहा धर्मशाला में धूमधाम से हरियाली सावन महोत्सव मनाया।पूर्व विधायक स्व भतु महतो की धर्म पत्नी फूल कुमारी एवं कुशवाहा सेवा समिति के उपाध्यक्ष ललिता कुमारी एवं डॉ कृति सिन्हा ने संयुक्त रूप से महोत्सव का उद्घाटन किया। आयोजित हरियाली सावन महोत्सव कार्यक्रम में पहुंची महिलाओं ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। हरी साड़ियों में सजी महिलाएं अपने-अपने हाथों में एक से बढ़कर एक आकर्षक डिजाइनों में मेहंदी लगाकर हरियाली सावन महोत्सव कार्यक्रम में पहुंची थी जो कार्यक्रम को काफी खूबसूरत बना रहा था। हरियाली सावन महोत्सव में हरी साड़ी हरी चूड़ी, हरी बिंदी, हरी नेल पॉलिश से खूबसूरत, आकर्षक व मनमोहक अंदाज में सजी महिलाओं ने एक से बढ़कर एक गीतों के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। समारोह में स्कूली बच्चों ने अपनी प्रस्तुति से उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं ने बच्चों को झूला झुलाया। समारोह में वरिष्ठ महिलाओं को बुके एवं अंग बस्त्र देकर सम्मानित किया गया। हरी साड़ियों में सजी महिलाएं झूला झूलने के साथ घूम-घूम कर झूम-झूम कर नृत्य कर रही थी जो देखने में काफी खूबसूरत, आकर्षक व मनमोहक लग रहा था और हरियाली सावन महोत्सव कार्यक्रम में चार चांद लगा रहा था। समाज की महिलाओं ने बड़े ही मनमोहक अंदाज में हरियाली सावन महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन कर सावन की हरियाली का जमकर लुत्फ उठाया। समारोह के उपरांत समिति के सदस्यों ने परिसर में पौधारोपण भी किया। मौके पर दयमंन्ति देवी, सुरभि कुमारी, संजू रानी सिन्हा, नील कमल, रेनू सिन्हा, धनमनती कुमारी, स्नेहा भारती, स्नेह लता, डॉ कृति कुमारी, सहायक अभियंता कोमल भारती, कनीय अभियंता अंजली, अंशुमाला सिन्हा, अनीता कुमारी, नीलम विश्वास, अनुराधा मेहता, अंजू लता, सुरुचि कुमारी, पूनम मेहता, रीता देवी, सुमन विश्वाश, नीलम विश्वास, डॉली, सहित सैकड़ों की संख्या में महिलाये मौजूद थी

चौदह साल बाद प्राधिकार के फैसले से जगी धर्मेन्द्र को नौकरी की आस

कौआकोल (नवादा) (नि.सं.)। द्वितीय शिक्षक नियोजन 2008 से सम्बंधित अपील वाद संख्या-06/2016 में जिला अपीलीय प्राधिकार, नवादा ने महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए नवादा डीईओ को आवश्यक आदेश जारी किया है। मामला शिक्षक नियोजन इकाईं कौआकोल से जुड़ा हुआ बताया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्राधिकार के पीठासीन पदाधिकारी रूबी शरण ने डीईओ को जारी आदेश में इंडिविजुअल मामले में राज्य सरकार से मार्गदर्शन प्राप्त करते हुए वादी की नियुक्ति के मामले में निर्णय लेने का आदेश जारी किया है। इसी के साथ प्राधिकार ने उक्त अपीलवाद के निष्पादित होने की भी बात कही है। प्राधिकार के इस निर्णय के बाद लगातार चौदह वर्षों से नौकरी के लिए संघर्ष कर रहे युवा धर्मेन्द्र कुमार को शिक्षक बनने की आशा एक बार फिर से जगी है। वहीं इस आदेश के बाद कम अंक पर बहाल शिक्षक अरविंद कुमार चक्रपाणि की नौकरी प्रभावित हो सकती है।

डैम में डूबने से एक युवक की दर्दनाक हुई मौत

कौआकोल (नवादा) (नि.सं.)। कौआकोल थाना क्षेत्र के मधुरापुर जंगल के पास स्थित झगराही डैम में डूब जाने से एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। बताया जाता है कि मधुरापुर गांव निवासी अकल यादव के लगभग 18 वर्षीय पुत्र अजीत कुमार डैम में नहाने गया था। जहां अत्याधिक गहरे पानी में चले जाने से उसकी डूबकर दर्दनाक मौत हो गई। स्थानीय ग्रामीणों द्वारा मृतक के शव को पानी से निकालकर पीएचसी लाया गया। जहां से पुलिस के द्वारा शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नवादा भेज दिया गया है।

आहर में डूबने से वृद्ध की मौत

कौआकोल (नवादा) (नि.सं.)। कौआकोल थाना क्षेत्र के पाली गांव में एक वृद्ध व्यक्ति की आहर में डूबने से दर्दनाक मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार जगदीश चौधरी के पुत्र उपेन्द्र चौधरी खेत में काम कर रहे थे। तभी उन्हें लघुशंका लग गया। जिसके बाद वे पास के ही ननौरा आहर में लघुशंका करने गए। जहां उनका पैर फिसल गया और वे आहर के गहरे पानी में चले गए। जहां अत्याधिक पानी में डूबकर उनकी दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद मृतक के स्वजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया है।

सर्पदंश से युवक की मौत

कौआकोल (नवादा) (नि.सं.)। कौआकोल थाना क्षेत्र के तेलहट्टा धमनी गांव में सर्प दंश से एक व्यक्ति की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के तेलहट्टा धमनी गांव निवासी शोभी यादव के लगभग 40 वर्षीय पुत्र अनिल यादव अपने खेत में खाद छींट रहे थे, तभी अचानक एक विषैले एवं जहरीले सांप में उन्हें अचानक काट लिया। जिससे उसकी मौत हो गई।

वार्ड क्रियान्वयन व प्रबंधन समिति के अध्यक्ष व सचिव पर दर्ज हुई प्राथमिकी

निज संवाददाता | नारदीगंज (नवादा)

नारदीगंज (नवादा)। प्रखंड के ननौरा पंचायत के वार्ड क्रियान्वयन व प्रबंधन समिति के अध्यक्ष व सचिव के विरुद्ध मुख्यमंत्री सात निश्चय योजना के तहत राशि गबन के मामले में प्राथमिकी दर्ज कराई गई। इस पंचायत के वार्ड एक, दो के अलावा दस वार्ड के वार्ड क्रियान्वयन व प्रबंधन समिति के अध्यक्ष व सचिव आरोपित हुए हैं। इस मामले में डीएम, बीडीओ के अलावा प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी के आदेश के उपरांत ननौरा पंचायत के पंचायत सचिव जितेन्द्र कुमार ने दिनांक नौ अगस्त 2024 को नारदीगंज थाना में मामला दर्ज कराया है। थानाध्यक्ष राजगृह प्रसाद ने कहा पंचायत सचिव के आवेदन के आलोक में कांड संख्या 267/2024 दर्ज कर मामले की तहकीकात शुरू की जा रही है। दर्ज प्राथमिकी में ननौरा पंचायत के जितेन्द्र कुमार के द्वारा इस पंचायत के वार्ड क्रियान्वयन व प्रबंधन समिति के वार्ड एक, दो और दस के अध्यक्ष सचिव के द्वारा मुख्यमंत्री सात निश्चय योजना की राशि गबन करने के सम्बंध में प्राप्त परिवाद पत्र की जांच बीपीआरओ नारदीगंज से कराई गई थी। तब बीपीआरओ के द्वारा जांच प्रतिवेदन अपने पत्रांक 200 दिनांक 30 जुलाई 2024 को समर्पित किया। उन्होंने वार्ड संख्या एक में 18 लाख 76 हजार 94रुपये, वार्ड दो में दो लाख एक हजार 609 रुपये और वार्ड दस में 15 लाख 78 हजार 424 रुपये गबन होने का प्रतिवेदन समर्पित किया है। इस मामले में वार्ड एक के अध्यक्ष चिरैयां निवासी मोंगिया देवी और सचिव जानकी बिगहा निवासी राहुल कुमार के विरुद्ध 18 लाख 76 हजार 94 रुपये, वार्ड दो के अध्यक्ष गोतरायन निवासी बासुदेव मांझी व सचिव गोतरायन निवासी मुकेश कुमार के विरुद्ध दो लाख एक हजार 609 रुपये और वार्ड दस के अध्यक्ष ननौरा निवासी शांति देवी व सचिव ननौरा निवासी परशुराम रविदास के विरुद्ध 15 लाख 78 हजार 424 रुपये गबन करने का मामला दर्ज हुआ है।

15 अगस्त तक सभी घरों में तिरंगा फहराने के लिए करें प्रेरित

नारदीगंज (नवादा) (नि.सं.)। मंडल कार्यालय नारदीगंज में रविवार को प्रखंड क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष विपिन कुमार ने की। मुख्य अतिथि के रूप में जिला भाजपा किसान मोर्चा के अध्यक्ष नितिनंदन मौजूद रहे। इस बैठक में प्रखंड क्षेत्र के सभी बूथ अध्यक्षों और कार्यकर्ताओं को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर नौ अगस्त से 15 अगस्त तक सभी घरों में तिरंगा लगाने के लिए लोगों को प्रेरित करने को कहा गया। साथी ही 2025 विधान सभा चुनाव के लिए सभी बूथ कमिटी को सुदृढ़ बनाने का निर्देश दिया गया। मौके पर बिपिन कुमार, कपिल सिंह, आनंदी पांडे, गजानंद पांडे, गिरिजा शंकर पासवान, अजय कुमार समेत दर्जनों लोग मौजूद रहे।

बिहार राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ में फुट, ब्रजनंदन शर्मा के सामानांतर अध्यक्ष बने नवादा के जयराम शर्मा

निज संवाददाता | नवादा।

बिहार राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ में दो फाड़ हो गया है। संघ के प्रदेश अध्यक्ष ब्रजनंदन शर्मा को नवादा के शिक्षक नेता जयराम शर्मा ने चुनौती दी है। संघ के सामानांतर एक कमेटी का गठन किया गया है, राज्याध्यक्ष जयराम शर्मा बनाए गए हैं। हालांकि, नए अध्यक्ष खुद को ही मूल संगठन बता रहे हैं। बता दें कि बिहार राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष पद पर लंबे अर्से से ब्रजनंदन शर्मा आसीन हैं। दो माह पूर्व भी वे अध्यक्ष निर्वाचित हुए थे। अधिक आयु होने के कारण संघ के धड़े की चाहत थी कि वे नए को मौका दें। लेकिन ऐसा नहीं हो रहा है। जून माह में पुनः अध्यक्ष निर्वाचित हुए तो वहीं से फूट का बीजारोपण हुआ। दो माह बाद संघ के सदस्यों की राजधानी पटना में दो दिनों पूर्व एक बैठक हुई जिसमें नवादा जिला के गोनावां निवासी सेवानिवृत शिक्षक जयराम शर्मा के प्रदेश अध्यक्ष निर्वाचित होने का ऐलान हुआ। पटना के दरोगा राय पथ पर अवस्थित भारत सेवक समाज संस्थान के सभा कक्ष में 4 अगस्त को संघ की बैठक में जयराम शर्मा अध्यक्ष चुने गए। दावा किया गया कि उक्त कार्यक्रम में बिहार राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ के 1100 राज्य प्रतिनिधियों में 850 राज्य प्रतिनिधियों ने भाग लेकर जयराम शर्मा को सर्वसम्मति से प्रदेश अध्यक्ष निर्वाचित किया। निर्वाचन के समय अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ की ओर से नियुक्त पर्यवेक्षक राष्ट्रीय सचिव संजय कुमार मिश्रा एवं उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेश महासचिव उमाशंकर सिंह भी मौजूद रहे। कहा गया कि निष्पक्षता पूर्वक एवं पारदर्शिता के साथ लोकतांत्रिक प्रक्रिया से चुनाव संपन्न कराया गया। जिला संगठन में दो फाड़ः- राज्य स्तर पर संघ में पड़ी दरार का असर नवादा में भी देखा जा रहा है। यहां के शिक्षक नेता भी बंट गए हैं। एक ओर जिला प्राथमिक शिक्षक संघ के कार्यकारी अध्यक्ष रवि शंकर प्रसाद, वरीय उपाध्यक्ष संजय कुमार भारती, मनोज झा, छोटे नारायण सिंह आदि ने जयराम शर्मा के अध्यक्ष निर्वाचित होने पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि नवादा जिला के लिए यह ऐतिहासिक एवं गौरवशाली क्षण है। वहीं शिक्षक नेता मिथिलेश प्रसाद सिंह ने बताया कि इससे पूर्व भी जयराम शर्मा मगध प्रमंडल के अध्यक्ष पद को सुशोभित करते हुए सैकड़ो शिक्षकों को न्याय दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा चुके हैं। शिक्षक समाज में जयराम शर्मा अपनी निडरता, निष्पक्षता, बेबाक अंदाज एवं शिक्षकों को न्याय दिलाने की दिशा में प्रयासरत रहने वालों में जाने जाते हैं। शिक्षक नेता प्रफुल्ल कुमार, अनिल कुमार सिंह, वीरेंद्र कुमार, श्रीकांत सिंह, गौतम कुमार आदि ने एक दुसरे को मिठाई खिलाकर खुशी व्यक्त की है। ब्रजनंदन के पक्ष में जिलाध्यक्षः- दूसरी ओर संघ के जिलाध्यक्ष अशोक कुमार सिंह ब्रजनंदन शर्मा के पक्ष में खड़े हैं। उन्होंने कहा कि बिहार राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ का राज्य स्तरीय चुनाव 30 जून 2024 को पटना के ज्ञान भवन में संपन्न हो चुका है। जिसमें अध्यक्ष पद पर ब्रजनंदन शर्मा पुनः सर्वसम्मति से निर्वाचित हुए थे। 4 अगस्त 2024 को समानांतर कमेटी बनाने का प्रयास किया गया है, जिसमें तथाकथित अध्यक्ष बने जयराम शर्मा का चुनाव नियम संगत नहीं कहा जा सकता है। चुनाव पूर्व में ही 30 जून को संपन्न हो चुका है। अगर उस पर किसी को आपत्ति है तो शिकायत के लिए संघ के अंदर फोरम बना हुआ है। जयराम की सदस्यता है निलंबितः- इधर, बिहार राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ द्वारा यह दावा किया गया है कि जयराम शर्मा की सदस्यता ही छः वर्षों के लिए निलंबित है। बताया जा रहा है कि दिसंबर 2023 में ही जयराम शर्मा को संघ के सभी पदों से हटा दिया गया था। उनकी सदस्यता को भी छः वर्षों के लिए निलंबित किया गया था। संघ के प्रति दुष्प्रचार को लेकर प्रदेश अध्यक्ष ब्रजनंदन शर्मा द्वारा उक्त कार्रवाई की गई थी। तब के अखबार का कतरन भी मीडियाकर्मियों को उपलब्ध कराया जा रहा है।

भक्ति भाव से मनाई गई तुलसीदास जी की जयंती

नारदीगंज (नवादा) (नि.सं.)। पेंशनर भवन नारदीगंज में रविवार को सावन शुक्ल पक्ष सप्तमी तिथि को संत शिरोमणि गोस्वामी तुलसीदास जी की जयंती भक्ति भाव से मनाई गई। अध्यक्षता पेंशनर समाज प्रखंड अध्यक्ष रामधनी प्रसाद ने की।इस दौरान उपस्थित लोगों ने गोस्वामी तुलसीदास जी के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर कृतित्व व व्यक्तित्व पर प्रकाश डालें। इस मौके पर समाज सचिव श्रीकांत सिंह ने कहा संत शिरोमणि तुलसीदास जी का जन्म 11 अगस्त 1532 ई0 में उत्तरप्रदेश के ब्रांदा जिले के राजपुर गांव में हुआ था। उनके माता का नाम हुलसी देवी और पिता का नाम आत्माराम दुबे था, पत्नी रत्नावली थी। तुलसीदास जी का आत्मज्ञान उन्हें पत्नी से मिला था, वे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर महाकवि माने जाते हैं। वे महान अनुभव के साथ रामचरित मानस की रचना की है। जो सभी कालो व समयों अध्ययन किया जा सकता है। महाकवियों में महाकवि अति पावन गोस्वामी तुलसीदास जी हैं। इनकी दो रचना रामचरित मानस व विनय पत्रिका प्रमुख है। कहा गया रामचरित मानस ऐसा मृतुन्जय ग्रंथ है, जिसकी चर्चा संसार के श्रेष्ठतम भाषाओं में की जा रही है। तुलसी के नायक भगवान राम तथा उनके परिवार के सदस्यों ने सत्य और त्याग का पालन जिस दृढ़ता से किया है, वैसा सत्य और त्याग का पालन करना अत्यंत दुर्लभ है। मौके पर कामता प्रसाद सिंह, रामाधीन सिंह, सियाशरण दास, रघुनंदन प्रसाद, यमुना सिंह समेत अन्य लोगों ने विचार व्यक्त किया।

जमीन सर्वे को लेकर मनरेगा भवन में शिविर का आयोजन

रजौली (नवादा) (नि.सं.)। प्रखण्ड क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों में गांवों में जमीन के सर्वे की प्रक्रिया शुरू होने जा रही है। इसमें जमीन पर मौजूद संरचनाओं या वर्तमान भौतिक स्वरूप के आधार पर इन्हें श्रेणीबद्ध किया जाएगा। राज्य सरकार गांव में मौजूद घर, कुएं, बगीचे समेत हर चीज की जानकारी लेगी। इसके लिए 177 विभिन्न विशिष्टताओं से संबंधित एक विशेष सूची तैयार की गई है। इससे यह स्पष्ट हो जाएगा कि जमीन की मूल प्रकृति क्या है। सूची तैयार की गई है। अगर जमीन पर किसी तरह अगला संरचना या अन्य कोई चीज मौजूद है, तो उसका भी उल्लेख सर्वे में किया जाएगा। रविवार को विशेष सर्वेक्षण कानूनगो रितिक राज के नेतृत्व में हरदिया ग्राम पंचायत के मनरेगा भवन में एक शिविर का आयोजन कर लोगों को जानकारी दी गई। इस दौरान पंचायत के मुखिया पिन्टू साव भी मौजूद रहे। कानूनगो ने बताया कि अगर किसी जमीन पर कोई भवन, कच्चा मकान, स्कूल, हॉस्पिटल, किसी तरह का केंद्र, तालाब, पोखर, जंगल, पेड़- पौधे, बगीचा, कुआं, नलकूप, पठार जैसी अन्य किसी तरह की संरचना होगी, तो उसका स्पष्ट रूप से उल्लेख किया जाएगा। इसमें यह भी दर्ज होगा कि जमीन खाली है, तो यह खेती योग्य है या बंजर है या रेतीली, जैसी जानकारियां भी रहेंगी। जमीन की प्रकृति यानी सरकारी या निजी के अलावा गैर-मजरूआ, गैर-मजरूआ आम, खास समेत अन्य आधार पर श्रेणीवद्ध करने के साथ ही इन विभिन्न विशिष्टताओं का भी वर्णन सर्वे में खासतौर से किया जाएगा। साथ ही कहा कि जमीन का सर्वे करने के लिए 'भू-नक्शा' नामक एक सॉफ्टवेयर भी तैयार किया जा रहा है। यह सॉफ्टवेयर जल्द ही पूरी तरह से काम करने लगेगा। इसकी मदद से जिस जमीन के प्लॉट का सर्वे किया जाएगा। उसका सटीक पोजिशन या स्थान को अंकित करने में मदद मिलेगी। जमीन का सही स्थान कहां है, इसकी जानकारी इस सॉफ्टवेयर की मदद से सर्वे में अंकित किया जा सकेगा। साथ ही जमीन की श्रेणी या विशिष्टाओं से अगला संबंधित जानकारी भी इस पर दर्ज की जाएगी। इससे सर्वे लेख काम एकदम सटीक होगा।

5000 विद्यार्थियों ने किया रामचरितमानस का संगीतमय पाठ, रामायण धारावाहिक की सीता और लक्ष्मण के आने से भक्तिमय में हुआ तुलसी जयंती समारोह

मॉडर्न इंग्लिश स्कूल में गोस्वामी तुलसीदास जयंती पर किया गया भव्य आयोजन

निज संवाददाता | नवादा

नवादा की सबसे बड़ी शैक्षणिक समूह, मॉडर्न शैक्षणिक समूह की संस्था मॉडर्न इंग्लिश स्कूल कुंती नगर नवादा में गोस्वामी तुलसीदास जयंती के अवसर पर एक ऐतिहासिक और भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस विशेष अवसर पर विद्यालय के 5000 विद्यार्थियों ने एक साथ रामचरितमानस के बाल कांड के सीता स्वयंवर और धनुष यज्ञ प्रसंग पर आधारित दोहों का संगीतमय पाठ किया। इस अनोखे आयोजन ने पूरे क्षेत्र में एक आध्यात्मिक और भक्ति से भरा वातावरण बना दिया। गोस्वामी तुलसीदास जी की जयंती पर आयोजित इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने बाल कांड के सीता स्वयंवर और धनुष यज्ञ प्रसंग के दोहे संख्या 240 से 285 तक का संगीतमय पाठ किया। विद्यार्थियों ने भगवा वस्त्र पहन कर, नंगे पैर, और जय श्री राम के नारे लगाते हुए इस पाठ को किया, जिससे पूरा वातावरण राममय हो गया। यह आयोजन न केवल धार्मिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण था, बल्कि छात्रों में भारतीय संस्कृति और साहित्य के प्रति सम्मान और समझ को भी गहरा किया।

दीपिका चिखलिया और सुनील लहरी का स्वागत

कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने के लिए रामायण धारावाहिक में सीता माता की भूमिका निभाने वाली श्रीमती दीपिका चिखलिया और लक्ष्मण की भूमिका निभाने वाले श्री सुनील लहरी को आमंत्रित किया गया था। सुबह 9:00 बजे जब वे विद्यालय प्रांगण में पहुंचे, तो हजारों छात्र-छात्राओं ने उन पर पुष्प वर्षा कर उनका भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर स्कूल के खेल शिक्षक अलखदेव प्रसाद के नेतृत्व में ड्रम और बैंड बाजा के साथ उनका अभिनंदन किया गया। इस स्वागत के दौरान पूरा प्रांगण भक्तिमय हो गया और सभी उपस्थित लोग इस अद्भुत दृश्य को देखकर मंत्रमुग्ध हो गए।

रामायण के प्रसिद्ध प्रसंग का मंचन

दीपिका चिखलिया और सुनील लहरी ने मंच पर रामायण धारावाहिक के एक प्रसिद्ध प्रसंग 'सीता हरण' का जीवंत मंचन किया। इस प्रसंग में जब भगवान राम मृग रूपी मारीच का पीछा करते हैं और सीता माता व्याकुल होकर लक्ष्मण से वन में जाने का अनुरोध करती हैं, उस दृश्य को दोनों ने संजीवता से प्रस्तुत किया। इस प्रस्तुति ने उपस्थित भक्तजनों को भावविभोर कर दिया और सभी ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ उनका स्वागत किया।

शुभारंभ और भक्ति गीतों की संगीतमय प्रस्तुति

तुलसीदास जयंती समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर और भगवान राजा रामचंद्र जी व तुलसीदास की तस्वीर पर माल्यार्पण करके किया गया। इसके बाद कार्यक्रम की शुरुआत हनुमान चालीसा पाठ और 'हम कथा सुनाते हैं' के साथ हुई। सभी ने एक साथ बालकांड के सीता स्वयंवर और धनुष यज्ञ प्रसंग पर आधारित दोहों का पाठ किया, जो लगभग 2 घंटे तक चला। इसके बाद 'रामा रामा रटते रटते', 'मंगल भवन अमंगल हारी' जैसे भजन गाए गए। सभी ने मिलकर रामायण जी की आरती और राजा रामचंद्र की आरती गाकर भगवान का आशीर्वाद लिया, जिससे पूरा वातावरण भक्ति में डूब गया।

निदेशक डॉ. अनुज सिंह का प्रशंसनीय नेतृत्व

इस भव्य आयोजन के सफल संचालन में मॉडर्न शैक्षणिक समूह के निदेशक डॉ. अनुज सिंह का नेतृत्व और उनके प्रयासों की विशेष प्रशंसा की जानी चाहिए। उनके कुशल मार्गदर्शन और समर्पण के बिना इस कार्यक्रम की भव्यता और सफलता संभव नहीं थी। उन्होंने न केवल इस आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, बल्कि मॉडर्न शैक्षणिक संस्थानों को नवादा और पूरे बिहार के लिए एक गौरव का प्रतीक बनाने में भी अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है। डॉ. अनुज सिंह ने सभी शिक्षकों, विद्यार्थियों, और आए हुए अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह आयोजन विद्यार्थियों के जीवन में एक सकारात्मक परिवर्तन की शुरुआत है। उनका यह कहना कि 'जो विद्यार्थी अपने हाथों में मोबाइल पकड़े रहते थे, आज वे रामचरितमानस अपने हाथों में लेकर भक्ति में लीन हैं,' इस बात का प्रमाण है कि शिक्षा के माध्यम से बच्चों में सही मूल्यों और आदर्शों का विकास संभव है। यह एक बड़ी उपलब्धि है, जिसका श्रेय निश्चित रूप से डॉ. अनुज सिंह और उनकी पूरी टीम को जाता है।

सभी अतिथियों का धन्यवाद और समारोह का समापन

कार्यक्रम के अंत में मॉडर्न शैक्षणिक समूह के निदेशक डॉ. अनुज सिंह ने सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों, और आए हुए अतिथियों का धन्यवाद किया। इस आयोजन में भाग लेने वाले हर व्यक्ति ने इस अद्वितीय और भव्य कार्यक्रम की सराहना की। मॉडर्न इंग्लिश स्कूल नवादा के इस आयोजन ने न केवल विद्यालय के विद्यार्थियों में धार्मिक और सांस्कृतिक मूल्य विकसित किए, बल्कि पूरे क्षेत्र में एक सकारात्मक संदेश भी फैलाया। इस आयोजन ने यह साबित कर दिया कि मॉडर्न शैक्षणिक समूह केवल शिक्षा देने तक सीमित नहीं है, बल्कि वह अपने विद्यार्थियों को समाज और संस्कृति से जोड़ने के लिए निरंतर प्रयासरत है। इस प्रकार के आयोजन निस्संदेह मॉडर्न शैक्षणिक समूह को बिहार के शैक्षणिक संस्थानों में एक विशेष स्थान प्रदान करते हैं।

संक्षिप्त समाचार

100 लीटर शराब के साथ धंधेबाज धराया

कोईलवर। गीधा थाना क्षेत्र में अवैध शराब तस्करी के खिलाफ चलाये जा रहे विशेष अभियान के दौरान शनिवार को पुलिस ने 100 लीटर महुआ शराब जब्त की है व एक धंधेबाज को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने यह कार्रवाई मोखलिसा-बिरमपुर मोड़ के समीप किया है। गिरफ्तार धंधेबाज मोखलिसा निवासी चंदन राम है।थानाध्यक्ष उमूस शलमा ने बताया कि पुलिस को सुचना मिली थी एक धंधेबाज शराब लेकर जा रहा है। सुचना मिलते ही पुलिस ने कार्रवाई किया व 100 लीटर महुआ शराब जब्त किया गया। इस बिच पुलिस की गाड़ी आते देख धंधेबाज शराब छोड़ भागने लगा। पुलिस ने उसे खदेड़ कर पकड़ी है। नये थानाध्यक्ष उमूस शलमा के आने के बाद शराब धंधेबाज पर शामत आ गई है। शराब मामले में लगातार कार्रवाई से धंधेबाजों में भय है।

आरा के वार्ड नंबर 20 में जलजमाव, लोग परेशान

आरा। नगर निगम के वार्ड संख्या- 20 में जल जमाव की समस्या से लोग काफी परेशान हैं। बताया गया कि बाबू बाजार में सड़क पर गड्ढे हैं। गड्ढे में पानी भरने से लोगों को आने-जाने में काफी परेशानी हो रही है। इस वार्ड की समुचित सफाई भी नहीं होती है। संबंधित लोगों को कई बार ध्यान उत्कृष्ट कराया गया। लेकिन इसका समुचित निदान नहीं किया जा रहा है। इस कारण वार्ड नंबर 20 के लोग काफी परेशान हैं। जबकि जरूरत इस बात की है कि जनहित के लिए इस समस्याओं का निधन करना बेहद जरूरी है।

एथेनॉल कंपनी का दूसरा स्थापना दिवस मना

आरा। भारत प्लस एथेनॉल लिमिटेड कंपनी का दूसरा स्थापना दिवस व वर्ल्ड बायो फ्यूल दिवस धूमधाम से मनाया गया।दो वर्ष पहले नावानगर में भारत प्लस एथनॉल लिमिटेड कंपनी का भूमिपूजन कम्पनी के सीएमडी अजय सिंह व निदेशक रेखा सिंह द्वारा किया गया था। इसके बाद डेढ़ वर्ष में प्लांट से एथनॉल की सप्लाई शुरू हो गया। दूसरे स्थापना दिवस के मौके पर पौधारोपण कार्यक्रम हुआ। भारत प्लस एथनॉल कम्पनी के सीएमडी अजय सिंह की माता देव कुमारी सिंह द्वारा सभी कार्यरत कर्मचारी को मिठाई खिलाकर व अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया।कम्पनी के प्रांगण में सीएमडी की माता जी द्वारा 151 फलदार पौधे लगाए गए।

एक सप्ताह में कोषांग में जमा कर दें लॉगबुक

आरा। लोकसभा आम निर्वाचन-2024 के संपादन हेतु अधिग्रहित किये गये वाहनों की लॉगबुक एक सप्ताह के अंदर निश्चित रूप से जिला वाहन कोषांग (जिला परिवहन कार्यालय) में जमा कर दें ताकि आप सभी को मुआवजा की राशि का भुगतान किया जा सके। अंतिम अवसर के बाद भी वाहना स्वामी के द्वारा यदि लॉगबुक जमा नहीं किया जाता है तो मुआवजा भुगतान की जबाबदेही जिला वाहन कोषांग (जिला परिवहन कार्यालय), भोजपुर की नहीं होगी तथा मुआवजा भुगतान हेतु किसी प्रकार का दावा अमान्य होगा।

20 सूत्री के सदस्य बनाए गए विवेक

बक्सर। जदयू के अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष धनसोई निवासी विवेक प्रजापति को जिला स्तरीय कार्यान्वयन समिति (20 सूत्री) का सदस्य बनाया गया है। बता दें कि जिला स्तरीय कार्यान्वयन समिति के अध्यक्ष बिहार सरकार के नगर विकास व आवास व विधि विभाग के मंत्री नितिन नवीन हैं। 20 सूत्री का सदस्य बनाए जाने पर अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष विवेक कुमार प्रजापति ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, पूर्व मंत्री संतोष कुमार निराला, वशिष्ठ नारायण सिंह को धन्यवाद दिया है। इस दौरान विवेक प्रजापति को बधाई देने वालों का तांता लग गया। बधाई देने वालों में विमलेंद्र बबलू, मंटू उपाध्याय, अशोक प्रजापति, विजय कुशवाहा, रामबाबू समेत अन्य लोग शामिल रहे।

हम स्वाधीनता अधिक मजबूत करें: प्रोफेसर बलिराज ठाकुर

ब्रह्मपुर। उन लोगों का सौभाग्य है जो गांधी युग में रहे और जिन्होंने उनका शरीर देखा। अगली पीढ़ी तो उन्हें नही देख सकी किंतु गांधी जी से प्रेरणा तो प्राप्त करती ही रहेगी। इसका कारण है कि गांधीजी का प्रभाव सदा अमिट रहेगा। उन्होंने हमें जो शिक्षा दी है, वह सदा हमें प्रेरित करती और हमारा पथ प्रदर्शन करती रहेगी। उक्त बातें कांग्रेस के वरिष्ठ नेता प्रोफेसर बलिराज ठाकुर ने अगस्त क्रांति दिवस पर ब्रह्मपुर प्रखंड के गायघाट में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए कही। अपने अध्यक्षीय भाषण में प्रोफेसर ठाकुर ने कहा कि गांधीजी ने देश को स्वाधीनता के पथ पर ले जाते हुए सदा हिंसा और सांप्रदायिकता के विरुद्ध प्रचार किया। गांधीजी ने जिस प्रकार पददलित जनता को आजादी दिलाई, विश्व के इतिहास में यह अनुपम घटना है। उन्होंने सत्य और अहिंसा की मजबूत नींव पर भारतीय स्वाधीनता का भवन खड़ा किया है, हमें उसे अधिक मजबूत करना होगा। प्रोफेसर ठाकुर ने अगस्त क्रांति को देश की आजादी की लड़ाई का मजबूत हथियार बताते हुए कहा कि गांधीजी के 'करो या मरो' के आह्वान पर पूरा देश उद्वेलित हो गया था और अंग्रेजों को भारत छोड़ने के लिए मजबूर कर दिया था। प्रोफेसर ठाकुर ने 1942 के 9 अगस्त के दिन को बड़ा ही शुभ दिन बताते हुए कहा कि उस दिन से स्वाधीनता के लिए आर- पार की लड़ाई शुरू हुई थी। संचालन श्याम बिहारी ठाकुर और ललन पांडेय ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर डॉक्टर रासबिहारी ठाकुर, रामनिवास सिंह, दशरथ चौधरी, कैलाश कुंवर, नरेन्द्र कुंवर, ललन राय आदि थे।

दो अधिवक्ताओं के निधन पर सोमवार को कोर्ट में रहेगा नो-वर्क

बक्सर। दो अधिवक्ताओं के निधन पर सोमवार को व्यवहार न्यायालय में नो-वर्क रहेगा। अधिवक्ता अपने को कार्य से विरत रहेंगे। उक्त जानकारी अधिवक्ता संघ के सचिव बिंदेश्वरी पांडेय उर्फ पप्पु पांडेय ने दिया। उन्होंने बताया कि डुमरांव अनुमंडल के छतनवार के रहने वाले बशिष्ट मुनी सिंह और चुन्नी गांव के राजकिशोर राय का आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन पर अधिवक्ताओं ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि दोनों अधिवक्ता अपने कार्यों के प्रति सजग रहते थे। सोमवार को उनके याद में सभी अधिवक्ता अपने को कार्य से विरत रखेंगे।

वार्ड सदस्यों ने गड़बड़ी करने का लगाया आरोप

बक्सर। सदर प्रखंड के ग्राम पंचायत छोटका नुआंव के वार्ड सदस्यों ने मुखिया एवं पंचायत सचिव पर सरकारी राशि का बंदरबांट करने का आरोप लगाते हुए बीडीओ को आवेदन दिया है। दिये गये आवेदन में लिखा है कि मुखिया एवं पंचायत सचिव के द्वारा 15वां वित्त एवं छठवें वित्त की राशि का दुरूपयोग किया जा रहा है। इसकी सूचना पूर्व में 26 अप्रैल 2022 को प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी को दिया गया था, लेकिन उनके द्वारा कोई कार्रवाई नहीं किया गया। इसके बाद 28 दिसंबर 2023 को उक्त अनियमितता को लेकर बीडीओ को आवेदन दिया गया था। इसके बाद जांच का निर्देश बीडीओ ने प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी को दिया, लेकिन आज तक मामले की जांच नहीं की गई। वार्ड सदस्यों ने अपने आवेदन में योजना का नाम अंकित करते हुए कहा है कि लोहन्दरा पोखरा में छठ घाट निर्माण, मिलीकियां गांव में राधा बीन के घर से संतोषी माता के मंदिर तक पेवर ब्लॉक सोलिंग कार्य, ग्राम गोविंद में पीसीसी कार्य, लोहन्दरा पोखरा में पोखरा कटाई का कार्य समेत अन्य विकास कार्यों में घोर अनियमितता बरती गई है। बीडीओ को आवेदन देकर विकास कार्यों की जांच कराने का आग्रह किया है ताकि पंचायत में हो रहे सरकारी राशि का बंदरबांट रुक सके।

सासाराम के पूर्व लोक सभा प्रभारी हरे राम हुए सम्मानित

आरा। भाजपा नेता सह पूर्व लोकसभा सासाराम के प्रभारी हरे राम चंद्रवंशी को भाजपा के प्रदेश कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने अंगवस्त्र से सम्मानित किया। श्री चंद्रवंशी ने बताया शिष्टाचार मुलाकात करने गये थे। कहा की पार्टी के नए दायित्वों के लिए मैं तैयार हूं। अध्यक्ष जी के आदेश की प्रतीक्षा है। वार्तालाप के दौरान अच्छे कार्यों के योगदान से खुश हो कर प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने अंग वस्त्र से सम्मान किया। विश्वास दिलाया कि ऐसे कार्यकर्ता की पार्टी की बहुत जरूरत है। तन-मन-धन से लगे रहने का सलाह दिया।

पैर में लगी मिट्टी धोने गए 3 दोस्त नदी में डूबे, मौत

निज संवाददाता। आरा

भोजपुर में तीन दोस्तों की नदी में डूबने से मौत हो गई। तीनों एयरपोर्ट के पास दौड़ने गए थे। इसी दौरान एक नाबालिग के पैर में मिट्टी लग गई। इसके बाद वह अपने दोस्तों के साथ मिट्टी धोने मंझौवा नदी पहुंचा, जहां उसका पैर फिसल गया और वो डूबने लगा। उसे बचाने की कोशिश में दोनों दोस्त भी नदी में डूब गए। घटना की सूचना स्थानीय थाने को दी गई। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से तीनों को बाहर निकाला, लेकिन तीनों की मौत हो चुकी थी। तीनों नाबालिग की मौत के बाद उनके परिवार में मातम है। परिजनों का आरोप है कि सूचना देने के बाद भी पुलिस एक घंटे देर से आई। इसे लेकर परिजनों ने आरा सदर अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में जमकर हंगामा किया। हालांकि, बाद में पुलिस ने समझा-बुझाकर हंगामे को शांत कराया। मृतकों की पहचान कृष्णगढ़ थाना क्षेत्र के

पिपरपाती गांव रहने वाले अंकुश मिश्रा (16), टाउन थाना क्षेत्र के मंझौवा निवासी शुभम सिंह (14) और मुफस्सिल थाना क्षेत्र के देव नगर निवासी अतुल शुक्ला (17) के रूप में हुई है। घटना टाउन थाना क्षेत्र के मझौंवा पुल के पास की है।

सुबह-सुबह दौड़ने गए थे तीनों दोस्त: मृतक अंकुश पांडे के चाचा विषंबर पांडे ने बताया कि अंकुश सुबह अपने दोस्तों के साथ एयरपोर्ट मैदान के पास दौड़ने गया था। उसके पैर में मिट्टी लगी थी। लौटने के दौरान अंकुश पैर धोने के लिए मंझौवा नदी चला गया। वहां पैर धो रहा था, तभी वह अचानक फिसल गया और गहरे पानी में चला गया। उसे बचाने के लिए शुभम और अतुल भी नदी में कूद गए। जब तक स्थानीय लोग पहुंचते, तब तक तीनों गहरे पानी में जा चुके थे। ग्रामीणों ने इसकी

आरा में एक का पैर नदी में फिसला, बचाने में दोनों भी गहरे पानी में गए

सूचना पुलिस को दी। जिसके बाद पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से तीनों को बाहर निकाला और अस्पताल में भर्ती कराया। तब तक तीनों की मौत हो चुकी थी।

अस्पताल पहुंचे ASP परिचय कुमार : घटना की सूचना मिलने के बाद भोजपुर ASP परिचय कुमार आरा सदर अस्पताल पहुंचे, जहां उन्होंने घटना की जानकारी ली। उन्होंने बताया कि सुबह हमारी टीम को तीन लड़कों के डूबने की सूचना मिली थी। जिसके बाद टाउन थानाध्यक्ष पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। इसके बाद तीनों बच्चों को बाहर निकाला गया, लेकिन तीनों को बचाया नहीं जा सका।

अनियंत्रित कार ने बाइक में मारी टक्कर, दो घायल

एक को गंभीर स्थिति में पटना किया रेफर

निज संवाददाता। आरा

बिहिया-बिहटा स्टेट हाईवे पर जिले के बिहिया थाना क्षेत्र के धरहरा गांव के समीप शनिवार को अनियंत्रित स्कॉर्पियो ने बाइक सवार 2 दोस्तों को टक्कर मार दी। जिससे दोनों गंभीर रूप से जख्मी हो गए। इसके बाद परिजन ने उन्हें इलाज के लिए बिहिया पीएचसी से आरा सदर अस्पताल लाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार करने के बाद एक की हालत को चिंताजनक देखते हुए पटना रेफर कर दिया गया है। जबकि दूसरे का इलाज आरा सदर अस्पताल में कराया जा रहा है। जख्मियों में बिहिया थाना क्षेत्र के बढ़हल टोला गांव निवासी स्व. मुंद्रिका राम के 45 वर्षीय पुत्र लाला राम और उत्तर प्रदेश के बलिया जिला के बलिया थाना क्षेत्र के विशुनपुरा गांव निवासी ललन पांडेय के 50 वर्षीय पुत्र अजय पांडेय हैं। जख्मी अजय पांडेय डुमरांव बीएमपी में प्राइवेट बावर्ची का काम करते थे।

एक स्थिति गंभीर: लाला राम ने बताया कि वह दोस्त अजय पांडेय को छोड़ने के लिए डुमरांव जा रहे थे। इसी दौरान बिहिया के धरहरा गांव के समीप विपरीत दिशा से आ रही स्कॉर्पियो ने सामने से टक्कर मार दी। जिससे हम दोनों गंभीर रूप से जख्मी हो गए। परिजन ने हम दोनों को इलाज के लिए पीएचसी से आरा सदर अस्पताल लाया। जहां से प्राथमिक उपचार करने के बाद अजय पांडेय को पटना रेफर कर दिया गया। जबकि जख्मी लाला राम का इलाज आरा सदर अस्पताल में कराया जा रहा है।

13 अगस्त को रोजगार मेले का आयोजन

निज संवाददाता। बक्सर

बक्सर में श्रम संसाधन विभाग द्वारा बेरोजगार युवाओं के लिए रोजगार युवाओं के लिए सुनहरा मौका लाया गया। 13 अगस्त को संयुक्त श्रम भवन बक्सर जो औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बक्सर के परिसर में अवस्थित है। जिसमें एक दिवसीय रोजगार शिविर का आयोजन किया जाएगा। जहां रोजगार देने के लिए देश की जानी मानी कम्पनी ब्लीड स्टाफिंग सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड (ग्रोस्फर्स ब्लिंकिट) के द्वारा भाग लिया जाएगा। बिहार सरकार श्रम संसाधन विभाग जिला नियोजनालय बक्सर के तत्वाधान में इसका आयोजन किया जा रहा है।

10वीं से 12वीं पास अभ्यर्थी ले सकते भाग: जिला नियोजन पदाधिकारी अनीश तिवारी द्वारा बताया गया की जिसकी उम्र सीमा का 18-40 वर्ष के बीच में है।

कंपनी द्वारा 10th, 12th, ग्रेजुएट युवक एवम युवतियों को बिलिंग, पैकिंग, डिलीवरी स्टॉफ के पद पर नियुक्ति की जाएगी। कंपनी ने बताया गया कि उसे कुल 100 युवक और युवतियों की जरूरत है।

सलेक्ट होने वाले युवकों और युवतियों को कंपनी द्वार वेतन सीटीसी 18500 और इसके साथ अन्य बेनिफिट ईएसआई, पीएफ फ्री एकामोडेशन और सब्सिड्जेस फूड प्रति महीना दिया जाएगा।सलेक्ट होने वाले युवाओं के लिए कार्य स्थल गुड़गांव (दिल्ली) में काम करना होगा।

बक्सर में बाढ़ से परवल की खेती को नुकसान, दियारा क्षेत्र में सैकड़ों एकड़ खेत जलमग्न

निज संवाददाता। बक्सर

बक्सर में गंगा नदी के जलस्तर बढ़ने के कारण दियारा क्षेत्र में किसानों की परेशानी बढ़ गई है। सैकड़ों एकड़ खेत पानी से जलमग्न हो गया है। खेती की जमीन पर गंगा नदी पानी भरने से परवल सहित अन्य सब्जियों के साथ खरीफ और दलहन, तिलहन की खेती का नुकसान होने से किसानों के चेहरे पर मायूसी छाई हुई है। खेत की तरफ चारों तरफ पानी ही पानी दिखाई दे रहा है। खेत पूरी तरह से जलमग्न हो गए हैं। बता दें कि नैनीजोर दियारा क्षेत्र में दशहरा समाप्त होते ही हजारों किसान मजदूर परवल की रोपाई शुरू कर देते हैं। साथ ही चना, मटर, मसूर, केराव, सरसों सहित अन्य दलहनी फसलों की बुआई अक्टूबर माह में प्रारंभ होकर अक्टूबर माह के अंत तक समाप्त हो जाया करती थी। यह सारी खेती करने वाली जमीन पर बाढ़ आ गई है। किसानों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। किसानों का कहना है कि

1.5 लाख की लागत से किसान किरण ने किया था शुरू

आगे आने वाले महिमा मोटे अनाज की फसल की बुआई का उपयुक्त समय है। इसी समय पर गंगा नदी में बाढ़ से पूरे दियारा क्षेत्र की खेती करने योग्य भूमि जलमग्न हो चुकी है। जिसका असर आने वाले आर्थिक से लेकर सभी कार्य पर इसका असर दिखाई देगा। नैनीजोर निवासी महिला किसान किरण देवी ने बताया कि डेढ़ लाख की लागत से तीन बीघे खेत में परवल की खेती किया गया था। अभी एक दो बार ही परवल की तुड़ाई की गई थी, लेकिन गंगा के जलस्तर तेजी से बढ़ने के कारण सारा खेत जलमग्न हो गया। इससे काफी नुकसान हुआ है। महिला किसान अपने परिवार के साथ खेत का घरौंदा उखाड़ मायूस मन से घर लौट रहे थे।

पति पर फायरिंग...खून के छींटों से पत्नी की नींद टूटी

घर के बाहर सो रहे थे दंपती, सिर पर गोली मारकर फरार हुए दो बदमाश

निज संवाददाता। आरा

भोजपुर में घर के बाहर सो रहे किसान को अपराधियों ने सिर में गोली मार दी। बुलेट सिर के दाहिने साइड लगी है। जिससे व्यक्ति की हालत नाजुक है। उनका गंभीर स्थिति में इलाज चल रहा है। घायल चांदी थाना क्षेत्र के मठियापुर गांव निवासी स्व. शिव जनम साव के 55 वर्षीय पुत्र सुनील साव हैं। इनकी पत्नी भी साथ में सो रही थी। खून की छींटें से उनकी नींद टूट गई और उन्होंने शोर मचाना शुरू कर दिया। वारदात को अंजाम देने के बाद बदमाश मौके से फरार हो गए। घटना चांदी थाना क्षेत्र के मठियापुर गांव की है।

घायल को गंभीर स्थिति में पटना रेफर किया गया: परिजन घायल को तुरंत आरा सदर अस्पताल ले गए। जहां से प्राथमिक

इलाज के बाद उन्हें पटना रेफर कर दिया गया है। पत्नी मालती देवी ने कहा कि शनिवार की रात पति घर के बार मच्छरदानी में सोए हुए थे। मैं उनके पैर की तरफ सोई हुई थी। तभी दो अपराधी आए। बिना कुछ आवाज किए और बोले दाहिने साइड सिर में गोली मार दी। इसके बाद दोनों बदमाश वहां से भाग गए। मेरे शोर मचाने के बाद घर वाले बाहर आए। मालती देवी ने कहा कि क्या विवाद है ये नहीं मालूम है।

एक माह पहले मां पर गोलीबारी हुई थी: मृतक के बेटे संतोष कुमार ने कहा कि मम्मी-पापा साथ में सोए हुए थे। गोली कौन मारा इसकी जानकारी नहीं है। मां रोते हुए आई। एक गोली मारी है। उसका खोखा मेरे पास है। पुलिस को जानकारी दी है। एक माह पहले भी मां पर कोई फायरिंग किया था। कोई विवाद नहीं है।

किसी ने अभी तक आवेदन नहीं दिया है: एसपी ने प्रमोद कुमार ने कहा कि जख्मी पर ओझागिरी का आरोप पाटीदारों ने लगाया था। इसी को लेकर कुछ दिनों से विवाद चल रहा था। देर रात जख्मी अपनी पत्नी के साथ दालान में सो रहे थे।

छापेमारी अभियान में 38 आरोपी पकड़े गए

750 वाहनों की जांच में 1 लाख से ज्यादा वसूला गया जुर्माना, एक हजार लीटर शराब नष्ट

निज संवाददाता। आरा

भोजपुर पुलिस अधीक्षक प्रमोद कुमार के आदेश पर कांड में वांछित आरोपितों की गिरफ्तारी और शराब बरामदगी को लेकर छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें 38 पकड़े गए। इसमें एसएसी-एसटी एक्ट में एक, हिंसक कांड में एक, वारंट में 12, शराब पीने में 12 और शराब बिक्री में 4 धराए। अभियान के दौरान 313 लीटर देसी शराब बरामद की गई है। एक हजार लीटर शराब नष्ट की गई है। करीब 43 जमानतीय और 28 अजमानतीय वारंटों का निष्पादन किया गया। करीब 750 वाहनों की जांच की गई। एक लाख पन्द्रह हजार रुपए जुर्माना वसूला गया। **हत्या की कोशिश करने वाले दो गिरफ्तार:** पीरो थाना पुलिस ने एससी-एसटी एक्ट में एक आरोपित को धर दबोचा। अगिआंव बाजार थाना पुलिस ने मद्यनिषेध अधिनियम में एक आरोपित को गिरफ्तार कर लिया।

सामूहिक प्रयास से खत्म होगी बाल श्रम

निज संवाददाता। बक्सर

बाल विवाह और बाल मजदूरी विषय पर शनिवार को कलेक्ट्रेट रोड स्थित एक होटल के सभागार में इंश्योरिंग एक्सेस टू जस्टिस फॉर चिल्ड्रन कार्यक्रम के तहत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन श्रम अधीक्षक संजय कुमार, बाल संरक्षण पदाधिकारी समीर कुमार, वार्ड पार्षद अंजू सिंह, जीविका के प्रभात रंजन और स्व. कन्हाई शुक्ला समाज की सेवा संस्थान के सचिव सुधीर कुमार शुक्ला ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। इस मौके पर श्रम अधीक्षक संजय कुमार ने कहा कि हम सभी सामूहिक प्रयास से बाल श्रम जैसे सामाजिक कुरीतियों को खत्म कर सकते हैं। विभाग लगातार इस दिशा में प्रयास कर रहा है। संस्था द्वारा मैपिंग कर

विभाग को सूचना दी जाती है, तत्पश्चात धावा दल के माध्यम से बच्चों को रेस्क्यू कराया जाता है। इस अवसर पर बाल संरक्षण पदाधिकारी समीर कुमार ने कहा कि चाइल्ड हेल्पलाइन, संस्थान एवं बाल संरक्षण इकाई मिलकर बच्चों की समस्याओं पर कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि बच्चों पर हो रहे अत्याचार को हम सभी को मिलकर खत्म करने के लिए सभी लोगों को आगे आना होगा। समाज से बाल विवाह जैसे सामाजिक कुरीति को खत्म करना है। इस दिशा में हम सभी सामूहिक प्रयास करेंगे। वार्ड पार्षद अंजू सिंह ने कहा कि आज भी बच्चे शोषण के शिकार हो रहे हैं तथा बाल विवाह हो रहा है, जो सभ्य समाज के लिए एक धब्बा है। जिन्हें हम सभी को मिलकर खत्म करना है। जीविका के प्रभात रंजन ने कहा कि बक्सर जिले के अंदर जीविका के प्रत्येक समूह को निर्देशित किया जाएगा कि अपने सत्र में एवं अपनी बैठकों में बाल विवाह बाल, बाल श्रम जैसे मुद्दों की चर्चा करें तथा लोगों को जागरूक करें। कार्यक्रम में विषय प्रवेश कराते हुए संस्थान के सुधीर कुमार शुक्ला ने बताया कि कार्यक्रम भारत के 400 जिलों में 200 संस्थाओं के माध्यम से चलाई जा रही है, ताकि भारत के अंदर से बाल विवाह व बाल श्रम जैसी बुराई खत्म किया जा सके। मौके पर कार्यक्रम के अजीत कुमार, कार्यक्रम प्रबंधक पवित्र कुमार, डिंपल कुमारी, मुकेश कुमार ने अपनी बातों को साझा किया।

मधुपुर एवं पटना जंक्शन के बीच श्रावणी मेला स्पेशल ट्रेन

श्रावणी मेला के दौरान अतिरिक्त भीड़ से निपटने के लिए, **03157/03158 मधुपुर-पटना जंक्शन-मधुपुर श्रावणी मेला स्पेशल (साप्ताहिक) ट्रेन** नीचे उल्लेखित संक्षिप्त समय-सूची, ठहराव एवं गठन के अनुसार चलाई जाएगी:-

मधुपुर-पटना जंक्शन			03157 03158	पटना जंक्शन-मधुपुर		
दिन	आगमन	प्रस्थान	स्टेशन	आगमन	प्रस्थान	दिन
सोम	-	11.00	↓ मधुपुर	01.05	-	मंगल
	11.35	11.50	जसीडीह	00.02	00.07	
	13.30	13.32	किऊल	22.18	22.20	सोम
	17.45	-	पटना जंक्शन ↑	-	18.45	

उपरोक्त ट्रेन यात्रा के दौरान मार्ग में दोनों दिशाओं में झाझा, जमुई, लक्खीसराय, मनकठा, बड़हिया, हाथीदह, मोकामा, बाढ़, बख्तियारपुर, खुशरूपुर, फतुहा, पटना साहिब और राजेन्द्र नगर स्टेशनों पर भी ठहरेगी। **यात्रा की तिथियां और दिन: मधुपुर से 03157** एवं **पटना जंक्शन से 03158** -दिनांक 12 एवं 19.08.2024 (सोमवार) = प्रत्येक 2 ट्रिप। **गठन:** साधारण द्वितीय श्रेणी (जीएस) - 6 एवं एसएलआरडी - 2 = 8 कोच। **श्रेणी:** मेल/एक्सप्रेस।

मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक

पूर्व रेलवे

हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

संक्षिप्त समाचार

बहुआयामी प्रतिभा के धनी थे गीतकार गोपाल सिंह नेपाली

भागलपुर। साहित्यिक संस्था साहित्य सफर द्वारा मंदरोजा में अमर गीतकार गोपाल सिंह नेपाली की 113वीं जयंती के पूर्व संध्या पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। अध्यक्षता संस्था के संस्थापक जगतराम साह कर्णपुरी ने की। शुभारंभ गीतकार गोपाल सिंह नेपाली के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर कवि रंजन कुमार राय ने किया। कवि रंजन कुमार राय ने कहा कि हिंदी साहित्य के छायावादोत्तर काल के प्रमुख कवियों में गोपाल सिंह नेपाली का नाम सम्मान से लिया जाता है। मुख्य अतिथि साहित्यकार संतोष ठाकुर अनमोल ने कहा कि गोपाल सिंह नेपाली का मूल नाम गोपाल बहादुर सिंह था। उन्होंने अपना उपनाम मगन रखा था। वे गीतकार के साथ-साथ एक कवि, पत्रकार भी थे। नेपाली एक फिल्म गीतकार के रूप में भी सफल रहे। फिल्मी गीतों के माध्यम से नेपाली ने अलग पहचान बनाई। जिसके कारण उन्हें गीतों का राजकुमार कहा गया। जगतराम साह कर्णपुरी ने कहा कि भागलपुर से गोपाल सिंह नेपाली का गहरा संबंध। 17 अप्रैल 1963 को भागलपुर स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर दो पर ट्रेन से उतरने के क्रम में हृदय गति रुक जाने से उनका देहांत हो गया था। गोपाल सिंह नेपाली एक बहुआयामी प्रतिभा के धनी थे। उनकी गीत कविता आज भी हमें राष्ट्र प्रेम की प्रेरणा देती है।

मारवाड़ी कॉलेज में होगा एनएसएस का संचालन

भागलपुर। मारवाड़ी कॉलेज में एनएसएस सलाहकार समिति की बैठक शनिवार को हुई। प्राचार्य प्रो. शिव प्रसाद यादव की अध्यक्षता में हुई बैठक में एनएसएस शिविर, एनएसएस कार्यक्रम, एनएसएस स्वंसेवक, एनएसएस कार्यालय, एनएसएस अकाउंट, एनएसएस एडवाइजरी, गोद लिए गए गांव, सेहत केंद्र और अन्य विषय पर चर्चा हुई। बैठक में टीएमबीयू के एनएसएस समन्वयक डॉ. राहुल कुमार और सलाहकार समिति के सदस्यों ने निर्णय लिया कि कॉलेज में एनएसएस का संचालन इसके मैनुअल और विश्वविद्यालय के निर्देश के तहत किया जाएगा। परिसर में नवनिर्मित गेट के पास बड़े आकार का एनएसएस बोर्ड लगाया जाएगा। सेहत केंद्र का संचालन भी कैलेंडर के अनुसार किया जाएगा।

हथियार का पार्ट्स बेचने वाले को पुलिस ने किया गिरफ्तार

मुंगेर। पूरबसराय थाना की पुलिस ने हथियार तस्कर संजय शर्मा के घर पर छापेमारी एक कट्टा, 16 बैरल सहित हथियार बनाने के सामान बरामद किये हैं। पुलिस ने हथियार तस्कर को भी गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्कर ब्रह्मस्थान के संजय शर्मा को जेल भेज दिया गया। सदर डीएसपी राजेश कुमार ने बताया कि पूरबसराय थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार राय को गुप्ता सूचना मिली कि ब्रह्मस्थान के पास एक व्यक्ति हथियार की तस्करी करता है। इसके बाद जिला आसूचना इकाई टीम के सहयोग से तस्कर के घर पर छापेमारी की। तस्कर अवैध हथियार के पार्ट्स को मंगवाता था और उसे इस धंधे से जुड़े लोगों को सप्लाई करता था। उन्होंने कहा की बरामद पार्ट्स कट्टा के हैं। पहली बार इसकी गिरफ्तारी हुई है।

10 सितंबर तक चालू होगा वृद्धा आश्रम, 50 बेड की रहेगी सुविधा

मुंगेर। नगर निगम क्षेत्र में जल्द ही 100 बेड का वृद्धा आश्रम संचालित किया जाएगा। नगर आयुक्त निखिल धनराज ने बताया कि फेज-1 में 50 बेड का वृद्धा आश्रम खोला जा रहा है। इसके लिए जगह चिन्हित कर लिया गया है, जो कोर्णाक सिनेमा रोड पर अवस्थित है। उन्होंने बताया कि आत्म निर्भर बिहार सात निश्चय-2 योजना के तहत जिला के बेसहारा वृद्वजनों को सहारा देने के लिए जल्द ही जिला मुख्यालय में 50-50 बेड वाले दो आश्रय स्थलों का निर्माण नगर क्षेत्र में जल्द शुरू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री वृद्धजन आश्रय स्थल योजना के तहत 50 बेड की यूनिट को राज्य सरकार से संबंधित आवंटन की स्वीकृति मिल चुकी है। इन वृद्वजन आश्रय स्थलों के संचालन की जिम्मेदारी नगर निगम करेगी। उन्होंने कहा कि इन आश्रय स्थल के संचालन के लिए वार्षिक बजट 1 करोड़ से अधिक रुपए रखा गया है। आवंटित राशि से इसे 100 बेड का सभी सुविधाओं से संपन्न वृद्वजन आश्रय स्थल को स्थापित कर विकसित किया जाएगा। फेज-वन में 50 बेड का वृद्वा आश्रम को 10 सितंबर तक चालू कर दिया जाएगा।

शीतला सप्तमी आज, सुख-समृद्धि को बूढ़ानाथ मंदिर में उमड़ेगी भीड़

भागलपुर। शीतला सप्तमी रविवार को मनाई जाएगी। इस मौके पर बूढ़ानाथ मंदिर और मिरजान शीतला स्थान में शीतला माता की पूजा अर्चना की जाएगी। पंडित सौरभ कुमार मिश्र ने बताया कि सावन माह के कृष्ण पक्ष की सप्तमी तिथि को शीतला सप्तमी व्रत किया जाता है। व्रत से घर में सुख, शांति बनी रहती है साथ ही साथ रोगों से मुक्ति मिलती है। स्कंद पुराण के अनुसार मां शीतला दुर्गा मां पार्वती का ही अवतार हैं। ये प्रकृति की उपचार शक्ति का प्रतीक हैं। शीतला सप्तमी का व्रत करने से शीतला माता प्रसन्न होती हैं। माता को बासी खाने के प्रसाद का भोग लगाया जाता है। शीतला देवी को भोग लगाने वाले सभी भोजन को एक दिन पूर्व की बना लिया जाता है। दूसरे दिन शीतला माता को भोग लगाया जाता है। अगले दिन खाना नहीं बनाया जाता। सभी उसी खाने को ग्रहण करते हैं। शीतला सप्तमी की कथा सुनने के बाद घर आकर मुख्य प्रवेश द्वार के दोनों ओर हल्दी से हाथ के पांच-पांच छापे लगाए जाते हैं। जो जल शीतला माता को अर्पित किया जाता है, उसमें से थोड़ा सा बचाकर घर लाते हैं और उसे पूरे घर में छींट देते हैं। इससे शीतला माता की कृपा बनी रहती है और रोगों से घर की सुरक्षा होती है।

पुलिस ने देसी कट्टा सहित 16 पीस बैरल किया जब्त, मुंगेर में पूरबसराय थाना की पुलिस ने की कार्रवाई, भेजा गया जेल

मुंगेर। मुंगेर में पुरबसराय थाना की पुलिस ने हथियार तस्कर संजय शर्मा के घर पर छापेमारी कर एक देसी कट्टा, 16 पीस बैरल सहित हथियार बनाने के कई पार्ट्स को बरामद किया है। इसके साथ ही आरोपी को गिरफ्तार भी किया गया है। फिलहाल गिरफ्तार तस्कर को जेल भेज दिया गया है। सदर डीएसपी राजेश कुमार ने बताया कि पूरबसराय थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार राय को गुप्ता सूचना मिली थी कि ब्रह्मस्थान के पास एक व्यक्ति हथियार की तस्करी करता है। सूचना मिलने के बाद एसपी सैयद इमरान मसूद के निर्देश पर थाना और जिला आसूचना इकाई टीम ने छापेमारी की और हथियार को जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने आगे कहा कि आरोपी हथियार के पार्ट्स को मंगाता था और इस धंधे से जुड़े लोगों को सप्लाई करता था।

तुलसीदास की जयंती पर शिव तांडव स्तोत्र का किया पाठ

मुंगेर। गोस्वामी तुलसीदास की जयंती शनिवार को सरस्वती विद्या मंदिर, पुरानीगंज में धूमधाम से मनाई गई। मौके पर चंद्रप्रकाश झा, काशीनाथ मिश्रा, गोपाल कृष्ण एवं बच्चों ने संयुक्त रूप से दीपप्रज्वलन किया। इस कार्यक्रम की प्रस्तुति मुकेश कुमार सिन्हा द्वारा तथा कक्षा सप्तम के छात्र सागर बतौर गोस्वामी तुलसीदास की भूमिका निभा रहे थे। आचार्य काशीनाथ मिश्रा ने कहा कि पुरुषोत्तम श्री रामचंद्र के संपूर्ण जीवन को तुलसीदास ने अपनी रचना के माध्यम से मार्मिक अभिव्यक्ति दी। बंदों रघुपति करुणा निधान और रामचरित मानस के विभिन्न संदर्भों को भी काशी नाथ मिश्रा ने अपने भाषण में याद किया। मुकेश कुमार सिन्हा ने एकल गीत "सिया राम के राम सिया के गाकर सबों को मंत्र मुग्ध कर दिया। छात्र रूद्र ने शिव तांडव स्तोत्र का गायन प्रस्तुत किया। आचार्य गोपाल कृष्ण ने कहा कि गोस्वामी ने रामचरितमानस के विभिन्न पात्रों के माध्यम से मूल्य की स्थापना की।

12 संदिग्धों से पूछताछ, 30 CCTV की जांच

रौनक हत्याकांड

निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर में आत्माराम मेडिकल के संचालक के बेटे रौनक की हत्या हुई थी। पुलिस को संदेह है कि बरारी के रहने वाले शूटरों ने घटना को अंजाम दिया है। इस आधार पर शुक्रवार देर रात पुलिस ने बरारी इलाके के तीन संदिग्धों को हिरासत में लिया है। तीनों से पूछताछ की गई। सूत्रों के अनुसार एसआईटी के हेड डीएसपी अजय कुमार चौधरी ने खुद तीनों से बरारी थाने में पूछताछ की है। जिसके बाद आगे की पूछताछ के लिए तीनों को गुप्त स्थान पर ले गया। इसके अलावा गुरुवार शाम और शुक्रवार को हिरासत में लिए गए संदिग्धों से भी पूछताछ हो रही है। एसआईट अब तक 12 संदिग्ध से सवाल-जवाब कर चुकी है, पर कोई ठोस सुराग नहीं मिला है। पुलिस ने टीम एमपी द्विवेदी रोड से लेकर आसपास के इलाकों के 30 से अधिक सीसीटीवी की जांच की है, लेकिन इन फुटेज से आरोपी की पहचान नहीं हो सकी है। टीम अब और कैमरे के फुटेज की जांच करेगी। एसआईटी में शामिल एक पदाधिकारी ने बताया कि अब तक की फुटेज से कुछ स्पष्ट नहीं हो सका।

पुलिस को बरारी के शूटरों पर संदेह, एसआईटी अभी और फुटेज की जांच करेगी

कुख्यात के साथ किसी भी संबंध से इनकार: अब तक जांच में मृतक रौनक केडिया व और कुख्यात ड्रग्स तस्कर के बीच 15 दिन पूर्व के विवाद को हत्या से जोड़ कर देखा जा रहा है। पुलिस कुख्यात के नजदीकी लोगों को उठा कर उससे पूछताछ भी कर रही है। वो पूर्व में ड्रग्स की बड़ी खेप के साथ 2023 में पकड़ा गया था। जिसमें करोड़ों की कफ सीरप और नशे के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला टैबलेट शामिल था। इस कारण से ऐसी चर्चा थी कि कहीं रौनक की हत्या कुख्यात के साथ इसी विवाद के कारण तो नहीं की गई। रौनक के पिता के एक करीबी ने बताया कि मैंने बलराम से पूछा था। लेकिन उसने साफ शब्दों में उस कुख्यात से किसी भी तरह के संबंध से इनकार किया।

रात में सुरक्षा में गए जवान सुबह लौटे: रौनक केडिया की हत्या केबाद से परिजनों को असुरक्षा का खतरा बना हुआ है। परिजनों की तरफ से वरीय पुलिस अधिकारी से सुरक्षा की मांग की गई थी। पुलिस की तरफ से शुक्रवार की रात को एक महिला व पुरुष पदाधिकारी बलराम केडिया के घर तैनात किए गए थे। हालांकि शनिवार की सुबह होते ही दोनों पुलिस पदाधिकारी लौट आए। मृतक के बड़े भाई प्रतीक केडिया ने बताया कि दो पुलिस जवान आए जरूर थे, लेकिन बिना किसी जानकारी के शनिवार की सुबह चले गए। एसएसपी आनंद कुमार ने कहा कि एसआईटी की अलग-अलग टीम मामले की जांच में जुटी लगी है। कोई ठोस नतीजा आने पर जानकारी दी जाएगी।

वज्रपात से एक की मौत, 12 झुलसकर घायल

खेत में सभी लोग कर रहे थे रोपनी, हल्की बारिश के बाद ठनका गिरा

निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपर में शनिवार शाम वज्रपात से एक की मौत हो गई। 12 लोग झुलसकर घायल हुए हैं। खेत में धान रोपनी के दौरान हादसा हुआ है। घायलों में एक ही परिवार के 5 लोग घायल हुए हैं। दो की स्थिति गंभीर है। जिन्हें बेहतर इलाज के लिए हनवारा रेफर कर दिया गया है। घायलों में रणबीर कुमार, प्रयांशु कुमार, राधिका कुमार, सुलोचना देवी, राम सिंह, बिच्छू सिंह, माला देवी, चांदनी कुमारी, मधु कुमारी, चंपा कुमारी और सुनीत देवी शामिल हैं। मृतक जगदीशपुर थाना क्षेत्र के जोगीबीर निवासी मदन महतो के बेटे दिनेश महतो (45) हैं। मामला बुधुचक इलाके के सनोखर थाना क्षेत्र का है।

बेटी के ससुराल आए थे: मृतक के दामाद राम सिंह ने बताया कि सभी शनिवार को खेत में रोपनी कर रहे थे। इसी दौरान शाम में हल्की बारिश हुई। बारिश के दौरान तेज आवाज के साथ आकाशीय बिजली गिरी। जिसकी चपेट में आने से मौत हो गई। मृतक अपनी बेटी के ससुराल बुद्धू चक्र आए थे। इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने लाश को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।

महिला ने एक साथ तीन बच्चों को दिया जन्म, मां बोली- बच्चा नहीं था, तो बेटी-दामाद में झगड़ा होता था

निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर में महिला ने एक साथ तीन बच्चों को जन्म दिया है। तीनों बच्चे और मां पूरी तरह से स्वस्थ है। भागलपुर के मायागंज अस्पताल में 6 मिनट के अंदर तीनों बच्चों का जन्म हुआ है। डॉक्टरों का कहना है कि भारत में एक साथ तीन बच्चों को जन्म देने की घटनाएं हजारों में एक होती हैं। तीनों बच्चों का जन्म सिजेरियन से हुआ है। मायागंज अस्पताल से 13 किलोमीटर दूर ममलखा निवासी लक्ष्मी देवी (28) ने तीन स्वस्थ्य बच्चों को जन्म दिया। इसमें दो बेटे और एक बेटी है। मां और दोनों बच्चे स्वस्थ हैं। 2016 में लक्ष्मी की शादी झारखंड के साहिबगंज जिले के निवासी रामपुकार से हुई थी। शादी के कई साल बाद भी बच्चा नहीं हो रहा था। 2020 से लक्ष्मी इलाज करा रही थी। 4 साल बाद वह गर्भवती हुई। वहीं अब महिला ने एक साथ 3 बच्चों को जन्म दिया है। लक्ष्मी के भाई दीपक ने कहा कि भगवान भोलेनाथ ने मनोकामना पूर्ण कर दिया। 8 साल बाद एक साथ तीन किलकारी गुंजने से खुशी है। वहीं, लक्ष्मी की मां कामो देवी ने कहा कि कई जगह इलाज करवाई थी। नाती-नतनी होने से बहुत खुशी है। बच्चा नहीं होने से बेटी और दामाद में विवाद भी होता था। गर्भवती होने के दूसरे महीने में सोनोग्राफी हुई थी। लक्ष्मी के गर्भ में तीन भ्रूण की पुष्टि हुई थी। डॉक्टर ने बताया कि ट्रिपलेट प्रेग्नेंसी में एक बच्चे की जान को हमेशा खतरा बना रहता है, लेकिन तीसरे महीने की सोनोग्राफी में तीनों बच्चे स्वस्थ थे। 9वां महीना पूरा होने के 23 दिन पहले ही महिला को मायागंज अस्पताल में एडमिट कराया गया।

4 साल तक चला इलाज, डॉक्टर बोलीं- तीनों स्वस्थ

क्या बोली डॉक्टर: डॉक्टर कुमारी सुमन ने बताया कि 45 मिनट की सर्जरी के बाद लक्ष्मी ने तीनों बच्चों को जन्म दिया। सभी बच्चों का वजन भी ठीक है। सभी बच्चे स्वस्थ हैं। तीन बच्चों को जन्म देने वाली महिला को ट्रिप्लेट्स या ट्रिपलेट मॉम कहते हैं। लक्ष्मी ने पहली बच्ची को 6.13 बजे जन्म दिया, इसके एक मिनट बाद 6.14 बजे दूसरे बेटे और 6.19 बजे तीसरी बेटे को जन्म दिया। पहले बच्चे का वजन 2 किलो 500 ग्राम, दूसरे का वजन भी 2 किलो 500 ग्राम और तीसरे बच्चे का जन्म 2 किलो 200 ग्राम है।

बाढ़ के पानी में फंसी 8 माह प्रेग्नेंट महिला, मुंगेर के कृष्णानगर गांव में प्रशासन से मांगी मदद

निज संवाददाता। मुंगेर

रेस्क्यू और खाना-पानी के लिए गुहार, 25 घर डूबे



मुंगेर के बरियारपुर प्रखंड का कृष्णा नगर गांव में बाढ़ आई है। यहां 25 घर बाढ़ के पानी से घिरे हैं। लोग हाइवे की ओर शरण ले रहे। वहीं, बाढ़ में फंसी आठ महीने की प्रेग्नेंट महिला ने प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है। खाना-पानी के साथ रेस्क्यू और डॉक्टर को उपलब्ध कराने की मांग की है। बाढ़ की स्थिति को जाने के लिए दैनिक भास्कर के संवाददाता जिला मुख्यालय से 20 किलोमीटर दूर बरियारपुर प्रखंड के कृष्णा नगर गांव पहुंचे। यह गांव निर्माणाधीन फोरलेन सड़क के किनारे है। इस गांव के लगभग 25 घर बाढ़ के पानी से घिरे हुए हैं। कुछ लोग गांव से 200 मीटर की दूरी नेशनल हाईवे पर शरण लेने को मजबूर हैं तो कुछ अभी भी दो दिनों से बाढ़ के बीच अपने घरों में शरण लिए हुए हैं।

प्रशासन से चिकित्सक की मांग: कृष्णा नगर गांव की रहने वाली गर्भवती महिला चंदा देवी ने बताया कि वो 8 माह की गर्भवती है। दो दिनों से अपने कच्चे मकान में परिजनों के साथ रह रही है। गर्भवती महिला ने बताया कि घर के आसपास पानी रहने के कारण वह बाढ़ के पानी से निकल नहीं पा रही है। उसने नाव की मांग करते हुए प्रशासन से खाना और स्वच्छ पानी के अलावा देखने के लिए चिकित्सक की मांग की है।

200 मीटर दूर है सुरक्षित स्थान: जिस जगह पर चंदा देवी बाढ़ के पानी से घिरी है, वहां से सुरक्षित स्थान की दूरी 200 मीटर है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लगभग 2 किलोमीटर की दूरी पर है। चंदा देवी ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्र से रेस्क्यू कर निकालने के लिए प्रशासन से गुहार लगाई है। बता दें कि गंगा का जलस्तर वार्निंग लेवल 38.33 शनिवार की शाम 6 बजे ही पार कर गया। रविवार की सुबह 10 बजे गंगा का पानी 38.48 बताया गया है। इधर, गंगा का जलस्तर लगातार वृद्धि होने के कारण जो नए क्षेत्र हैं, वहां गंगा का पानी प्रवेश कर गया है जबकि कई गांव की गंगा के पानी से पूरी तरीके से घिर चुका है। ग्रामीण परमानंद पासवान, मनीषा देवी, काजल कुमारी, मोनी कुमारी ने बताया कि गंगा के जलस्तर में वृद्धि होने के कारण हम लोगों का घर बाढ़ के पानी में डूब गया है। अब हम लोग सुरक्षित स्थानों पर पलायन कर रहे हैं। काजल कुमारी ने बताया कि घर में बाढ़ का पानी आ जाने के कारण हम लोग छोटे-छोटे बच्चों को लेकर सड़क किनारे ही दो दिनों से शरण लिए हैं। मामले में जिला आपदा प्रभारी कुमार अभिषेक ने फोन पर बताया कि मैं अपने पदाधिकारी से तुरंत इस बारे में बात करूंगा। वहां एसडीआरफ की टीम को भेजकर रेस्क्यू करवाया जाएगा।

बिजली के पोल से टकराकर डूबी नाव, तीन लापता

निज संवाददाता। भागलपुर

खगड़िया में बागमती नदी की उपधारा में हाईटेंशन वायर के पोल से टकराने के बाद नाव डूब गई। नाव पर 40 लोग सवार थे। जिसमें ज्यादातर महिलाएं और बच्चे थे। हादसे में 2 महिला समेत तीन लोग लापता हो गए। बाकी लोगों ने तैरकर अपनी जान बचाई। नाव नदी के एक छोर से दूसरी छोर जा रही थी। तभी हादसा हुआ। लापता लोगों की खोजबीन में एसडीआरएफ और स्थानीय लोग जुटे हुए हैं। बताया जा रहा कि नाव से किसान और पशुपालक दियारा जा रहे थे। नाव जैसे ही कुछ दूर गई पोल से टकरा कर पलट गई। हादसा खगड़िया जिले के मानसी थाना क्षेत्र के किडड़िया घाट की है। लापता होने वालों में अमला देवी (50) समेत अन्य दो हैं। जिनकी पहचान अभी नहीं हुई है। थाना अध्यक्ष ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस सक्रिय हो गई। सभी लोग नाव पर सवार होकर परवल तोड़ने दियारा क्षेत्र जा रहे थे। मालूम हो कि शनिवार को भी खगड़िया-सहरसा को जोड़ने वाली मुख्य सड़क झीमा गांव के समीप नाव पलटी थी। बताया जाता है सड़क टूट जाने के कारण इस जगह गड्ढा हो गया था। जिसमें बाढ़ का पानी फैल गया। लोग नाव पर सवार होकर आवागवन करते थे।

कोसी और गंडक समेत उत्तर बिहार की 5 नदियां उफनाईं

निज संवाददाता। भागलपुर

बिहार में गंगा अब भी उफान पर है। हालांकि 24 घंटे में गंगा का जलस्तर बक्सर में 8 सेमी घटा है। लेकिन, पटना से लेकर कहलगांव तक जलस्तर में बढ़ोतरी हुई है। भागलपुर में गंगा का जलस्तर 33.02 मीटर दर्ज किया गया। यहां डेंजर लेवल 33.68 मीटर, हाई फ्लड लेवल 34.86 मीटर है। गंगा यहां चेतावनी बिंदु 32.68 मीटर से ऊपर बह रही है। सुल्तानगंज और कहलगांव में गंगा का जलस्तर डेंजर लेवल के पास पहुंच चुका है। सुल्तानगंज में गंगा का जलस्तर 35.25 मीटर और कहलगांव में डेंजर लेवल से ऊपर 31.25 मीटर जलस्तर दर्ज हुआ। उधर, नाथनगर के मोहनपुर दियारा में सैकड़ों किसानों का वासा डूब गया है। लोग ऊंचे स्थान पर जाने लगे हैं। शंकरपुर में भी गंगा का पानी घुस गया है। मुंगेर में गंगा का जलस्तर शनिवार को वार्निंग लेवल के पार पहुंच गया। दियारा क्षेत्र के लोगों के घरों में पानी घुसने लगा है। भेलवा, तौफिर, जाफरनगर, टीकारामपुर, तारापुर, नौवागढ़ी, बरियारपुर व जमालपुर प्रखंड क्षेत्र के नए इलाकों में पानी प्रवेश कर गया है। तारापुर के सीता कुंड डीह में गंगा किनारे बने पक्के मकान भी पानी से घिर गए हैं। प्रभावित इलाकों के लोग सुरक्षित स्थान पर जाने लगे हैं। उधर, पटना के दीघा घाट पर 3 सेमी, गांधी घाट पर 66 सेमी, हाथीदह में 43 सेमी खतरे के निशान से ऊपर गंगा का जलस्तर है। वहीं, उत्तर बिहार की पांच नदियां भी लाल निशान से ऊपर है। इसमें गंडक, कोसी, बागमती, बूढ़ी गंडक और परमार नदी शामिल है। छपरा शहर के निचले इलाके में सरयू नदी का पानी घुस गया है। दर्जनों घर पानी से घिर गए हैं। वहीं दियारा इलाक़ा में भी बाढ़ फैल रही है। बक्सर जिले में गंगा की सहायक नदी ठोरा का जलस्तर बढ़ रहा है। सड़क पर पानी चढ़ने से करहंसी गांव का इटाढ़ी प्रखंड से संपर्क टूट गया है। अतरौना रोड पर भी बाढ़ का पानी चढ़ गया है। इधर, गंगा नदी के जलस्तर में कमी आ रही है। शनिवार को सुबह 8 बजे 59.470 मीटर दर्ज किया गया। शाम 6 बजे यह घटकर 59.390 मीटर पर पहुंच गया।

आगे क्या...एक से दो दिन में पानी कम होने की संभावना: जल संसाधन विभाग के मुताबिक इलाहाबाद, वाराणसी के साथ बक्सर में गंगा का जलस्तर घट रहा है। एक से दो दिन में गंगा का पानी पटना को पार करेगा। इसके साथ ही जलस्तर में कम आनी शुरू होगी। यह स्थिति तब होगी जब बारिश नहीं हो। जमालपुर प्रखंड क्षेत्र के नए इलाकों में पानी प्रवेश कर गया है। तारापुर के सीता कुंड डीह में गंगा किनारे बने पक्के मकान भी पानी से घिर गए हैं। प्रभावित इलाकों के लोग सुरक्षित स्थान पर जाने लगे हैं। उधर, पटना के दीघा घाट पर 3 सेमी, गांधी घाट पर 66 सेमी, हाथीदह में 43 सेमी खतरे के निशान से ऊपर गंगा का जलस्तर है। वहीं, उत्तर बिहार की पांच नदियां भी लाल निशान से ऊपर है। इसमें गंडक, कोसी, बागमती, बूढ़ी गंडक और परमार नदी शामिल है। छपरा शहर के निचले इलाके में सरयू नदी का पानी घुस गया है। दर्जनों घर पानी से घिर गए हैं। वहीं दियारा इलाक़ा में भी बाढ़ फैल रही है। बक्सर जिले में गंगा की सहायक नदी ठोरा का जलस्तर बढ़ रहा है। सड़क पर पानी चढ़ने से करहंसी गांव का इटाढ़ी प्रखंड से संपर्क टूट गया है। अतरौना रोड पर भी बाढ़ का पानी चढ़ गया है। इधर, गंगा नदी के जलस्तर में कमी आ रही है। शनिवार को सुबह 8 बजे 59.470 मीटर दर्ज किया गया। शाम 6 बजे यह घटकर 59.390 मीटर पर पहुंच गया।

संक्षिप्त समाचार

जहानाबाद में आपसी विवाद में चली गोली, घटनास्थल से देसी कट्टा-खोखा जब्त

जहानाबाद, एजेंसी। जहानाबाद में टेहका थाना क्षेत्र के हृदय बीघा गांव में फायरिंग हुई है। इस दौरान अफरा-तफरी का माहौल हो गया। बताया जाता है कि जमीन विवाद में दो पक्षों में गोलीबारी की घटना हुई है। जानकारी के अनुसार रविंदर यादव और राम लखन यादव के बीच जमीन विवाद चल रहा था, इसी को लेकर रविंदर यादव ने गोलीबारी की है।

लेकिन, इस गोलीबारी की घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। हथियार लहराते हुए वीडियो बनाकर किसी ने सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया, जैसे ही यह वीडियो पुलिस के हाथ लगा पुलिस हरकत में आ गई और घटनास्थल पर पहुंचकर छानबीन करने लगी। घटनास्थल से एक देसी कट्टा और एक खोखा भी बरामद किया गया है।

दो पक्षों के बीच हुई गोलीबारी: वहीं, प्रशिक्षु डीएसपी निशांत कुमार ने बताया कि हृदय बीघा गांव में जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में गोलीबारी हुई है। लेकिन, गोली हवा में चलाई गई है। इसके कारण कोई व्यक्ति हताहत नहीं हुआ है। राम लखन यादव ने थाना में लिखित आवेदन दिया है। पुलिस अपने स्तर से मामले की जांच कर रही है। इस घटना को अंजाम देने वाले की पुलिस तलाश कर रही है, उसे जल्द से जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा। बताया जाता है कि कई सालों से दोनों के बीच जमीन विवाद चल रहा था, इसी को लेकर गोलीबारी की घटना हुई है।

भूत -प्रेत के चक्कर में सो रहे चचेरे भाई को मारी गोली, इलाके में मचा हड़कंप; जांच में जुटी पुलिस

आरा, एजेंसी। भोजपुर जिले के चांदी थाना क्षेत्र के मठियापुर गांव में शनिवार की देर रात हथियारबंद बदमाशों ने घर के बाहर सो रहे एक किसान को गोली मार दी और फरार हो गए। जख्मी 55 वर्षीय सुनील साव चांदी थाना क्षेत्र के मठियापुर गांव निवासी स्व.शिव जन्म साव के पुत्र है। वे पेशे से किसान है। जख्मी किसान को गोली दाएं साइड सिर में लगी है।

सदर अस्पताल,आरा में प्राथमिक उपचार करने के बाद उनकी हालत को चिंताजनक देते हुए पटना रेफर कर दिया गया है। हमलावर दो की संख्या में थे। इधर, एसपी प्रमोद कुमार ने बताया कि शुरुआती में पूछताछ में भूत-प्रेत के चक्कर में चचेरे भाई पर ही गोली मारने का आरोप लगाया जा रहा है। पुलिस हर एंगल से जांच कर रही है। संदिग्धों से पूछताछ भी चल रही है। घटना रात डेढ़ बजे के आसपास की है।

इधर ,जख्मी किसान की पत्नी मालती देवी ने बताया कि शनिवार की देर रात उनके पति घर के बाहर मच्छरदानी में सोए हुए थे। साथ में वह भी थी। इस दौरान दो हथियारबंद बदमाश वहां आ धमके और बिना कुछ बोले उनके दाएं साइड सिर में गोली मार दी। गोली की आवाज और खून के छींटे शरीर पर पड़ी तो वह जगी। इसके बाद दोनों बदमाश वहां से भाग गए।

इधर, चिल्लाने की आवाज सुनकर घर में सो रहे अन्य सदस्य बाहर आए । इसके बाद उन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। प्राथमिक उपचार करने के बाद उनकी हालत को चिंताजनक देखते हुए पटना रेफर कर दिया गया। दूसरी ओर जख्मी किसान की पत्नी मालती देवी ने बताया कि विवाद तो है, लेकिन क्या विवाद है ,यह उन्हें नहीं मालूम है। पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है।

मिस यूनिवर्स बिहार बनीं काजल सीएम नीतीश कुमार से की मुलाकात

पटना, एजेंसी। मिस यूनिवर्स इंडिया प्रतियोगिता में बिहार की बेटी काजल रानी का चयन हुआ है. उन्होंने शनिवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से शिष्टाचार मुलाकात की. मिस यूनिवर्स बिहार प्रतियोगिता का आयोजन पटना में हुआ था, जिसमें काजल रानी मिस यूनिवर्स बिहार चुनी गई. अब दिल्ली में होने वाली मिस यूनिवर्स इंडिया प्रतियोगिता में वे बिहार का प्रतिनिधित्व करेंगी. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने काजल को शुभकामनाएं दिया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

नेपाली जयंती पर साहित्य सम्मेलन में आयोजित हुआ 'सावन महोत्सव कवयित्री-सम्मेलन',

निज संवाददाता | पटना

मेरा धन है स्वाधीन कलम' के अमर रचनाकार कविवर गोपाल सिंह नेपाली तथा मनोविज्ञान के साहित्यकार मेजर बलवीर सिंह 'भसीन' की जयंती पर रविवार को, बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन में कवयित्रियों का साम्राज्य रहा। हरे रंग के परिधानों में सज-धज कर आयीं कवयित्रियों ने सावन के रस में भीगी कविताओं से श्रोताओं को सरावोर कर दिया। सम्मेलन में 'सावन महोत्सव कवयित्री-सम्मेलन का आयोजन किया गया था। तीन दर्जन से अधिक कवयित्रियों ने अपनी सतरंगी रचनाओं का पाठ किया। कवयित्री सम्मेलन का आरंभ चंदा मिश्र की वाणी-वंदना से हुआ। उसके पश्चात वरिष्ठ कवयित्री आराधना प्रसाद ने इन पंक्तियों से सावन का आह्वान किया कि "मेरी साधना, व्रत, उपासना सबकुछ तुझको अर्पित है/ हिय की धड़कन अधर की विहँसन तेरे लिए समर्पित है"। डा पुष्पा जमुआर ने सावन का चित्र इस प्रकार खींचा कि "बूँद की रुनझुन पहन कर पायल/ घटाएँ सावन की बरस रही झमाझम"। अभिलाषा सिंह का कहना था कि "छोड़ गए हो जबसे साजन/ सता रहा यह निष्ठुर सावन"। डा पूनम आनन्द ने जब यह कहा कि "जब मेघों ने ली अंगड़ाई/ बौखलाई गर्मी जा कहीं दुबकाई" तो हाथ खोलकर श्रोताओं ने गीत का स्वागत किया। प्रो पुष्पा गुप्ता के विरह गीत "पड़े रिमझिम फुहार/ आयी बरखा बहार/ गोरियाँ करे मनुहार/ अब आजा बलम परदेसी!" को भी बड़े प्रेम से सुना गया। डा पूनम सिन्हा श्रेयसी ने अपनी भावना इस रूप में व्यक्त की कि "तपते मन के आँगन में अब बूँदों की बौछार लिखूँ/ रिमझिम रिमझिम बारिश में फिर प्रेम भरा मनुहार लिखूँ।" वरिष्ठ कवयित्री डा सुधा सिन्हा, डा सुमेधा पाठक, इंदु उपाध्याय, लता प्रासर, मीरा श्रीवास्तव, राजकांता राज, मधुरानी लाल, डा प्रतिभा रानी,डा अनिता मिश्र सिद्धि, डा विद्या चौधरी, सुनीता रंजन, ज्योति मिश्रा, नीता सहाय, कुमारी उषा सिंह, निशा पराशर, कुमारी मेनका आदि कवयित्रियों ने ऋंगार-रस में डूबी अपनी सुमधुर रचनाओं से श्रोताओं को सरापा भिगो दिया। कवयित्री-सम्मेलन के पूर्व सम्मेलन अध्यक्ष डा अनिल सुलभ की अध्यक्षता में नेपाली जी और मेजर भसीन को श्रद्धापूर्वक स्मरण किया गया। डा सुलभ ने कहा कि नेपाली जी विलक्षण प्रतिभा के स्वाभिमानी और राष्ट्रभक्त कवि थे। वे प्रेम, प्रेरणा और ऋंगार के स्वर तथा अपने समय के सबसे लोकप्रिय कवि थे। भारत-चीन युद्ध के दौरान, देश-जागरण के उनके गीतों के कारण, उन्हें 'वन मैन आर्मी' कहा जाने लगा था। उनकी लेखनी से गीतों की निर्झरनी बहती थी। उनकी पंक्तियाँ "बदनाम तो हैं बँटमार मगर, घर को रखवालों ने लूटा/ मेरी दुलहन सी रातों को नौ लाख सितारों ने लूटा", आज भी मन के किसी कोने में गहरे उतर जाती है। डा सुलभ ने कहा कि, नेपाली जी शब्दों, भावों और काव्य-कल्पनाओं के ही नहीं 'स्वाभिमान' के भी धनी थे। उन्होंने कभी भी अपने स्वार्थ में, न तो किसी की निंदा की और न ही किसी का वंदन ही किया। उन्होंने अपनी इन पंक्तियों में ही विराट चेतना का परिचय दिया कि, "लिखता हूँ अपनी मर्ज़ी से/ बचता हूँ कैंची दर्ज़ी से/ आदत न रही कुछ लिखने की निन्दा-वंदन ख़ुदगर्ज़ी से/ तुम दलबंदी में लगे रहे, यह लिखने में तल्लीन कलम/ मेरा धन है स्वाधीन कलम"। नेपाली की ये पंक्तियाँ संसार के सभी नेक कवियों के संकल्प की अभिव्यक्ति है। मेजर भसीन को स्मरण करते हुए उन्होंने कहा कि मेजर साहेब सिद्धांतों पर अडिग रहने वाले एक सच्चे और अच्छे भारतीय कवि थे। उनका राष्ट्रवाद मानवजाति की एका से उपजी भारतीयता में था। उनका काव्य-संग्रह 'एक हिंदुस्तानी की खोज' उनके उन्हीं विचारों की अभिव्यक्ति है। समारोह के मूख्य अतिथि और विधान-पार्षद डा राज वर्द्धन आज़ाद ने कहा कि नेपाली जी को हमने बचपन में ही पढ़ा था। उनके गीत मन को झकझोरते हैं। उद्योग विभाग में विशेष सचिव दीलीप कुमार, भारतीय प्रशासनिक सेवा के पूर्व अधिकारी बच्चा ठाकुर और डा ओम् प्रकाश पाण्डेय ने भी दोनों वरेण्य कवियों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की। मंच का संचालन कवयित्री डा शालिनी पाण्डेय ने किया। प्रबुद्ध श्रोताओं में कवि जय प्रकाश पुजारी, प्रो सुशील कुमार झा, कृष्णरंजन सिंह, विनोद कुमार झा, सूर्य प्रकाश उपाध्याय, नीरव समदर्शी, भास्कर त्रिपाठी, डा विजय कुमार, विपिन चंद्र, साकिब हुसैन, डा चंद्रशेखर आज़ाद सम्मिलित थे।

मुजफ्फरपुर में बांग्लादेशी समझ जिस साधु वेशधारी को पकड़ा, निकला दिल्ली का भिखारी

मुजफ्फरपुर, एजेंसी। ब्रह्मपुरा थाना के चांदनी चौक के निकट जिस साधु वेशधारी को बांग्लादेशी समझ कर लोगों ने पकड़कर पुलिस के हवाले किया, वह दक्षिणी दिल्ली का भिखारी कन्हैयालाल निकला। उसके पास से तुर्की, नेपाल, भूटान, कतर व मलेशिया सहित कई इस्लामिक देशों की करेंसी (मुद्रा) मिली थी। इससे संदेह गहरा गया था। पकड़े जाने के बाद लोगों की पिटाई से बचने के लिए वह अपने को बांग्लादेश का यूसुफ बताने लगा। शुरू में पुलिस भी उसे संदिग्ध मान रही थी। बाद में जब गहन जांच की गई तो दक्षिणी दिल्ली के स्थाई निवासी के रूप में पुष्टि हुई। नगर एएसपी भानुप्रताप सिंह ने बताया साधु वेशधारी की जांच की गई। उसके भारतीय नागरिक होने व दक्षिणी दिल्ली के निवासी होने का साक्ष्य मिला है।

वह भीख मांगने के क्रम में मुजफ्फरपुर चला आया। उसके पास से कई दूसरे देशों की करेंसी मिली है। इसकी संख्या काफी कम है। संभव है दिल्ली में भीख मांगने के दौरान उसे विदेशी नागरिक से यह करेंसी मिली हो। उसके बांग्लादेशी होने का कोई प्रमाण नहीं मिला है।

चांदनी चौक से कथित बांग्लादेशी के पकड़ाने की सूचना इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित होने से शहर में हड़कंप मच गया था। बांग्लादेश की वर्तमान हालात को देखते हुए कई तरह की आशंका होने लगी थी।

शुरू में वह पुलिस के समक्ष काफी घबराया था। जब वह सामान्य हुआ तो उसने दिल्ली निवासी होने के संबंध में सारी जानकारी पुलिस को उपलब्ध कराई। सत्यापन कराया गया, तो वह सही निकला।

बांग्लादेश में हिंसा के बीच वहां मेडिकल की पढ़ाई कर रही 70 भारतीय छात्राएं वापस अपने वतन पहुंच गई हैं। इन्हें कॉलेज प्रशासन द्वारा कड़ी सुरक्षा के बीच बांग्लादेश से लगने वाले भारत के बंगाल बार्डर तक सुरक्षित पहुंचा दिया। जहां से सभी छात्रा अपने अपने घर पहुंच गईं। पटना के दानापुर और महुआ की छात्राओं ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि हम सभी कॉलेज में पुरी तरह सुरक्षित थे मगर हंगामे की खबर से डर लगता था मगर कॉलेज प्रशासन हमारी सुरक्षा के प्रति काफी गंभीर और मुश्तैद था।

गर्भवती का पानी भरे गड्ढे से शव बरामद-वैशाली में अर्धनग्न अवस्था में मिली महिला की लाश

हाजीपुर (वैशाली), एजेंसी। वैशाली में एक अज्ञात गर्भवती महिला का शव बरामद किया गया है। पानी भरे गड्ढे में शव मिला है। इससे क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। हालांकि, अभी तक महिला की पहचान नहीं हो सकी है। तिसीऔता थाना की पुलिस ने थाना क्षेत्र के महथी धर्मचंद गांव स्थित चंवर से शव निकाला है।

गर्भवती महिला के शव पर स्थानीय लोगों की नजर पड़ी थी। घास काटने गए कुछ लोगों की नजर पानी में उपलाते हुए शव पर पड़ी। इसके बाद लोगों ने तिसीऔता थाना की पुलिस को सूचना दी। घटना की जानकारी मिलते ही थानाध्यक्ष सत्येंद्र सत्यार्थी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। शव को पानी से निकलवा कर पहचान कराने की काफी कोशिश की। लेकिन पहचान नहीं होने पर आवश्यक कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल हाजीपुर भेज दिया।

महिला का शव अर्धनग्न अवस्था में मिला: बताया गया कि महिला की कहीं और हत्या करने के बाद साक्ष्य छुपाने के उद्देश्य से शव को ई-रिक्शा से लाकर पानी में फेंक दिया गया है। चंवर में ई-रिक्शा जैसे वाहन के टायर का निशान भी देखा गया है। स्थानीय लोगों ने बताया कि महिला गर्भवती लग रही थी। वहीं, महिला का शव अर्धनग्न अवस्था में था।

72 घंटे तक पहचान के लिए शव रखा जाएगा: इस संबंध में थानाध्यक्ष ने बताया कि महथी धर्मचंद चंवर में एक अज्ञात महिला का शव मिलने की सूचना मिली थी। पुलिस मौके पर पहुंच कर शव की पहचान करने की काफी कोशिश की। लेकिन पहचान नहीं होने पर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया है। पोस्टमॉर्टम के बाद 72 घंटे तक पहचान के लिए रखा जाएगा। इसके बाद अंतिम संस्कार कर दिया जाएगा। पुलिस परिजनों की पहचान करने में जुटी है।

पटना में अतीक हत्याकांड जैसी वारदात को अंजाम देने की कोशिश ! आरोपी ने पिता के हत्यारे पर अस्पताल में कर दी फायरिंग

दानापुर/पटना, एजेंसी। उत्तरप्रदेश के प्रयागराज में कॉल्विन अस्पताल के गेट पर हुई गैंगस्टर अतीक अहमद की गोली मारकर हत्या करने की पुनरावृत्ति पटना के दानापुर अनुमंडल अस्पताल में शनिवार को हो सकती थी, लेकिन मिस फायर होने के कारण बड़ी वारदात टल गई।बिहार पुलिस के 25 हजार के इनामी नीतीश कुमार (माधोपुर, शाहपुर) को पुलिस जेल भेजने से पूर्व मेडिकल जांच कराने के लिए दानापुर अनुमंडल अस्पताल लाई थी। वहां काफी भीड़ थी। इसी का फायदा उठाकर शिव कुमार उर्फ शिवा पिस्टल लेकर अस्पताल परिसर में दाखिल हुआ।

पुलिसकर्मी जैसे ही उसकी मेडिकल जांच करा अस्पताल से बाहर निकले कि शिवा ने नीतीश पर पिस्टल तान दी और ट्रिगर दबा दिया। हालांकि, गोली मिस फायर हो गई।पुलिसकर्मियों ने शिवा को हथियार समेत दबोच लिया। दोनों चचेरे भाई हैं। नीतीश पर शिवा के पिता झूलन राय की हत्या का आरोप है।एएसपी दीक्षा ने बताया कि शिवा के पास से पिस्टल, दो मैग्जीन और नौ कारतूस जब्त किए गए हैं। वह पिता की हत्या का बदलने लेने के लिए नीतीश

की हत्या करना चाहता था।हाल में उसने पिस्टल खरीदी थी। आर्म्स तस्कर का पता लगाया जा रहा है। इधर, नीतीश को कोर्ट में प्रस्तुत कराने के बाद जेल भेज दिया गया।

22 वर्षीय नीतीश वर्ष 2019 से ही बालू, हथियार और शराब के अवैध कारोबार में कूद चुका था। इसी को लेकर हुए विवाद में उसने चचेरे भाई मनीष और चाचा झूलन राय की हत्या कर दी थी।उस पर रंगदारी, आर्म्स एक्ट, मानिंग एक्ट समेत छह मामले दर्ज हैं। चाचा की हत्या के मामले में पुलिस ने उसकी संपत्ति भी कुर्क की थी। तब वह हैदराबाद में छिपा था।

मनीष और झूलन राय की हत्या के बाद नीतीश शाहपुर के दियारा इलाके में नहीं जा रहा था। कुर्की जब्ती के बाद वह दोबारा शाहपुर आया और यहीं छिप कर रहने लगा।वह मोबाइल का इस्तेमाल नहीं करता था, लेकिन फेसबुक समेत इंटरनेट मीडिया के दूसरे प्लेटफार्म पर सक्रिय था। उसने फेसबुक पर मनीष और झूलन के स्वजन को केस उठाने की धमकी भी दी।

सिटी एसपी (पश्चिमी) अभिनव धीमान ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि शंकरपुर दियारा घाट के पास नीतीश अवैध बालू लदी नावों से रंगदारी वसूल रहा है। उसके पास हथियार भी है।पुलिस ने इलाके की घेराबंदी कर दी और तभी नीतीश दो साथी कुणाल कुमार (शंकरपुर, शाहपुर) और अमन कुमार (सलहली, अकिलपुर, सारण) के साथ बाइक से भागने लगा।पुलिस ने उसका पीछा किया तो वह बाइक समेत सड़क पर गिर पड़ा, जिससे उसके सिर और चेहरे पर गंभीर चोटें आईं। वहीं, कुणाल और अमन फरार होने में कामयाब रहे।नीतीश के पास से कट्टा और दो कारतूस बरामद किए गए। इसके अलावा डोंगल मिला, जिसके माध्यम से वह इंटरनेट का इस्तेमाल करता था।

बिहार में जल्द खुलेंगे 18,380 नए आंगनवाड़ी केंद्र, बिहार ने केंद्र सरकार के समक्ष इसकी रखी मांग

पटना, एजेंसी। बिहार राज्य में 18,380 नए आंगनवाड़ी केंद्र जल्द ही खोले जाएंगे. बिहार ने इसकी मांग केंद्र सरकार के समक्ष रखी है. बिहार की मांग को केंद्रीय मंत्री ने गंभीरता से लेते हुए हर संभव मदद देने का आश्वासन दिया है. केंद्रीय मंत्री ने बिहार सरकार समाज कल्याण विभाग के मंत्री और अधिकारियों के साथ जल्द ही देर न करते हुए दिल्ली में एक बैठक करने की बात उन्होंने कहा है.

शनिवार को केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अनपूर्णा देवी बिहार समेत सभी राज्यों के समाज कल्याण मंत्री के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए जुड़ी थीं. इसमें सभी राज्यों ने केंद्र सरकार के समक्ष अपना सुझाव रखा. बिहार के समाज कल्याण मंत्री मदन सहनी ने बिहार की आबादी को देखते हुए 18,380 नए आंगनवाड़ी केंद्र खोलने की मांग रखी. इसके साथ बिहार सरकार ने केंद्र में पोषाहार की राशि बढ़ाने, 10 नए जिलों में वन स्टॉप सेंटर का भवन निर्माण और संचालन सहित और भी कई मांग केंद्रीय मंत्री के समक्ष रखा. बैठक में बिहार से आइसीडीएस निदेशक कौशल किशोर और ओएसडी बीरेंद्र कुमार मौजूद थे. राज्य के छह हजार गरीबों को आवासों की मरम्मत के लिए बिहार सरकार 50-50 हजार रुपए देगी. मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास सहायता योजना से इस पर कुल 30 करोड़ रुपए सरकार खर्च करेगी. इस राशि से टूटे-फूटे पुराने इंदिरा आवासों की मरम्मत का कार्य किया जा सकेगा.

वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए ग्रामीण विकास विभाग ने जिलावार लक्ष्य तय कर दिया है. एससी-एसटी व अत्यंत पिछड़ा वर्ग के लाभुकों को इस योजना का लाभ मिलेगा. ग्रामीण विकास विभाग ने राज्य के सभी डीडीसी को पत्र भेजकर इसकी जानकारी दी है. प्रथम किस्त में 40 हजार व दूसरी किस्त में 10 हजार रुपये लाभुकों को मिलेंगे।

मुजफ्फरपुर में खुदीराम बोस के नाम पर बनेगा म्यूजियम, त्रिभुज प्रमंडल के आयुक्त ने की घोषणा

मुजफ्फरपुर, एजेंसी। अमर बलिदानी खुदीराम बोस के बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। अमर शहीद खुदीराम बोस केंद्रीय कारा में आयोजित श्रद्धांजलि समारोह में फैंसी स्थल व विशेष सेल में हवन माल्यार्पण की गई इस अवसर पर उन्हें सलामी दी गई।

श्रद्धांजलि के बाद त्रिभुज प्रमंडल के आयुक्त गोपाल मीणा ने कहा कि केंद्रीय कारा में अमर बलिदानी खुदीराम बोस के नाम पर म्यूजियम बनाया जाएगा और फांसी स्थल को विकसित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सबसे कम उम्र में बलिदान देने वाले खुदीराम बोस के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता।

मीडिया कर्मियों के सवाल के जवाब में कहा कि जेल मैनुअल में फिलहाल आम आदमी के दर्शन पूजन की व्यवस्था नहीं है। लेकिन आने वाले दिनों में यह पहल होगी कि अमर शहीद खुदीराम बोस से जुड़े फांसी स्थल और सेल का दर्शन आम आदमी भी कर सके।

जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सिंह ने कहा कि युवा पीढ़ी को अमर बलिदानी खुदीराम बोस के जीवन से प्रेरणा मिलती है।

अमर बलिदानी के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने कहा कि बलिदान दिवस पर केंद्रीय कारा में हर साल श्रद्धांजलि दी जाती है। इस साल भी श्रद्धांजलि सभा में प्रशासन के वरीय अधिकारी के साथ सामाजिक संगठन के प्रतिनिधि शामिल हुए।

उन्होंने अमर बलिदानी खुदीराम बोस के गांव से आए लोगों का अभिनंदन किया। उनकी ओर से दिए गए मांग पत्र को पर उचित कार्रवाई करने का भरोसा दिया। इसके साथ ही अमर शहीद खुदीराम से जुड़े स्मारक स्थल चिता भूमि पर भी लोगों ने जाकर श्रद्धांजलि दी।

जिलाधिकारी ने कहा कि मुजफ्फरपुर के अमर शहीद खुदीराम बोस केंद्रीय कारा में 11 अगस्त आज ही के दिन खुदीराम बोस हंसते-हंसते फांसी पर चढ़ गए थे। शहीद खुदीराम बोस मूल रूप से पश्चिम बंगाल के मिदनापुर गांव के रहने वाले थे। स्वतंत्रता संग्राम के दौरान अंग्रेजों ने गिरफ्तार कर मुजफ्फरपुर जेल में फांसी दे दी थी। उस वक्त बिहार बंगाल प्रेसीडेंसी में ही आता था।

इस मौके पर तिरहुत प्रमंडल के आईजी पुलिस शिवदीप लांडे, एसएसपी राकेश कुमार, नगर आयुक्त नवीन कुमार, सिटी एसपी अवधेश दीक्षित, एसडीओ पूर्वी अमित कुमार जेल अधीक्षक बृजेश सिंह मेहता, निगम पार्षद केपी पप्पू सहित खुदीराम बोस कि जन्मभूमि से आए लोगों ने श्रद्धा सुमन अर्पित किया। यहां 110 लोग अलग-अलग संगठन के शामिल हुए। अमर बलिदानी खुदीराम बोस की अंतिम इच्छा को पूरा करने को लेकर मिदनापुर से उनके गांव से टोली आई।मेदिनापुर से आई टोली का नेतृत्व कर रहे अमर शहीद खुदीराम बोस स्मृति विद्यालय के संस्थापक प्रकाश हलधर ने कहा कि अमर बलिदानी खुदीराम बोस की यादें उनके पैतृक गांव के लोग दिल में संजोए हुए है।

वह अमर बलिदानी के गांव की मिट्टी व सिद्धेश्वरी काली माता मंदिर का प्रसाद लेकर आए हैं। इसके साथ एक पौधा भी लाए जिसको कारा प्रशासन को दिया। उनके साथ उषा हलधर, प्रीति लता हलधर, अनिरूद्ध हलधर, देवेश हलधर, मामूनी दत्ता घोष, एंजल घोष व संतोष गताइत शामिल रहे। हलधर ने बताया कि वह 1995 से यहां पर लगातार आकर श्रद्धांजलि दे रहे हैं। सिद्धेश्वरी काली माता का प्रसाद, गांव की माटी उनके फांसी स्थल और चंदवारा सोडा गोदाम स्थित चिता भूमि पर अर्पित किया। खुदीराम बोस कि आखरी इच्छा को पूरा कर वह खुद को वह धन्य मानते है। अमर शहीद खुदीराम बोस केनद्रीय कारा के अधीक्षक बृजेश सिंह मेहता ने कहा कि कारा परिसर में फांसी स्थल व विशेष सेल है। दोनों स्थल का रंग रोगन कराया गया ।

संक्षिप्त समाचार

जोड़-तोड़ की राजनीति में फंसी भाजपा महानगर कमेटी की घोषणा

धनबाद, एजेंसी। भाजपा धनबाद महानगर जिला कमेटी की घोषणा होल्ड कर दी गयी है. कई पदों को लेकर पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के बीच सहमति नहीं बन पा रही है. विधानसभा चुनाव के ठीक पहले पार्टी नेतृत्व यहां विवाद से बचना चाहती है. इसलिए जिन नामों पर ज्यादा सहमति बनेगी. उन्हें ही जिम्मेदारी दी जा सकती है. झारखंड के लगभग सभी जिला में भाजपा की नयी कमेटी बन चुकी है. कुछ ही जिला बचा है. इसमें धनबाद महानगर जिला भी शामिल है. सूत्रों के अनुसार धनबाद महानगर कमेटी को लेकर जिच बरकरार है. भाजपा का एक खेमा, तो महानगर कमेटी में बड़े परिवर्तन की मांग पर अड़ा हुआ है. इस खेमा में पार्टी के कई बड़े नेता शामिल हैं. यह खेमा नहीं चाहता कि ग्रामीण जिला कमेटी की तरह महानगर जिला कमेटी में एक गुट विशेष का कब्जा हो. लगातार प्रदेश नेतृत्व सभी खेमे को मनाने में जुटा हुआ है. जबकि दूसरा खेमा चाहता है कि पुरानी कमेटी का ही दबदबा बरकरार रहे. यह खेमा बड़े परिवर्तन के पक्ष में नहीं है. सबसे ज्यादा मारामारी महामंत्री के दोनों पदों के लिए है. इस पद के लिए दोनों खेमा ताल ठोंके हुए है. इसके बाद उपाध्यक्ष पद के लिए ज्यादा लॉबिंग हो रही है. उपाध्यक्ष का यहां छह पद है. इस पद पर दोनों खेमों को एडजस्ट करने की कोशिश चल रही है. मंत्री, मीडिया प्रभारी, सोशल मीडिया प्रभारी में कुछ नये चेहरों को मौका मिल सकता है.

रेलवे में मान्यता के लिए ईस्ट सेंट्रल रेलवे इम्प्लाईज यूनियन ने ठोकी ताल, चुनाव लड़ने का निर्णय

धनबाद, एजेंसी। धनबाद में ईस्ट सेंट्रल रेलवे इम्प्लाईज यूनियन (इसीआरइयू), ईस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर कांग्रेस (इसीआरएमसी) व ईस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर यूनियन (इसीआरएमयू) की संयुक्त बैठक शनिवार को रांगाटांड़ में हुई. अध्यक्षता जफर आलम व संचालन नागेंद्र पासवान ने किया. जफर आलम ने कहा कि मान्यता प्राप्त इसीआरकेयू सम्बद्ध एआइआरएफ व इसीआरएमसी संबद्ध एनएफआइआर के नेता रेलवे में निजीकरण व एनपीएस के हिमायती हैं. वे अधिकारियों के साथ मिलकर कर्मचारियों पर डर व अत्याचार का माहौल कायम किये हुए हैं. बैठक में विभिन्न विभागों या कैटेगरी संगठनों जैसे आरकेटीए, एआइआरटीयू, एआइजीसी, इसीआरडब्लूकेए और मजदूर कांग्रेस और मजदूर यूनियन के समर्थन से ईस्ट सेंट्रल रेलवे इम्प्लाईज यूनियन रेलवे में मान्यता चुनाव के लिए लड़ेगा. बैठक में मुख्य रूप से इसीआरकेयू के केंद्रीय अध्यक्ष संतोष कुमार पासवान, महासचिव मृत्युंजय कुमार, एसपी सिंह, मजदूर कांग्रेस के केंद्रीय अध्यक्ष जफर हसन, लाल बाबू राय, विजय सिंह, नवल किशोर सिंह, वशीर अहमद, दुर्गेन्दर कुमार, बीएपी गोंड, इसीआरएमयू के केंद्रीय अध्यक्ष राम मूरत, धर्मेंद्र कुमार, सुनील कुमार, मो कलीमुल्लाह, आरकेटीए के जोनल सचिव राजेश कुमार, सुनील कुमार साव, एआइआरटीयू के जोनल कार्यकारी अध्यक्ष रंजन भगत, इसीआरडब्ल्यूकेएके जोनल सचिव श्रवण कुमार सहित सैकड़ो लोगों ने ईस्ट सेंट्रल रेलवे इम्प्लाईज यूनियन में विलय की घोषणा की है.

सड़क मरम्मत करने की मांग को ले वासेपुर के लोगों ने किया प्रदर्शन

वासेपुर, एजेंसी। वासेपुर मटकुरिया वार्ड नंबर 14 में खराब सड़क की मरम्मत की मांग को लेकर वासेपुर के लोगों ने नगर निगम के कार्यालय के सामने प्रदर्शन किया. नगर आयुक्त से मिलने की कोशिश की. इसपर निगम के कर्मियों ने कहा कि सिर्फ पांच लोग ही मिल सकते हैं. इसके बाद पांच लोग नगर आयुक्त से मिलने गये. नगर आयुक्त ने उन्हें आधे घंटे इंतजार करने को कहा. इसपर लोग भड़क गये. बाहर निकलकर निगम के खिलाफ नारेबाजी करने लगे. जन अधिकार पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मुर्तजा आलम ने बताया कि वासेपुर वार्ड नंबर 14 में आने वाले आरा मोड़, मटकुरिया बस्ती से काली मंदिर जाने वाली सड़क की सालों से मरम्मत नहीं हुई है. निगम से लोगों ने सड़क की मरम्मत का आग्रह भी किया, पर कोई सुनवाई नहीं हुई. बीते दिनों एक व्यक्ति इस सड़क पर दुर्घटनाग्रस्त होकर गिर गया. उसके दोनों हाथ टूट गये. इस सड़क को 2016-17 में पीसीसी किया गया. अब यह सड़क पूरी तरह खराब हो चुकी है. मुर्तजा ने कहा कि अगर नगर निगम ने सड़क की मरम्मत नहीं करायी तो, उग्र आंदोलन होगा.
दो माह पहले छात्र नेता ऋषिकांत यादव के साथ कोयला नगर में मारपीट मामले में एसएसपी ने कार्रवाई करते हुए तीनों पुलिस पदाधिकारी को लाइन क्लोज कर दिया है. धनबाद एसएसपी एचपी जनार्दन ने सरायढेला थाना के तत्कालीन थाना प्रभारी सब इंस्पेक्टर फागुनी पासवान, सब इंस्पेक्टर वीर बादल और जमादार राकेश पांडे को लाइन क्लोज करते हुए तीनों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई शुरू कर दी है.

श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्विद्यालय के कर्मियों को झारखंड हाइकोर्ट ने दी राहत

वेतन वसूली के आदेश पर लगाई रोक

रांची, एजेंसी। झारखंड हाई कोर्ट से डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के तृतीय एवं चतुर्थवर्गीय कर्मियों को राहत मिली है। अदालत ने वेतन से राशि वसूली के विश्वविद्यालय के आदेश पर रोक लगा दी है। अदालत ने सभी कर्मियों को निर्देश दिया है कि वह अत्यधिक वेतन की वसूली के संबंध में निकाले गए आदेश के आलोक में विश्वविद्यालय को आवेदन दें और विश्वविद्यालय इन आवेदनों पर फिर से विचार करें। उक्त निर्देश के साथ अदालत ने याचिका निष्पादित कर दी।

याचिका में क्या कहा गया?

इस संबंध में मनोज कुमार एवं 37 अन्य कर्मियों ने हाई कोर्ट में याचिका दायर की थी। याचिका में कहा गया है कि विश्वविद्यालय ने अपने तृतीय और चतुर्थवर्गीय कर्मियों को अत्यधिक वेतन भुगतान वापसी के संबंध में पत्र जारी किया है।

जिसमें कहा गया है कि सातवें वेतनमान के तहत विश्वविद्यालय ने उन्हें अधिक वेतन भुगतान कर दिया है, इसलिए उन्हें दिए गए अतिरिक्त वेतन वापस करना होगा। प्रार्थियों की ओर से कहा गया कि विश्वविद्यालय का यह आदेश गलत है और अतिरिक्त वेतन नहीं दिया गया है।

सातवें वेतनमान की सिफारिश के आलोक में लाभ देने का लिया था निर्णय

अदालत को बताया गया कि झारखंड सरकार के वित्त विभाग के अधिसूचना 18 जनवरी 2017 के तहत राज्य के सभी कर्मियों के एक जनवरी 2016 से केंद्रीय सातवें वेतनमान की सिफारिश के आलोक में लाभ देने का निर्णय लिया गया था।

इसके आलोक में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय ने 25 जनवरी 2023 को अधिसूचना जारी की। जिसके तहत सातवां वेतनमान का लाभ कर्मियों को एक जनवरी 2016 से दिए जाने का निर्णय लिया। विश्वविद्यालय के द्वारा सभी बकाया वेतन कर्मियों एवं शिक्षकों को प्रदान किया गया।

लेकिन 25 जून 2024 को अचानक विश्वविद्यालय ने अपने तृतीय एवं चतुर्थवर्गीय कर्मियों के वेतन से करीब 16 लाख रुपये की वसूली के लिए पत्र निर्गत किया। इस वर्ष जुलाई माह में कर्मियों के वेतन से करीब 22 हजार रुपये की वसूली भी कर ली।

भारत का प्रभाव अब पूरी दुनिया में देखने को मिल रहा है : डॉ सुब्रोकमल

रांची, एजेंसी। राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त राजनीतिक, आर्थिक और विदेश नीति के विशेषज्ञ डॉ सुब्रोकमल दत्ता ने कहा कि अपने देश का प्रभाव वर्तमान भौगोलिक और राजनीतिक सीमाओं से कहीं अधिक बढ़ गया है. अपनी सांस्कृतिक प्रभाव अब देश के बाहर यूरोप, दक्षिण पूर्व एशिया और अन्य हिस्सों में देखा जा सकता है. श्री दत्ता शनिवार को आइआइटी (आइएसएम) में छात्रों को व्याख्यान दे रहे थे. उन्होंने विकास के लिए प्रौद्योगिकी और कौशल की भूमिका पर अपना व्याख्यान दिया. यह आयोजन मिशन विकसित भारतञ्च2047 के तहत संस्थान कॉरपोरेट कम्युनिकेशन विभाग द्वारा पेनमैन हॉल में किया गया. दक्षिण पूर्व एशिया में भारतीय सांस्कृतिक प्रभाव के कुछ उदाहरण देते हुए श्री दत्ता ने कहा ¬ सबसे बड़ी नवरात्रि बैंकॉक में दुनिया का सबसे बड़ा त्योहार मनाया जाता है, जहां हर कोई पूरे नौ दिन व्रत रखता है. वहां भी इस अवसर पर सार्वजनिक अवकाश होता है. यहां दशमी के दौरान बड़ी संख्या में झांकियां निकाली जाती हैं. उन्होंने बताया कि जब बैंकॉक के डाउनटाउन इलाके में यह जुलूस निकलता है तो दैवीय आशीर्वाद चाहने वालों की भीड़ एकत्रित होती है. उन्होंने म्यांमार के इतिहास और हमारे देश के साथ इसके सांस्कृतिक जुड़ाव के बारे में प्रकाश डालते हुए कहा कि इसका मूल नाम बर्मा ब्रम्हा से उत्पन्न हुआ था और प्राचीन काल में इसे इसी नाम से जाना जाता था. ब्रम्हदेश लेकिन बर्मी भाषा या बर्मन भाषा में यह बाद में ब्रम्ह बन गया. उन्होंने आर्मेनिया में हिंदू धर्म और भारतीय संस्कृति के प्रभाव के बारे में विस्तार से चर्चा की, जो एक ईसाई देश है. उन्होंने व्याख्यान शुरू करने से पहले नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा का प्रतीक एक वीडियो दिखाया. इसके माध्यम से उन्होंने विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस को चिह्नित करने के लिए दर्शकों के सामने विभाजन की पीड़ा दिखाया.

स्विगी डिलीवरी ब्वॉय से मारपीट, तीन दिन बाद दर्ज हुआ केस

रांची, एजेंसी। ऑल इंडिया गिग वर्कर्स यूनियन ने स्विगी डिलीवरी ब्वॉय से मारपीट के मामले में पुलिस पदाधिकारियों से जल्द कार्रवाई करने की मांग की है. यूनियन के महासचिव प्रतीक मिश्रा ने बताया कि तीन दिनों के अंदर अगर पुलिस अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उचित कार्रवाई नहीं करती, तो रांची में ऐप आधारित मजदूर बड़ा आंदोलन करने को बाध्य होंगे. मालूम हो कि बीते सात अगस्त की रात 11 बजे बाबा हॉस्पिटल, इंद्रपुरी के पास स्विगी के डिलीवरी ब्वॉय रविंद्र कुमार जब खाना पहुंचाने गये, तो हिमांशु यादव ने अपने पांच-छह साथियों के साथ मिलकर रविंद्र पर जानलेवा हमला किया और मारपीट की. कस्टमर का बिल 284 रुपये का था. पैसा मांगने पर उस ग्राहक ने अपशब्द बोलने के साथ ही उसे बुरी तरह से मारा-पीटा. मारपीट से रविंद्र कुमार गंभीर रूप से घायल हो गये. रविंद्र ने सुखदेवनगर थाना पहुंच कर शिकायत दर्ज करायी. पुलिस ने स्विगी कर्मी को मेडिकल जांच की रिपोर्ट जमा करने का निर्देश दिया. अगले दिन जब मेडिकल रिपोर्ट लेकर थाना गये, तो कहा गया कि अभियुक्त का नंबर लेकर आने पर कार्रवाई करेंगे. परेशान होने के बाद रविंद्र कुमार ने ऑल इंडिया गिग वर्कर्स यूनियन से संपर्क किया. इसके बाद अंततः घटना के तीन दिन बाद 10 अगस्त को पुलिस ने मामले में प्राथमिकी दर्ज की.

वर्तमान ही नहीं भविष्य की बीमारियों का भी पता लगाएगा 'विजन ई-सेंस', जमशेदपुर के छात्र ने तैयार की नायाब तकनीक

जमशेदपुर, एजेंसी। जमशेदपुर के बारीडीह के रहने वाले छात्र समर्थ पांडेय का सॉफ्टवेयर आंखों की वर्तमान बीमारी व भविष्य की बीमारियों के बारे बतायेगी।

चिकित्सक जब आंखों की जांच करेंगे तो उस मरीज की चिकित्सतीय पद्धति से खीचे गए इमेज को सीधे सॉफ्टवेयर में अपलोड करना होगा। तब मरीज की आंखों की वर्तमान बीमारी और भविष्य की बीमारी के बारे में पता लग पायेगा।

इसके लिए छात्र ने मशीन लर्निंग विधि का उपयोग किया है। इस सॉफ्टवेयर का नाम 'विजन ई-सेंस' रखा है। समर्थ पांडेय ने रेटिनल डिसिस क्लासिफिकेशन के तीन विषय मधुमेह, ग्लूकोमा और मोतियाबिंद पर रिसर्च प्रोजेक्ट तैयार किया है।

इस प्रोजेक्ट का टॉपिक समर्थ पांडेय ने डीप लर्निंग-एनेबल मल्टी डिसिस डायग्नोस्टिक टूल फार फंडस इमेज एनालाइसिस एंड रेटिनल डिसिस प्रिडिक्शन यूसिंग पाटेंशियल बायोमाकर्स फ्रॉम ह्ययूमन फंडस इमेज (मानव फंडस छवियों से संभावित बायोमार्करों का उपयोग करके फंडस छवि विश्लेषण और रेटिनल रोग भविष्यवाणी के लिए डीप लर्निंग-सक्षम बहु-रोग निदान उपकरण) रखा है।

समर्थ पांडेय के इस प्रोजेक्ट को जिम्बाव्वे में आयोजित अफ्रीका साइंस बस्कर्स फेस्टिवल में दस सर्वश्रेष्ठ प्रोजेक्ट को गोल्ड मेडल प्राप्त हुआ है। पूरे भारत वर्ष में सिर्फ समर्थ को यह स्वर्ण पदक प्राप्त हुआ है।

जिंबाव्वे में आयोजित इस फेस्टिवल में देश-विदेश के दस हजार छात्रों ने अपने-अपने रिसर्च को लेकर आवेदन दिया था। इसमें से कुल 350 रिसर्च प्रोजेक्ट को अंतिम रूप से चयनित किया गया।

शुक्रवार को फेस्टिवल का फाइनल राउंड यू-ट्यूब पर ऑनलाइन आयोजित हुआ। इसमें कुल दस छात्रों को स्वर्ण पदक प्राप्त हुआ। इसमें भारत से जमशेदपुर निवासी समर्थ पांडे का भी नाम है। आयोजकों की ओर से ऑनलाइन सटिफिकेट भेज दिया गया है। स्वर्ण पदक भी भेजा जायेगा।

छात्र समर्थ ने बताया कि अंतिम रूप से चयनित सभी छात्रों को जिंबाव्वे आने के लिए कहा गया था, लेकिन अंतिम समय में उड़ानों के स्थगन तथा कतिपय कारणों से फाइनल राउंड ऑनलाइन आयोजित हुआ।

बारीडीह के छात्र समर्थ पांडे का दावा है कि यह अभिनव शोध न केवल चिकित्सा छवि विश्लेषण के क्षेत्र में योगदान देता है, बल्कि नेत्र की समस्या के निदान को बदलने की महत्वपूर्ण क्षमता भी रखता है।

उन्होंने कहा कि मेरा अध्ययन प्रारंभिक रोग पहचान और उस अनुरूप उपचार योजनाओं के माध्यम से बेहतर रोगी परिणामों का मार्ग प्रशस्त करता है। यह शोध नेत्र स्वास्थ्य सेवा के परिदृश्य में क्रांति ला सकती है।

सिमडेगा जेल से अमन साहु गिरोह के आकाश राय का मोबाइल व सिम बरामद

रांची, एजेंसी। आपराधिक वारदातों में मोबाइल का इस्तेमाल किये जाने की सूचना पर एटीएस (आतंकवाद निरोधक दस्ता) और जिला प्रशासन की टीम ने शुक्रवार को सिमडेगा जेल में छापा मारा. इसका नेतृत्व एटीएस एसपी रिषभ झा कर रहे थे. छापेमारी के दौरान टीम ने एक एंड्रायड मोबाइल फोन और एक सिम कार्ड बरामद किया है. इसे छह जुलाई के एक अखबार में लपेट कर रबर बैंड लगा कर 'हाथी' ब्रांड के सरसों तेल के एक लीटर के खाली रैपर के अंदर सुरक्षित रखा गया था. इस रैपर को जेल के अंदर एक निर्माणाधीन बैरक में छिपाया गया था. जिस अखबार में मोबाइल फोन और सिम कार्ड लपेट कर रखे गये थे, उस पर नीली स्याही से 'आकाश राय' लिखा हुआ था. सिमडेगा थाना के प्रभारी बिनोद कुमार पासवान ने बरामद मोबाइल फोन और सिम कार्ड को जब्त कर लिया है. इस संबंध में सिमडेगा थाना में प्राथमिकी दर्ज की गयी है. उधर, एटीएस थाना रांची में भी कारा अधिनियम की धारा-42 के तहत केस दर्ज किया गया है.

एटीएस को जांच में यह पता चला है कि छत्तीसगढ़ के रायपुर के अलावा गढ़वा और रांची में कई आपराधिक वारदातों को संचालित करने में आकाश राय ने बरामद मोबाइल फोन व सिम कार्ड का इस्तेमाल किया था. बरादम मोबाइल फोन को एटीएस फोरेंसिक जांच के लिए भेजेगी. उल्लेखनीय है कि हथियार के साथ आकाश राय को 2021 में गिरफ्तार किया गया था. वह दो सालों से सिमडेगा जेल में है.एटीएस को यह जानकारी मिली है कि दो-तीन दिन पहले आकाश राय की पम्मी नामक एक महिला मित्र को रायपुर पुलिस ने गिरफ्तार किया है. यह मित्र रांची के हिंदपीढ़ी थाना क्षेत्र की बतायी जा रही है. उससे पूछताछ में कई जानकारी वहां की पुलिस को मिली है.

ऑफ सीजन में चेंबर चुनाव से बाजार में आयी गरमाहट, सबने झोंकी ताकत

धनबाद, एजेंसी। धनबाद जिला चेंबर ऑफ कॉमर्स का 22 अगस्त को होने वाले चुनाव ने बारिश में गरमाहट ला दी है. व्यवसाय के लिए ऑफ सीजन माने वाला मॉनसून में यहां के बाजारों में चहल-पहल तेज है. चुनाव दंगल में मौजूद सात प्रत्याशी अपने समर्थकों के साथ बाजार व व्यवसायियों के बीच सघन जनसंपर्क अभियान चला रहे हैं. भारी बारिश में भी प्रत्याशियों के उत्साह में कमी नहीं आ रही है.

धनबाद जिला चेंबर का चुनाव चार वर्ष बाद हो रहा है. चुनाव को लेकर यहां के व्यवसायियों में जोश दिख रहा है. चेंबर के चुनाव में वर्तमान अध्यक्ष चेतन गोयनका एक बार फिर मैदान में हैं. वह लगातार तीसरी बार अध्यक्ष पद के लिए ताल ठोंक कर मैदान में उतरे हैं. वहीं इस पद पर जिला चेंबर के पुराने अध्यक्ष राजीव शर्मा भी मैदान में उतरे हैं. एक बार फिर अध्यक्ष पद के लिए चेतन गोयनका एवं राजीव शर्मा के बीच सीधा मुकाबला है. पिछली बार भी इन्हीं दोनों के बीच मुकाबला हो रहा है.

इसी तरह महासचिव पद के लिए वर्तमान महासचिव अजय नारायण लाल फिर से मैदान में कूदे हैं. उनका मुकाबला जिला चेंबर के पूर्व अध्यक्ष राजेश गुप्ता से है. श्री गुप्ता पहले भी जिला महासचिव एवं अध्यक्ष दोनों पदों को संभाल चुके हैं. महासचिव पद के दोनों प्रत्याशी पुराना बाजार चेंबर के पदाधिकारी रह चुके हैं. कोषाध्यक्ष में त्रिकोणीय मुकाबला है. इस बार वर्तमान कोषाध्यक्ष श्याम गुप्ता के अलावा धनबाद चेंबर ऑफ कॉमर्स (पार्क मार्केट हीरापुर) के अध्यक्ष संजीव चौरसिया तथा मोटर डीलर्स एसोसिएशन के सचिव प्रेम गंगेसरिया इस पद केलिए भाग्य आजमा रहे हैं.धनबाद जिला चेंबर ऑफ कॉमर्स के चुनाव में कुल 208 मतदाता हैं. अधिकांश मतदाता किसी न किसी चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष एवं महासचिव हैं. सभी प्रत्याशियों का मतदाताओं से व्यक्तिगत संबंध है. इसलिए बाजार से ज्यादा प्रत्याशी घर-घर जा कर प्रचार करने पर जोर दिये हुए हैं. सबके अपने-अपने तर्क हैं. बरसात के मौसम में भी बाजार का माहौल चुनाव के कारण गर्म है. जोड़-तोड़ का दौड़ जारी है. आने-वाले समय में माहौल में और गरमाहट आने की संभावना है.

रेल टिकट के लिए यूटीएस मोबाइल एप्लिकेशन का करें उपयोग, समय और पैसे दोनों बचाएं

धनबाद, एजेंसी। रेलवे लगातार यात्री सुविधा पर ध्यान दे रहा है. रेलवे हमेशा से यात्रियों के लिए टिकट प्राप्त करने की प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बनाने पर जोर देता रहा है. इसी क्रम में धनबाद मंडल के सभी स्टेशनों पर अनारक्षित रेलवे टिकटों के लिए यूटीएस मोबाइल एप्लीकेशन के माध्यम से भुगतान की सुविधा उपलब्ध करा दी गयी है. यूटीएस एप्लीकेशन को गूगल पर सर्च करके उस पर क्लिक करके, गूगल प्ले स्टोर या एप्पल प्ले स्टोर से डाउनलोड एवं इनस्टॉल किया जा सकता है. इसे वेबसाइट से भी उपयोग किया जा सकता है. पहले मोबाइल नंबर, नाम, पासवर्ड, जेंडर, जन्मतिथि देकर रजिस्ट्रेशन (पंजीकरण) करना होगा. यह एक बार की जाने वाली प्रक्रिया है. इसमें मोबाइल नंबर और पासवर्ड के साथ या मोबाइल नंबर और ओटीपी के द्वारा लॉग इन कर सकते है. इस एप्लीकेशन में प्रामाणिक आईडी कार्ड (सरकार द्वारा जारी पहचान पत्र, पैन कार्ड, मतदाता पहचान पत्र, आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, विद्यार्थी पहचान पत्र, बैंक पासबुक, लेमिनेटेड फोटो के साथ क्रेडिट कार्ड) का डिटेल अपडेट करने पर आर-वॉलेट के माध्यम से धनराशि संग्रहीत करने की सुविधा भी मिलती है.टिकट बुक करने के लिए यात्री अपनी यात्रा का विवरण देना होगा जैसे कि कहां से कहां जाना है. 4. यात्रियों का विवरण (वयस्क/बच्चे), मेल एक्सप्रेस/सुपरफास्ट. भुगतान करने के लिया आर-वॉलेट या पे युसिंग (यूपीई, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड या नेट बैंकिंग) का उपयोग कर सकते है.

किसी भी एनड्रॉइड/ ईओएस मोबाईल फोन में इसको इन्स्टॉल करके उपयोग कर सकते है. टिकटों की बुकिंग कही से और किसी भी स्टेशन के लिए की जा सकती है .इस एप्लीकेशन में सामान्य टिकट, क्यूआर बुकिंग, त्वरित बुकिंग, प्लेटफॉर्म टिकट, सीजन टिकट जैसे कई विकल्प उपलब्ध हैं. इस एप्लीकेशन में आर-वॉलेट के माध्यम से धनराशि संग्रहीत कर सकते हैं और साथ ही प्रत्येक आर-वॉलेट के रिचार्ज पर तीन प्रतिशत का बोनस लाभ भी मिलता है. इस एप्लीकेशन से यात्री कैशलेस तरीके से तुरंत व आसानी से टिकट ले सकेंगे और साथ ही साथ बुकिंग काउंटर में लंबी लाइनों में लगने की परेशानी व खुल्ले पैसे की समस्या से छुटकारा पा सकते हैं.

14 से एमबीबीएस ऑल इंडिया व 18 अगस्त से शुरू होगी स्टेट कोटे में रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया

रांची, एजेंसी। शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल (एसएनएमएमसीएच) में सत्र 2024-29 एमबीबीएस में दाखिले की प्रक्रिया 14 अगस्त से शुरू होगी. 14 से 23 अगस्त तक ऑल इंडिया कोटे से पहले राउंड में नामांकन लेने वाले छात्र-छात्राओं का रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया शुरू होगी. रजिस्ट्रेशन करने वाले छात्र-छात्राओं को 29 अगस्त को एसएनएमएमसीएच में रिपोर्टिंग करनी है.

ऑल इंडिया कोटे से 15 छात्र-छात्राओं का एसएनएमएमसीएच के एमबीबीएस में दाखिला लिया जायेगा. वहीं 21 से 29 अगस्त तक स्टेट कोटे से नामांकन का पहला राउंड शुरू होगा. 30 अगस्त को स्टेट कोटे में नामांकन लेने वाले स्टूडेंट्स को मेडिकल कॉलेज में रिपोर्टिंग करनी है. स्टेट कोटे से 83 स्टूडेंट्स का एमबीबीएस में दाखिला लिया जायेगा. बता दें कि एसएनएमएमसीएच में कुल सौ एमबीबीएस सीट पर स्टूडेंट्स का नामांकन लिया जायेगा. ऑल इंडिया के 15, स्टेट कोटे से 83 व दो सीट सेंट्रल नॉमिनी के लिए आरक्षित है.

ऑल इंडिया कोटे से दूसरे राउंड की काउंसिलिंग पांच सितंबर से 13 सितंबर निर्धारित की गयी है. वहीं स्टेट कोटे से दूसरे राउंड की काउंसिलिंग 11 सितंबर से 20 सितंबर तक चलेगी. ऑल इंडिया कोटे से तीसरे राउंड की काउंसलिंग 24 सितंबर से पांच अक्टूबर व स्टेट कोटे की काउंसिलिंग की तिथि तीन अक्टूबर से 12 अक्टूबर निर्धारित है. 30 अक्टूबर से नामांकन प्राप्त करने वाले स्टूडेंट्स की कक्षाएं शुरू हो जायेगी.

विचार-मंथन

संपादकीय

बेमिसाल विनेश

विमिन रेसलर विनेश फोगाट ने जिस तरह से पैरिस ओलिंपिक के 12वें दिन फाइनल में जगह बनाकर इतिहास रचा और फिर डिस्क्वॉलिफाई कर दी गईं, वह किसी सदमे से कम नहीं। पूरा देश जैसे उनकी उपलब्धि पर झूम उठा था, वैसे ही उन्हें अयोग्य घोषित किए जाने पर शोक और गुस्से से भर गया। हालांकि इस तरह का घटनाक्रम किसी भी स्पोर्ट्सपर्सन के लिए दुखद होता, लेकिन विनेश फोगाट जिस तरह का जज्बा दिखाते हुए यहां तक पहुंची थीं, उसमें देश ही नहीं दुनिया भर के खेल प्रेमियों की भावनाओं का उनके साथ जुड़ जाना बिल्कुल स्वाभाविक था। खासकर इसलिए कि मात्र 100 ग्राम वजन ज्यादा होने की वजह से ऐसी ऐतिहासिक उपलब्धि से वंचित किया जाना किसी के लिए भी आसानी से हजम होना मुश्किल है। इससे पहले विनेश ने साथी पहलवानों के साथ कुश्ती के क्षेत्र में चल रही कथित गड़बड़ियों के खिलाफ आवाज बुलंद कर पूरी दुनिया का ध्यान अपनी ओर खींचा था। कुश्ती महासंघ के तत्कालीन अध्यक्ष के खिलाफ यौन शोषण जैसा गंभीर आरोप लगाने का मतलब था करियर दांव पर लगाना। हालांकि उस मामले में कानूनी प्रक्रियाएं चल रही हैं और अदालत के फैसले का इंतजार है। लेकिन इन सबके बावजूद ओलिंपिक में अयोग्य करार दिए जाने से पहले का विनेश का प्रदर्शन दिखाता है कि उनमें कितनी हिम्मत है। यह भी तय है कि कुश्ती महासंघ के खिलाफ आवाज उठाकर उन्होंने इसके तत्कालीन कर्ता–धर्ताओं की नाराजगी मोल ली थी। इससे यह भी समझा जा सकता है कि खेल ढांचे का एक हिस्सा विनेश के साथ सहज नहीं महसूस कर रहा होगा और उन्हें पैरिस ओलिंपिक की अपनी पूरी यात्रा प्रतिकूल माहौल में तय करनी पड़ी होगी। यह संघर्ष का उनका जज्बा ही था जिसमें उन्होंने 50 किलोग्राम कैटिगरी की वर्ल्ड और ओलिंपिक चैंपियन युई सुसाकी तक को पराजित कर दिया, जो 82 मैचों से अजेय थीं। यह बात कई कोनों से उठ रही है कि 100 ग्राम ज्यादा वजन निकलना खुद रेसलर की नहीं बल्कि सपोर्ट स्टाफ की कमी का नतीजा कहा जाएगा। कुश्ती महासंघ के मौजूदा अध्यक्ष संजय सिंह ने कहा भी है कि सपोर्ट स्टाफ द्वारा अपना काम ठीक से न करने संबंधी शिकायतों की जांच की जाएगी।

देश का एक सपना अधूरा रह गया

भारतीय पहलवान विनेश फोगाट ओलंपिक में स्वर्ण की दावेदार थीं, पर उन्हें महज 100 ग्राम वजन ज्यादा होने की वजह से अयोग्य करार देना दुखद और अफसोसनाक है। मंगलवार को एक के बाद एक तीन मुकाबले जीतने और फाइनल में पहुंचने के बाद विनेश ने अपनी मां से कहा था, 'सोना लाना है।' दुर्भाग्य, विनेश ही नहीं, देश का एक सपना अधूरा रह गया। ओलंपिक में पहली बार कोई भारतीय महिला कुश्ती के फाइनल में पहुंची थी। उसे मंगलवार तक 50 किलोग्राम वर्ग में दुनिया का योग्यतम पहलवान माना जा रहा था, पर न जाने एक दिन या एक रात में क्या हो गया कि उनका वजन कुछ ग्राम बढ़ गया और वह अयोग्य करार दे दी गईं? बेशक, अब यह विवाद लंबे समय तक बहस का विषय रहेगा। ओलंपिक के नियम अमानवीय ही नहीं, अन्यायपूर्ण भी हैं। कल अगर विनेश का वजन ठीक था, तब कल तक की उनकी जीत को तो मान्यता मिलनी चाहिए थी? अगर किसी दिन खिलाड़ी का वजन कुछ बढ़ जाए, तो उसकी पिछली उपलब्धियों को क्या शून्य मान लिया जाए? यह शायद हमेशा कहा जाएगा कि विनेश अगर फाइनल खेलने योग्य नहीं थीं, तो उन्हें कम से कम रजत पदक मिलना चाहिए था। कहना न होगा, भारतीय ओलंपिक के इतिहास में एक स्याह अध्याय जुड़ गया है। भारत को अपना विरोध अवश्य दर्ज कराना चाहिए और विनेश के पदक के लिए हरसंभव प्रयास करने चाहिए। क्या भारत के साथ कोई तकनीकी खिलवाड़ किया गया है? वजन बढ़ने के लिए कौन जिम्मेदार है? पूरा सच सामने आना चाहिए। ऐसे लोगों की खेलों की दुनिया में कोई जगह नहीं, जिनकी खिलाड़ियों और देश में निष्ठा नहीं है। विनेश की तकलीफ का अंदाजा लगाया जा सकता है, पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जिस प्रकार से विनेश का समर्थन किया है, उससे भी खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ेगा। प्रधानमंत्री का यह कहना बहुत मायने रखता है कि 'विनेश, आप चैंपियनों में चैंपियन हो! आप भारत का गौरव हो और प्रत्येक भारतीय के लिए प्रेरणा हो।' आज विनेश के साथ खड़े होने की जरूरत है। उनकी शंकाओं का समाधान करने की जरूरत है। अगर कोई विनेश की राह में रोड़ा बना है, तो उसकी जरूर पहचान होनी चाहिए।

महर्षि चरक के सिद्धांत आज भी हैं प्रासंगिक

(इन्दर सिंह परमार)

चरक जयंती श्रावण शुक्ल नाग पंचमी 2081 संवत इस बार 9 अगस्त 2024 को मनाया गया। ईसा से लगभग 200 वर्ष पूर्व चिकित्सा ग्रंथ लुप्त हो गए थे । यह पूरे भारतीय जनमानस और विश्व के लोगों के लिए अत्यंत ही संकट का दौर था। जब सारी मानवता त्राहि-त्राहि करने लगी जब सारी धरती के लोग कष्ट से मरने लगे। जब समाज अकाल मृत्यु को प्राप्त होने लगा जैसा कि भगवान ने श्रीमद्भगवद्गीता में प्रतिज्ञा की, जब-जब धर्म की हानि होगी तब तब मैं आऊंगा। जब जब अधर्म रूपी रोगों का साम्राज्य होगा। पाप का साम्राज्य होगा तब- तब मैं प्रकट होउंगा। तब भगवान शेषनाग स्वयं इस धरती पर विचरण करते हुए आये और उन्होंने देखा कि जनता कितने कष्ट में है कितनी दुखी है। उनका हृदय द्रवित हो गया, करुणा से भर उठे और उन्होंने कपिष्ठल नामक गाँव जो कश्मीर में पुंछ के पास स्थित गांव है, वहां पर वेद वेदांग नामक एक वैदिक ब्राह्मण के घर में श्रावण शुक्ल नाग पंचमी के दिन जन्म लिया। शेषनाग का पूज्य दिवस अवतरण दिवस श्वेत वाराह पुराण में स्वयं ब्रह्मदेव ने नाग पंचमी का दिन बताया है। इस कारण से महर्षि चरक के जन्मदिन को हम श्रावण शुक्ल पंचमी नाग पंचमी मनाते हैं। महर्षि चरक ने वेद उपनिषदों का अध्ययन करने के उपरांत आयुर्वेद का अध्ययन प्रारंभ किया। उन्होंने महर्षि पुनर्वसु आत्रेय के द्वारा उपदिष्ट और आचार्य अग्निवेश के द्वारा प्रणीत लिखित ग्रंथ अग्निवेश तंत्र को खोजा। उसके छिन्न-भिन्न अंशों को सहेजा सम्हाल।जो बड़ी मुश्किल से उनको प्राप्त हुए और उस ग्रंथ को अग्निवेश तंत्र को जो कि पूर्ण नहीं था उस समय उसको धीरे-धीरे करके लेखन कार्य प्रारंभ किया। औषधियों का चयन करना, औषधियों के बारे में खोजना,उनका प्रयोग किया। इस प्रकार से चरक संहिता का वर्णन लिखना प्रारंभ किया। जिसमे मानव जीवन रोग चिकित्सा का वर्णन है। सबसे महत्व की बात चिकित्सा जगत में उन्होंने चिकित्सा सिद्धांत दिए। वह अपने आप में अप्रतिम कार्य था ।पूरी मानव सभ्यता, मानव समाज, पृथ्वी उनके उपकार कभी नहीं भूल सकती। ऐसे मनीषी का जन्म भगवान के तुल्य ऐसे सर्वश्रेष्ठ चिकित्सक का जन्मदिन मनाना हम चिकित्सकों का ही नहीं इस मानव जाति का परम कर्तव्य है। आभार प्रदर्शन है। यह धन्यवाद है ऐसे व्यक्ति के लिए जिन्होंने मानव समाज को इस पूरी धरती को रोगों के भय से दूर किया। चिकित्सा सिद्धांतों की स्थापना की। विश्व के प्रथम चिकित्सक शेषावतार महर्षि अथर्ववेद के उपवेद और पंचमवेद आयुर्वेद के आदि चिकित्सक महर्षि चरक को भगवान शेषनाग का अवतार माना जाता है। उनका जन्म ईसा से 200 वर्ष पूर्व कश्मीर में पुंछ के पास कपिष्ठल नामक गांव में हुआ था। श्वेत वाराह पुराण के अनुसार उनका जन्मदिन श्रावण शुक्लपक्ष नागपंचमी (इस बार 9 अगस्त 2024) को मनाया जाता है। उज्जैन स्थित महाकाल मंदिर में भगवान शेषनाग के कपाट भी आज ही के दिन खोले जाते हैं। उन्होंने महाभारत काल के पश्चात खण्डित हो चुके कायचिकित्सा(मेडिसिन) के महान ग्रंथ अग्निवेश-तंत्र का प्रतिसंस्कार (पुनर्लेखन) कर चरक-संहिता रूपी कालजयी रचना प्रदान की। बौद्ध धर्म के नास्तिक दर्शन काल में अहिंसा के सिद्धांत के कारण राजव्यवस्था द्वारा वैदिक और शल्य क्रियाओं का निषेध कर दिया गया था। दूसरी तरफ बौद्ध धर्म के 'स्वभावो परमवाद' के सिद्धांत की आड़ में (यानी शरीर तो स्वभाव से ही बनता बिगड़ता है इसलिए चिकित्सा की क्या आवश्यकता है ऐसा कहकर) वैद्यों के चिकित्सा कार्यों का विरोध किया जाता था। कहा जाता है कि बौद्ध सम्राट बिम्बिसार को भी बवासीर की तकलीफ़ हुई थी, लेकिन अहिंसा के सिद्धांत के चलते उन्होंने शल्य चिकित्सा को अंगीकार नहीं किया। जिस पर आचार्य जीवक ने एक लेप बनाकर अर्श को ठीक किया था। सम्राट अशोक के बाद चिकित्सा कार्यों पर शासन द्वारा ऐसा प्रतिबंध करीब 50 वर्ष तक रहा, जिसे भारत के मेडिकल-इमरजेंसी का काल कहा जा सकता है। मान्यता है कि ऐसे कालखंड में अनन्त भगवान-शेष छद्म रूप में धरती पर विचरण करने आए। रोगों से पीड़ित मानवता को देखकर करुणावश उनका हृदय द्रवीभूत हो गया और उन्होंने वेद-वेदांग नामक ब्राह्मण के घर जन्म लिया। ऐसे समय में रोगों से पीड़ित मानवता की सेवा के लिए उन्होंने भारत भर में घूमते हुए चिकित्सा का कार्य और उसका प्रचार किया। इसी कारण 'चरकात् चरकः' नित्यप्रति घूमने के कारण उनका नाम चरक पड़ा। उन्होंने 'आर्ता पुत्रवत आचारेत' यानी रोगी से पुत्र के समान व्यवहार करने सहित अनेक सिद्धांतों का प्रतिपादन कर चिकित्सक समाज के लिए एक मिशाल कायम की। आचार्य चरक ने आज से 2150 वर्ष पूर्व चरक संहिता का लेखन किया था। चरक संहिता मूल रूप से अग्निवेश तंत्र का ही परिष्कृत ग्रंथ है।पुनर्वसु आत्रेय द्वारा उपदिष्ट सूत्रों को, महर्षि अग्निवेश ने अग्निवेश तंत्र में निबंध किया था। काल क्रम से वह ग्रंथ लुप्त हुआ तथा आयुर्वेद चिकित्सा के प्रति भी समाज में उपेक्षा हुई। जिसके कारण मानवता और सारा विश्व रोगों से ग्रस्त हुआ। आचार्य चरक ने ऐसे समय में जन्म लेकर और पूरे जीवन भर परिभ्रमण करते हुए चंक्रमण करते हुए, औषधीयों के माध्यम से रोगों की चिकित्सा की और इन चिकित्सा के प्रयोगों को उन्होंने चरक संहिता के ग्रंथ में स्थान दिया। चरक सूत्र स्थान के प्रारंभ में छः पदार्थों के महत्व को प्रतिपादित किया। सामान्य, विशेष, समवाय, द्रव्य, गुण एवं कर्म के महत्व को प्रतिपादित किया। दिनचर्या का व्याख्यान विस्तार से किया। ऋतु अनुसार हमें क्या भोजन करना चाहिए, कैसे भोजन करना चाहिए, किन दोषों का प्रकोप है कैसे समान है कौन सी व्याधि किस ऋतु में हो सकती हैं इन सब बातों को उन्होंने बताया। वेगों के धारण करने से क्या नुकसान होता है, क्या व्याधियों होती है, सिद्धांत प्रतिपादित महर्षि चरक ने किया। ऐसे विषय जो वैद्य के लिए अनिवार्य हैं ऐसे गुण ऐसे कर्म जो वैद्य को करनी चाहिए,गुण जो धारण करने चाहिए,उन सभी गुणों को आचार्य चरक ने बताया। पंचकर्म चिकित्सा पद्धति जो रोगों को मूल से समाप्त करने वाली है, उस का सिद्धांत प्रतिपादन स्थापित किया जो लुप्त हो चुका था। सर्वश्रेष्ठ औषधियों की गणना,स्रोतसो के बारे में विस्तार से वर्णन शरीर रचना के सिद्धांतों का प्रतिपादन करके मानव जाति केलिए, चिकित्सा शास्त्र के लिए बड़ा अवदान है।

> *बहुत सारे ऐसी गंभीर व्याधियां थी जिसमें उन्होंने व्याधियों को दूर करने के लिए औषधियों का वर्णन किया। महर्षि चरक ने 2000 वर्ष पूर्व जिन सिद्धांतों का प्रतिपादन किया उन सिद्धांतों के आधार पर आज भी चिकित्सा की जाती है। अभी 2 वर्ष पूर्व पूरे विश्व में कोरोना नमक व्याधि का आतंक हुआ था। जिसमें बड़ी संख्या में लोगों की जान गई थी।*

बांग्लादेश के हालात से बहुत सतर्क रहना होगा

(अशोक मधुप)

सुप्रीम कोर्ट ने आरक्षण पर रोक के बावजूद प्रदर्शनकारी प्रधानमंत्री शेख हसीना इस्तीफे पर अड़े रहे। 14 जुलाई को बतौर प्रधानमंत्री शेख हसीना ने कहा था, स्वतंत्रता सेनानियों के पोते-पोतियों को आरक्षण का लाभ नहीं मिलेगा। इस पर प्रदर्शनकारियों ने कहा कि क्या आरक्षण का लाभ रजाकारों के पोते-पोतियों को मिलेगा। बांग्लादेश में महीनों से सुलग रही आरक्षण और सरकार विरोधी चिंगारी सोमवार को भीषण आग के रूप में फूटी। 300 लोगों की मौत के बाद सेना भी उग्र भीड़ को संभाल नहीं पाई। नतीजतन करीब डेढ़ दशक से बांग्लादेश की सत्ता पर काबिज प्रधानमंत्री शेख हसीना को जान बचाकर देश से भागना पड़ा है। शेख हसीना भागकर फिलहाल भारत आई हैं। सूत्रों का कहना है कि शेख हसीना लंदन जाने की तैयारी कर रही हैं। शेख हसीना ने इंग्लैंड की सरकार से शरण मांगी है। बांग्लादेश में हिंसक प्रदर्शन जारी है। अब प्रदर्शनकारियों ने देश के चीफ ऑफ जस्टिस के घर में घुसकर तोड़-फोड़ की है। प्रदर्शनकारियों ने घर में मौजूद कार, फर्नीचर के साथ घर का सारा समान लूट ले गए हैं। प्रदर्शनकारियों ने सोमवार को ढाका में इंडिया कल्चर सेंटर पर हमला बोला। साथ ही काली व इस्कॉन समेत देशभर में कम से कम चार मंदिरों में भी तोड़फोड़ की गई है। बांग्लादेश के अल्पसंख्यक डरे और सहमें हैं। वहां क्या हालात बनेंगे? वहां के अल्पसंख्यकों की सुरक्षा कैसे होगी, इस पर भारत को नजर रखनी होगी। ये भी देखना है कि सरकार कैसी बनता है? उसका भारत के प्रति नजरिया कैसा होगा? नई सरकार कहीं इस्लामिक कट्टरवाद को बढ़ावा तो नही देगी। उसका रूख पाकिस्तान और चीन संमर्थक तो नहीं होगा? भारत को अपने देश की सीमा को पूरी तरह बंद रखना होगा, ताकि वहां के हालात से डरे नागरिक अपने भारत में न आ सकें। 1971 में बांग्लादेश को पाकिस्तान से आजादी दिलाने की लड़ाई में शामिल क्रांतिकारियों के परिवारों को सरकारी नौकरियों में दिए जा रहे आरक्षण को खत्म करने की मांग के साथ पिछले महीने विरोध प्रदर्शन शुरू हुआ। बांग्लादेश के सुप्रीम कोर्ट ने आरक्षण पर पहले ही अंतरिम रोक लगा दी थी। ऐसे में सवाल उठता है कि प्रदर्शनकारी आखिर फिर से इतने हिंसक होकर सड़कों पर क्यों उतर आए। असल में हिंसा की यह नई लहर तब शुरू हुई जब प्रदर्शनकारियों ने असहयोग का आह्वान किया। इसमें लोगों से कर या बिजली बिल का भुगतान न करने और रविवार को काम पर न आने का आग्रह किया गया। सोमवार को जब कार्यालय, बैंक और कारखाने खुले, तो प्रदर्शनकारियों ने लोगों को काम पर जाने से रोकना शुरू कर दिया। सेना ने प्रदर्शनकारियों से निपटने के लिए गोलियां चलानी शुरू कर दी। प्रदर्शनकारियों ने एक दिन पहले लगाए गए कर्फ्यू की परवाह किए बिना ढाका में प्रधानमंत्री आवास पर धावा बोल दिया। प्रदर्शनकारियों ने ढाका के शाहबाग इलाके में स्थित एक प्रमुख सार्वजनिक अस्पताल बंगबंधु शेख मुजीब मेडिकल यूनिवर्सिटी पर हमला किया है। प्रदर्शनकारियों ने जगह-जगह सत्तारूढ़ पार्टी के कार्यालयों व वाहनों में भी आग लगा दी। सुप्रीम कोर्ट ने आरक्षण पर रोक के बावजूद प्रदर्शनकारी प्रधानमंत्री शेख हसीना इस्तीफे पर अड़े रहे। 14 जुलाई को बतौर प्रधानमंत्री शेख हसीना ने कहा था, स्वतंत्रता सेनानियों के पोते-पोतियों को आरक्षण का लाभ नहीं मिलेगा। इस पर प्रदर्शनकारियों ने कहा कि क्या आरक्षण का लाभ रजाकारों के पोते-पोतियों को मिलेगा। प्रदर्शनकारी छात्रों ने इस बयान के बाद, 'तुई के, अमी के रजाकार, रजाकार' के नारे लगाने शुरू कर दिए और हिंसा ज्यादा भड़क गई। बांग्लादेश मुक्ति संग्राम के दौरान पाकिस्तानी सेना द्वारा गठित रजाकार क्रूर अर्धसैनिक बल था। रजाकारों ने मुक्ति संग्राम में शामिल स्वतंत्रता सेनानियों और आम लोगों के खिलाफ अत्याचार किया। आज भी यह शब्द वहां अपमानजनक माना जाता है।

सुडोकू पहेली क्रमांक- 5459

5	4	2	6			9	7	3
				4			8	
	1	3	9					
						5		
	3		2	1	4		9	
		4						
					9	1	6	
	5			7				
1	7	9			2	4	3	5

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

सुडोकू पहेली क्र. 5458

9	5	2	1	3	4	8	6	7
3	1	7	5	6	8	2	9	4
4	6	8	7	9	2	5	3	1
2	8	5	6	7	1	9	4	3
1	3	4	8	5	9	7	2	6
7	9	6	2	4	3	1	8	5
6	2	1	4	8	5	3	7	9
5	4	9	3	2	7	6	1	8
8	7	3	9	1	6	4	5	2

वर्ग पहेली 5459

1	2	3		4	■	■	■
5			■	6	7		8
	■	9	10	■		■	
11	12					■	
13		■		■	■	14	
■	■	15			■		■
16	17			■	18		19
20			■	■	21		

संकेत: बाएं से दाएं

1. 26 सितंबर 1923 को इस महान अभिनेता और निर्माता ने जन्म लिया था (5)
5. विवाह के समय वधू को वर को अंगीकार करना (3)
6. 1970 की पंजाब की प्रसिद्ध प्रेम कथा पर आधारित फिल्म जिसमें राजकुमार-प्रिया राजवंश की जोड़ी थी (4)
9. यह इंडोनेशिया का सबसे अधिक जनखंख्या वाला द्वीप है (2)
11. शशिकपूर, शर्मिला टैगोर ललिता पंवार अभिनीत 1970 की सफल फिल्म (6)
13. पुराणानुसार सात पातालों में से पहला, पेंदा, नीचे की सतह (2)
14. सड़क, मार्ग (2)
15. यहूदियों और मुसलमानों के धर्म शास्त्रों के अनुसार मनुष्य आदि का प्रजापति (3)
16. यह अभिनेत्री 2000 की मिस यूनिवर्स थी (4)
18. पराया, गैर आदमी (3)
20. कपि, दोहे का एक भेद (3)
21. रचित होना, क्रियान्वयन होना (3)

ऊपर से नीचे

1. देवकी के बेटे होने के कारण भगवान श्रीकृष्ण का एक नाम (5)
2. किसी देवता आदि से मांगा हुआ मनोरथ (2)
3. आवागमन (4)
4. खटाई के योग से जमाया हुआ दूध (2)
7. गति, चाल (3)
8. यह भारत का 28 वां राज्य है जिसकी स्थापना 15 नवंबर 2000 को हुई थी (4)
10. यह एक संस्कृत नाटक है (5)
12. अवस्था, दशा (2)
14. कारोबार, तिजारत, व्यवसाय (4)
15. प्रतिष्ठा, मान, इज्जत (3)
16. ज्वालामुखी से निकलने वाला विस्फोटक पदार्थ (2)
17. जंघा, जांघ (2)
18. पीछे (अंग्रेजी) (2)
19. विविध, अनेक प्रकार के (2)

वर्ग पहेली 5458 का हल

मा	ल	दी	व	■	ए	शि	या
ल	ल	न	■	अ	क	रा	■
वा	क	■	त	मा	चा	■	वि
■	ना	त	■	न	द	■	य
त	■	ह	■	त	र	स	ना
ब	ह	री	न	■	मै	ल	■
ला	म	■	फा	■	ली	मा	■
■	ल	क्ष्य	■	ह	सी	न	■

आज का राशिफल

मेष

आज दिन सफलता से भरा होगा और भाग्य आपका साथ देगा। आपके रुके कार्य पूर्ण होंगे और भाग्य साथ देगा। आप निर्भयता से अपने कार्यों को सम्पन्न कराने में सक्षम रहेंगे। जीवनसाथी के साथ आज बहुत मधुर सम्बन्ध रहेंगे। उनकी सलाह से आप धन का निवेश करेंगे तो आपको उसमें लाभ होगा। वाहन से यात्रा करते वक्त थोड़ा सा सावधान रहें।

वृष

आज भाग्य साथ देगा और आपके अंदर एक विशेष आकर्षण रहेगा। ज़मीन जायदाद के मामले में आपको लाभ होगा और योजनाएं सफल होंगी। आपको अपने पिता के आशीर्वाद से तरक्की मिलेगी और आपके रुके कार्य पूर्ण होने से आपका मन काफी प्रसन्न रहेगा। शाम के समय माता को शारीरिक कष्ट होने से आपको दौड़भाग करनी पड़ सकती है।

मिथुन

आज भाग्य की दृष्टि से दिन अच्छा रहेगा। यदि पिछले दिनों से शरीर में कोई कष्ट चला आ रहा है तो उसमें सुधार होगा। संतान से शुभ समाचार मिलने के संकेत हैं। आपको परिवार के लोगों से हर प्रकार का सहयोग प्राप्त होगा। वाणी पर संयम रखें।

तुला

आज करियर में लाभ होगा और आपके कारोबार से जुड़ी योजनाएं सफल होंगी। किस्मत चमकेगी और आपके आनंद में वृद्धि होगी। औपचारिकता में बिल्कुल भी न उलझना, आपको जो खाना हो, जो चाहिए, बेहिचक कह देना। आपका धन कहीं रुका हुआ है तो आज मिल सकता है। बुद्धि विवेक से लिए गए निर्णय लाभ देंगे। शाम से लेकर रात का समय आनंद में बीतेगा।

वृश्चिक

आज भाग्य साथ देगा और आपको आर्थिक मामलों में लाभ होगा। आत्मविश्वास के साथ किए गए कार्य सफल होंगे और योजनाएं पूर्ण होंगी। पुराने रुके हुए कार्य थोड़ा खर्च करने से बन सकते हैं। नई योजनाओं पर काम शुरू हो जाएगा। शत्रु आपके पराक्रम को देखकर हतोत्साहित होंगे। इसलिए कोई ऐसा कार्य न करें कि जिसमें आपको जोखिम का एहसास होगा।

धनु

आज लाभ होगा। किस्मत आपका साथ देगी। पैसों के लेनदेन के मामले में सतर्क रहें। वरना आपका नुकसान हो सकता है। आप अपने स्वभाव के प्रति गंभीर रहें, कड़ी मेहनत से कार्यों में सफल हो सकेंगे। भौतिक सुख साधनों पर खर्च अधिक होगा। शत्रु अपने षड़यंत्रों में सफल नहीं हो पाएंगे। खुश मिजाज व्यक्ति होने के कारण लोग आपके करीब आने के बारे में सोचेंगे।

कर्क

आज भाग्य साथ दे रहा है। आमदनी की बढ़ोत्तरी के लिए किए गए प्रयास शत प्रतिशत सफल रहेंगे। अच्छे मार्गों द्वारा प्राप्त धन से कोष में वृद्धि होगी। भाग्य की दृष्टि से आज का दिन अच्छा रहेगा। आज आपको हर क्षेत्र में लाभ की प्राप्ति होगी। आपको मित्रों का सहयोग मिलेगा एवं नए अच्छे मित्र भी मिलेंगे। आपका दिन लाभ से भरा होगा।

सिंह

आज भाग्य साथ देगा। आपकी संपत्ति में वृद्धि होगी। आपको ननिहाल से भी मान सम्मान मिलेगा। आपको पत्नी पक्ष एवं पत्नी की ओर से पूर्ण सहयोग मिलेगा। नौकरी में कोई आपकी चुगली कर सकता है। शाम के समय परेशानी हो सकती है। अपने गुरु के प्रति निष्ठा व भक्तिभाव पूर्ण रखें। आपके सम्मान में वृद्धि होगी और रुके कार्य पूर्ण होंगे।

कन्या

आज करियर में लाभ होगा और आपकी शैक्षणिक दिशा में तरक्की होगी। शिक्षा के प्रति आपकी रुचि बढ़ेगी। नए कार्य सीखने में सफल होंगे। आप अपनी बातों को सत्य साबित करने में सफल रहेंगे। माता-पिता, गुरु के प्रति निष्ठा, भक्तिभाव प्रतिष्ठा वृद्धि में सहायक होगा।

मकर

आज करियर के मामले में लाभ होगा और आपके घर में खर्च की अधिक स्थिति आ सकती है। आपके मान सम्मान में वृद्धि होगी। आप अपने धैर्य और प्रतिभा से शत्रुओं पर विजय प्राप्त कर कर लेंगे और आपका मन काफी प्रसन्न रहेगा। शाम से लेकर रात तक आपका मन अच्छे कार्य में लगेगा और प्रिय व्यक्तियों के दर्शन से मन प्रफुल्लित रहेगा।

कुंभ

आज विद्या बुद्धि ज्ञान की वृद्धि होगी। आपके कठिन प्रयासों से इच्छा की पूर्ति होगी। शासन द्वारा आपको सम्मानित किए जाने की प्रबल संभावना है। शाम को धार्मिक अनुष्ठानों पर समय व्यतीत होगा। शुभ व्यय कीर्ति की वृद्धि होगी। आपके धन सम्मान में वृद्धि होगी और कार्य सिद्ध होगा। शाम को किसी मामले में फंसकर आपको चोट लग सकती है। सावधान रहें।

मीन

आज दिन सफलता से भरा होगा और आपके कार्य पूर्ण होने की संभावना है। बिना मांगे किसी को सलाह न दें उस पर उल्टा ही असर होगा। रात के समय पुण्य कार्य में लगेंगे, जिससे आपका मन शान्त और प्रसन्न रहेगा। आपके धन सम्मान में वृद्धि होगी और कोई मिलने आपके घर आ सकता है। इससे आपका मन खुश रहेगा।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, उप संपादक- **साकेत अम्बष्ट** फोन/फैक्स-०6186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, **RNI-BIHHIN/1998/3009**

संक्षिप्त समाचार

धमाके के साथ मकान की गिरी छत, मां-बेटे की दर्दनाक मौत और पिता-बेटी की हालत गंभीर

जालौन, एजेंसी। उत्तरप्रदेश के जनपद जालौन के कोंच कोतवाली के अंतर्गत रविवार सुबह एक मकान की छत के गिरने से इसके मलबे में दबकर एक ही परिवार के चार लोग हताहत हो गए। इस हादसे में मां और बेटे की मौत हो गई जबकि पिता और बेटी की हालात गंभीर है। पुलिस अधीक्षक डॉक्टर देवेश कुमार ने कोतवाली कोच के गांव महलुबा में अखिलेश अपनी पत्नी बच्चों के साथ एक पुराने मकान में रह रहे थे। प्रथमदृष्टया ऐसा प्रतीत होता है कि अधिक पानी के कारण पुरानी छत में नमी आ गई जिसके कारण छत पूरी तरह गिर गई और छत के नीचे सो रहे अखिलेश (35) पत्नी मोहिनी (32) ,07 वर्षीय पुत्र देबू एवं 10 वर्षीय पुत्री अदिति मलबे में दब गए। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस बल ने सभी को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कोच ले गए, जहां पर डॉक्टरों ने पुत्र देबू एवं पत्नी मोहिनी को मृत घोषित कर दिया तथा गंभीर रूप से घायल अखिलेश एवं पुत्री अदिति को मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। उन्होंने बताया कि छत गिरने कमरे में रखा फ्रिज का कंप्रेसर भी फट गया । घटना की सूचना पर जिलाधिकारी डॉ. राजेश कुमार पांडे एवं पुलिसअधीक्षक डॉ. देवेश कुमार ने अधिकारियों के साथ घटनास्थल पर पूरी घटना का जायजा लिया गंभीर रूप से घायलों को समुचित इलाज करवाने का डॉक्टर को निर्देश भी दिया। जिलाधिकारी ने बताया कि पीड़ित परिवार को नियम अनुसार आर्थिक मदद की भी कार्रवाई की जाएगी तथा पूरी घटना की जांच भी की जाएगी।

पैर धोने के दौरान नदी में डूबने से 3 बच्चों की मौत, परिजनों में मचा कोहराम

आरा, एजेंसी। बिहार में भोजपुर जिले से दर्दनाक हादसे की खबर सामने आई ,जहां नदी में डूबने से तीन बच्चों की मौत हो गई। दरअसल, पैर धोने के दौरान सभी बच्चे फिसल हए, जिससे यह हादसा हो गया। इस घटना के बाद मृतक बच्चों के परिजनों में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार, घटना जिले के नगर थाना क्षेत्र में मझौवां हवाई अड्डा मैदान के समीप की है। मृतकों की पहचान कृष्णागढ़ थाना के पिपरपांती गांव निवासी बासकी नाथ पांडेय के 16 वर्षीय पुत्र अंकुश पांडेय, टाउन थाना के देवनगर मझौवा निवासी समरेंद्र सिंह का 14 वर्षीय पुत्र शुभम कुमार तथा धोबहां थाना के शुकुलपुरा निवासी अरविंद शुक्ला का पुत्र अतुल शुक्ला के रूप में हुई है। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि तीनों बच्चे सुबह पहर हवाई अड्डा मैदान में टहलने और दौड़ने के लिए गए थे। एक किशोर पैर धोने के क्रम में नदी में डूब गया। उसे बचाने के क्रम में दो और साथी भी डूब गए। वहीं, इसकी सूचना मिलने पुलिस और परिजन मौके पर पहुंचे। इसके बाद खोजबीन कर तीनों बच्चों को नदी से बाहर निकाला गया और बाद में उन्हें सदर अस्पताल लाया गया, लेकिन तब तक सभी बच्चों की मौत हो चुकी थी। इस दौरान परिजनों ने सदर अस्पताल में जमकर हंगामा किया। इसी सूचना मिलने पर सदर एएसपी परिचय कुमार समेत कई पदाधिकारी अस्पताल पहुंचे और हंगामा कर रहे लोगों को समझा-बुझा कर शांत कराया। शवों को पोस्टमॉटर्म के लिये सदर अस्पताल भेज दिया गया है। प्रभारी सदर एसडीपीओ विकास कुमार ने बताया कि प्रत्येक मृतक के आश्रितों को चार लाख रुपए मुआवजा दिया जाएगा।

मुझे सत्ता से हटाने के लिए महीनों पहले साजिश रची गई थी

बांग्लादेश की पूर्व पीएम शेख हसीना ने इस देश पर लगाए आरोप

नई दिल्ली, एजेंसी। बांग्लादेश में हालिया राजनीतिक संकट और हिंसा के बीच पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना ने प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया है और एक अंतरिम सरकार का गठन हो चुका है। शेख हसीना ने इस इस्तीफे के साथ एक बड़ा आरोप लगाया है। उन्होंने दावा किया है कि उन्हें सत्ता से हटाने के लिए एक बड़ी साजिश की गई थी और इस साजिश का मुख्य आरोप अमेरिका पर लगाया है। हसीना का कहना है कि अमेरिका ने सेंट मार्टिन द्वीप को लेकर उन्हें सत्ता से बेदखल करने की योजना बनाई थी, क्योंकि इस द्वीप पर नियंत्रण अमेरिका को बंगाल की खाड़ी पर अपनी पकड़ मजबूत करने में मदद कर सकता था। उन्होंने बांग्लादेश के लोगों से अपील की है कि वे कट्टरपंथियों के प्रभाव में न आएं।

शेख हसीना ने अपने करीबी सहयोगियों के जरिए भेजे गए संदेश में खुलासा किया कि 5 अगस्त को छात्रों द्वारा किए गए हिंसात्मक विरोध प्रदर्शनों के बाद उन्होंने प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया। हसीना का दावा है कि अगर वे सत्ताधारी बनी रहतीं, तो उन्हें सेंट मार्टिन द्वीप की संप्रभुता अमेरिका को सौंपनी पड़ती। उनका कहना है कि यह कदम अमेरिका को बंगाल की खाड़ी पर अपनी स्थिति मजबूत करने में मदद करता।हसीना ने देशवासियों से अपील की है कि वे कट्टरपंथियों के बहकावे में न आएं और देश की संप्रभुता की रक्षा के लिए सजग रहें। उन्होंने स्पष्ट किया कि उनकी इस्तीफे की वजह केवल आंतरिक अशांति नहीं, बल्कि बाहरी दबाव भी था, जिसे वे बर्दाश्त नहीं कर सकती थीं। इस संदेश के जरिए हसीना ने अपने समर्थकों को यह संदेश देने की कोशिश की है कि उनका इस्तीफा देश के भविष्य और उसकी संप्रभुता के लिए था, न कि केवल सत्ता से हटने की वजह से। विल्सन सेंटर में दक्षिण एशिया संस्थान के निदेशक माइकल कुगेलमैन ने शेख हसीना के आरोपों को खारिज किया है। कुगेलमैन ने कहा कि बांग्लादेश में अशांति और विरोध प्रदर्शन के लिए विदेशी हस्तक्षेप की बजाय आंतरिक कारक जिम्मेदार हैं। उनके अनुसार, शेख हसीना की सरकार द्वारा छात्रों पर की गई सख्ती और सरकार की नीतियों से असंतोष के कारण आंदोलन बढ़ा। कुगेलमैन ने कहा कि यह संकट पूरी तरह से आंतरिक मुद्दों से प्रेरित था और इसमें किसी भी विदेशी हस्तक्षेप की भूमिका नहीं थी। शेख हसीना ने इस्तीफा देने के बाद अमेरिका पर उन्हें सत्ता से बेदखल करने की साजिश का आरोप लगाया है, जबकि माइकल कुगेलमैन ने इन आरोपों को नकारते हुए बांग्लादेश की आंतरिक समस्याओं को कारण बताया है। हसीना ने अपने संदेश में देशवासियों को कट्टरपंथियों से सावधान रहने की सलाह दी है और अपनी संप्रभुता की रक्षा का आह्वान किया है।

बांग्लादेशियों के समुद्र मार्ग से ओडिशा में दाखिल होने की कोई रिपोर्ट नहीं : मंत्री

कोचीन, एजेंसी। ओडिशा के कानून मंत्री पृथ्वीराज हरिचंदन ने कहा कि बांग्लादेश में हिंसा के बाद बांग्लादेशियों के समुद्र मार्ग से तटीय राज्य में दाखिल होने की कोई रिपोर्ट नहीं है। हरिचंदन ने कहा कि ओडिशा में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशियों की पहचान कर उन्हें जल्द उनके देश भेजा जाएगा। पुलिस का कहना है कि भारतीय नौसेना, तटरक्षक बल और ओडिशा समुद्री पुलिस बांग्लादेश से सटी 480 किलोमीटर लंबी समुद्री सीमा पर त्रिस्तरीय सुरक्षा बनाए हुए हैं। बांग्लादेश में राजनीतिक उथल-पुथल के बीच बांग्लादेशियों के समुद्र मार्ग से ओडिशा में दाखिल होने की संभावनाओं से जुड़े पत्रकारों के सवाल के जवाब में हरिचंदन ने शनिवार को कहा कि मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने तटरक्षक बल और ओडिशा समुद्री पुलिस को इस तरह की कोशिशों को नाकाम करने के लिए समुद्र तट पर गश्त करने का निर्देश दिया है। उन्होंने जोर देकर कहा कि बांग्लादेश के हालिया घटनाक्रमों के बाद ऐसी (बांग्लादेशियों के समुद्र मार्ग से तटीय राज्य में दाखिल होने की) कोई रिपोर्ट नहीं है। हरिचंदन ने कहा, कुछ बांग्लादेशी लंबे समय से ओडिशा में रह रहे हैं। राज्य सरकार उनके दस्तावेजों, मसलन-वीजा और वर्क परमिट या राज्य में रहने के किसी अन्य वैध कारण का सत्यापन करेगी। सत्यापन के बाद अवैध घुसपैठियों को उनके देश वापस भेजा जाएगा। सरकारी सूत्रों के मुताबिक ओडिशा के सात जिलों में कुल 3,740 अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों की पहचान की गई है। इनमें से 1,649 केंद्रपाड़ा में, 1,112 जगतसिंहपुर में और 655 मलकानगिरि में अवैध रूप से रह रहे हैं।

हिमाचल प्रदेश में भारी बारिश के कारण भूस्खलन और अचानक बाढ़ आने से 288 सड़कें अवरुद्ध

शिमला, एजेंसी। हिमाचल प्रदेश में पिछले दो दिन से भारी बारिश के कारण भूस्खलनों और अचानक आयी बाढ़ के कारण 280 से अधिक सड़कें बंद रहीं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ऊना में उफान पर बह रहे नालों का पानी कई घरों में घुस गया है जबकि लाहौल और स्पीति पुलिस ने निवासियों तथा यात्रियों को अत्यधिक सावधानी बरतने और जाहलमान नाले का जल स्तर ''तेजी से'' बढ़ने के कारण उसे पार न करने की सलाह दी है।

अधिकारियों ने बताया कि कुल्लू, मंडी और शिमला जिले में 31 जुलाई को अचानक आयी बाढ़ के बाद लापता हुए करीब 30 लोगों का पता लगाने के लिए बचाव अभियान चलाया जा रहा है लेकिन अभी कोई बड़ी सफलताा हाथ नहीं लगी है। अभी तक 28 शव बरामद किए गए हैं। उन्होंने बताया कि हिमाचल प्रदेश में 27 जून से नौ अगस्त के बीच बारिश से जुड़ी घटनाओं में 100 से अधिक लोगों की मौत हो गयी है और राज्य को करीब 842 करोड़ रुपये का नुकसान पहुंचा है।

अधिकारियों ने बताया कि 288 सड़कें बंद हैं जिनमें से 138 सड़कें शुक्रवार और 150 शनिवार को बंद हुईं। राज्य आपात अभियान केंद्र के आंकड़ों के अनुसार, मंडी में 96 सड़कें, शिमला में 76 सड़कें, कुल्लू में 37, सिरमौर में 33, चंबा में 26, लाहौल और स्पीति में सात, हमीरपुर में पांच और कांगड़ा तथा किन्नौर में चार-चार सड़कें बंद रहीं। पूह और कौरिक के बीच अचानक आयी बाढ़ और नेगुलसरिन के समीप राष्ट्रीय राजमार्ग-5 पर भूस्खलन के बाद किन्नौर का राज्य की राजधानी शिमला से संपर्क टूट गया है।

अधिकारियों ने बताया कि राज्य में 458 बिजली और 48 जल आपूर्ति योजनाएं भी प्रभावित हुई हैं। क्षेत्रीय मौसम विज्ञान कार्यालय ने रविवार को 'ऑरेंज अलर्ट' जारी करते हुए पांच जिलों - बिलासपुर, चंबा, हमीरपुर, कुल्लू, कांगड़ा, मंडी, शिमला, सोलन, सिरमौर और ऊना में कुछ स्थानों पर भारी से बहुत भारी बारिश की चेतावनी दी है। उसने बताया कि गरज के साथ तूफान आने, बिजली गिरने और बारिश आने का पूर्वानुमान है। मौसम कार्यालय ने चंबा, हमीरपुर, कुल्लू, मंडी, सिरमौर और शिमला जिलों के कुछ स्थानों में अचानक बाढ़ आने की भी चेतावनी दी है। उसने बताया कि तेज हवाओं के कारण पेड़-पौधों, फसलों, संवेदनशील ढांचों और 'कच्चे' मकानों को नुकसान पहुंच सकता है और निचले इलाकों में जलभराव हो सकता है।

प्रधानमंत्री ने कृषि उपज बढ़ाने के लिए जलवायु अनुकूल बीजों की 109 किस्में जारी कीं

नई दिल्ली, एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कृषि और बागवानी फसलों की उच्च उपज वाली, जलवायु अनुकूल और जैव-सुदृढ़ीकृत बीजों की 109 किस्मों को जारी किया। इस पहल का उद्देश्य कृषि उत्पादकता और किसानों की आय को बढ़ाना है। इन किस्मों को भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) ने विकसित किया है और ये कुल 61 फसलों से संबंधित हैं। इनमें 34 खेतों में लगाई जाने वाली और 27 बागवानी की फसलें हैं। मोदी ने दिल्ली के पूसा परिसर में तीन प्रायोगिक कृषि भूखंडों पर बीजों को पेश किया।

इस मौके पर प्रधानमंत्री ने किसानों और वैज्ञानिकों के साथ बातचीत भी की। खेती की फसलों में अनाज, बाजरा, चारा, तिलहन, दलहन, गन्ना, कपास और फाइबर फसलें शामिल हैं। वहीं बागवानी की फसलों में फलों, सब्जियों, मसालों, फूलों और औषधीय पौधों की नई किस्में शामिल हैं।

विधानसभा चुनाव महाराष्ट्र से नफरत करने वालों के खिलाफ लड़ाई है : उद्धव ठाकरे

मुंबई, एजेंसी। नवनिर्माण सेना (मनसे) के कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया और उनके काफिले पर टमाटर और गोबर फेंका।

शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे ने शनिवार को महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे पर दिल्ली के सामने झुकने का आरोप लगाया और कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव उन लोगों के खिलाफ लड़ाई है जो राज्य से नफरत करते हैं।

शिंदे के गढ़ ठाणे शहर में पार्टी कार्यकर्ताओं की एक सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने राज्य सरकार पर अक्टूबर में होने वाले चुनावों से महीनों पहले अपनी प्रमुख योजना 'मुख्यमंत्री लाडकी बहिन योजना' की घोषणा करके मतदाताओं को रिश्वत देने का आरोप लगाया।

पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि महिलाओं को इस योजना का लाभ उठाना चाहिए क्योंकि यह उनका अपना पैसा है, लेकिन उन्हें आत्मसम्मान से समझौता नहीं करना चाहिए। ठाकरे ने प्रतिद्वंद्वी शिवसेना के प्रमुख शिंदे पर हमला करते हुए कहा, वे दिल्ली के सामने झुक रहे हैं।

उन्होंने कहा कि शिवसेना के संस्थापक बाल ठाकरे का संघर्ष दिल्ली के सामने झुकने से इनकार करने के लिए था। ठाकरे ने कहा, राज्य विधानसभा की लड़ाई उन लोगों के साथ होगी जो महाराष्ट्र से नफरत करते हैं।

इससे पहले जब ठाकरे यहां गडकरी रंगायतन सभागार में अपनी पार्टी के कार्यकर्ताओं की एक बैठक के लिए पहुंचे तो महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया और उनके काफिले पर टमाटर और गोबर फेंका।

कार्यक्रम में अपने संबोधन के दौरान इस घटना का कोई उल्लेख न करते हुए उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी के कार्यकर्ता उनके 'वाघ-नख' हैं और वह अब्दाली से नहीं डरते। हाल ही में उद्धव ठाकरे ने भाजपा नेता अमित शाह को अहमद शाह अब्दाली करार दिया था। केंद्रीय गृह मंत्री ने ठाकरे पर औरंगजेब फैन क्लब का प्रमुख होने का आरोप लगाया था। कार्यक्रम में ठाकरे ने कहा, मेरे शिवसैनिक मेरे 'वाघ-नख' हैं, मुझे अब्दाली से कोई डर नहीं है। 'वाघ-नख' या बाघ-पंजा एक हाथ से पकड़ा जाने वाला हथियार है। कहा जाता है कि इसका इस्तेमाल छत्रपति शिवाजी महाराज ने 1659 में बीजापुर सल्तनत के सेनापति अफजल खान को मारने के लिए किया था। यह हथियार वर्तमान में सतारा के एक संग्रहालय में रखा गया है। वहीं मुंबई में वक्फ (संशोधन) विधेयक को लेकर शनिवार को शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे के बांद्रा स्थित आवास के बाहर विरोध प्रदर्शन कर रहे मुस्लिम समुदाय के कम से कम 10 सदस्यों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया।

एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने संभावित टकराव को टाल दिया, क्योंकि प्रदर्शनकारियों ने विधेयक पर अपनी पार्टी के रुख को स्पष्ट करने की मांग करते हुए ठाकरे के खिलाफ नारे लगाए।

आप के पूर्व मंत्री ने थामा बीजेपी का दामन, भाजपा ने 3 घंटे में पार्टी से निकाला बाहर

चंडीगढ़, एजेंसी। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की ओर से संदीप वाल्मीकि को पार्टी में शामिल कराए जाने के बाद उनके खिलाफ पुरानी विवादित खबरें सोशल मीडिया पर वायरल हो गईं। इसके तुरंत बाद, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने संदीप वाल्मीकि को पार्टी से बाहर का रास्ता दिखा दिया। हरियाणा के पंचकूला में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की मौजूदगी में संदीप वाल्मीकि ने भाजपा में शामिल होने की औपचारिकता पूरी की। मुख्यमंत्री ने उन्हें पार्टी का दामन थमाया और उनके साथ अन्य नेताओं ने भी उनका स्वागत किया। संदीप वाल्मीकि के भाजपा में शामिल होने के कुछ ही समय बाद, सोशल मीडिया पर उनके पूर्व विवादों से जुड़ी पुरानी खबरें तेजी से फैलने लगीं। इन खबरों में संदीप पर गंभीर आरोपों का जिक्र था, जो उनकी नई पार्टी की छवि को प्रभावित कर रहे थे। जैसे ही भाजपा को इन विवादित खबरों की जानकारी मिली, उन्होंने तत्काल एक्शन लिया। पार्टी ने पाया कि संदीप वाल्मीकि ने अपनी पूर्व पृष्ठभूमि को छिपाया था और पार्टी को सही जानकारी नहीं दी थी। इसके चलते भाजपा ने संदीप को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से हटा दिया। भाजपा के प्रदेश महामंत्री सुरेंद्र पूनिया ने एक पत्र जारी कर इस निर्णय की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि संदीप वाल्मीकि ने भाजपा ज्वाइन करने से पहले अपनी विवादित पृष्ठभूमि को छुपाया था, जिसके कारण उन्हें पार्टी से बाहर किया गया है। पत्र में यह भी कहा गया कि संदीप अब भविष्य में भाजपा से किसी भी रूप में जुड़े नहीं रहेंगे। संदीप वाल्मीकि आम आदमी पार्टी की दिल्ली सरकार में महिला एवं बाल विकास मंत्री रह चुके थे। 2016 में राशन कार्ड बनाने को लेकर एक महिला ने उन पर गंभीर आरोप लगाए थे। इस विवाद के बाद, मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने संदीप को मंत्री पद से हटा दिया था और पार्टी से भी निकाल दिया था।

कोचीन हवाईअड्डे पर बैग में बम होने संबंधी टिप्पणी करने पर यात्री गिरफ्तार

कोचीन, एजेंसी। सीआईएएल ने कहा कि बीडीडीएस द्वारा जांच पूरी करने के बाद वहां कोई भी गड़बड़ी या खतरा नहीं पाया गया, जिसके बाद कुमार को मामले में आगे के जांच के लिए स्थानीय पुलिस को सौंप दिया गया।

केरल के कोचीन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सुरक्षा जांच के दौरान बम संबंधी टिप्पणी करने के आरोप में मुंबई जाने वाले एक यात्री को गिरफ्तार कर लिया गया। कोचीन अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा लिमिटेड (सीआईएएल) ने रविवार को कहा कि मनोज कुमार (42) ने सामान की जांच करने वाले काउंटर पर केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के अधिकारी से डरा देने वाली टिप्पणी की थी।

मनोज कुमार रविवार सुबह एयर इंडिया की फ्लाइट से कोचीन से मुंबई जाने वाला था। सीआईएएल ने एक बयान में कहा, ''विमान में चढ़ने से पहले सुरक्षा जांच के दौरान कुमार ने सीआईएसएफ अधिकारी से पूछा, क्या मेरे बैग में कोई बम है

यात्री की इस बात से वहां लोगों में तुरंत चिंता व्याप्त हो गई जिसके बाद हवाईअड्डा सुरक्षा दल ने त्वरित कार्रवाई की। हवाईअड्डा प्राधिकरण ने कहा कि बम खोज एवं निरोधक दस्ते ने यात्री केबिन और सामान की पुन- जांच की।

सीआईएएल ने कहा कि बीडीडीएस द्वारा जांच पूरी करने के बाद वहां कोई भी गड़बड़ी या खतरा नहीं पाया गया, जिसके बाद कुमार को मामले में आगे के जांच के लिए स्थानीय पुलिस को सौंप दिया गया।

स्थिति का आकलन करने के लिए गठित बम खतरा आकलन समिति (बीटीएसी) ने कहा कि बम की सूचना विश्वसनीय नहीं थी, लेकिन फिर भी हमने सुरक्षा के लिए स्थिति की जांच की। सीआईएएल ने बताया कि बीटीएसी ने अपनी कार्रवाई पूरी कर ली, जिससे विमान समय पर रवाना हो गया।

अभिषेक बनर्जी ने दुष्कर्म और हत्या मामलों में त्वरित न्याय के लिए विधेयक लाने का आह्वान किया

कोलकाता, एजेंसी। तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अभिषेक बनर्जी ने बलात्कारियों और हत्यारों पर त्वरित गति से मुकदमा चलाने और एक सप्ताह के भीतर सजा सुनाने के लिए संसद में एक विधेयक पेश करने का आह्वान किया है, जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि उन्हें अनुकरणीय सजा मिले। बनर्जी ने पश्चिम बंगाल के डायमंड हार्बर निर्वाचन क्षेत्र के आमतला में एक प्रशासनिक बैठक के बाद यह टिप्पणियां कीं। तृणमूल के राष्ट्रीय महासचिव ने शनिवार को पत्रकारों से बातचीत में कोलकाता के एक सरकारी अस्पताल में एक महिला परास्नातक प्रशिक्षु चिकित्सक के यौन उत्पीड़न और हत्या के बाद सड़कों पर प्रदर्शन करने के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेताओं की निंदा की।

बनर्जी ने भाजपा नेताओं से प्रदर्शन के बजाय त्वरित न्याय के लिए केंद्र पर विधेयक पारित करने का दबाव डालने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि तृणमूल कांग्रेस संसद में विरोधी दल होने के नाते इस विधेयक का समर्थन करेगी और इसे कांग्रेस तथा वामपंथी दलों का भी समर्थन मिल सकता है। बनर्जी ने कहा कि ऐसे कानून से मुकदमे के लंबा खिंचने पर रोक लगेगी और यह सुनिश्चित करके करदाताओं का पैसा बचाया जाएगा कि बलात्कारी और हत्यारे समाज में न रहें। उन्होंने कहा, ''बलात्कारी समाज में रहने लायक नहीं हैं और इन्हें या तो मुठभेड़ में मार गिराया जाना चाहिए या फिर फांसी पर लटकाया जाना चाहिए।'' हाथरस, उन्नाव, मणिपुर जैसे मामले, दिल्ली में निर्भया मामले और पश्चिम बंगाल की घटनाओं में महिलाओं के खिलाफ जघन्य अपराधों को रोकने में राजनीतिक दलों की नाकामी को स्वीकार करते हुए बनर्जी ने यह सुनिश्चित करने के लिए न्याय प्रणाली में सुधार का आह्वान किया कि ऐसे अपराधों के लिए त्वरित और निष्पक्ष मुकदमा चलाया जाए। उन्होंने बलात्कार के मामलों में त्वरित न्याय सुनिश्चित करने के बजाय अध्यादेशों के माध्यम से प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के निदेशक के कार्यकाल को बढ़ाने पर अधिक ध्यान केंद्रित करने के लिए केंद्र की आलोचना की। घटना के 24 घंटे के भीतर संदिग्ध को गिरफ्तार करने में पुलिस की त्वरित कार्रवाई की प्रशंसा करते हुए बनर्जी ने अस्पतालों में सख्त सुरक्षा उपायों की आवश्यकता पर जोर दिया और रात 10 बजे के बाद लोगों की निर्बाध आवाजाही पर सवाल उठाया। उन्होंने तृणमूल के भीतर जल्द ही संगठनात्मक बदलाव का भी संकेत दिया और पार्टी के सिद्धांतों का पालन नहीं करने वाले उसके सदस्यों के खिलाफ कार्रवाई के लिए अपनी पहले की तीन महीने की समयसीमा को त्योहारों के कारण पांच महीने तक बढ़ा दिया।

खाकीधारी सिपाही चला रहे थे हनी ट्रैप गैंग, रकम ऐंठने पहुंचे तो छात्रों ने दबोच लिया

लखनऊ, एजेंसी। उत्तर प्रदेश पुलिस जिनके कारनामों ने खाकी को एक बार फिर शर्मसार कर दिया है। दूसरों को न्याय का भरोसा दिलाने वाली खाकी खुद आरोपों में घिरकर शर्मसार हो रही है। एक ऐसा ही सनसनीखेज मामला सामने आया है मेरठ जिले से। जहां उत्तर प्रदेश पुलिस के 2 सिपाहियों पर एक व्यापारी को हनीट्रैप में फंसा कर ब्लैकमेल कर उससे रकम वसूलने का आरोप लगा है।

आपको बता दें कि, मेरठ और बागपत ज़िले में तैनात उत्तर प्रदेश पुलिस के 2 सिपाही अपने साथी के साथ मिलकर लोगों को हनीट्रैप में फंसाने और ब्लैकमेल करने का गिरोह चला रहे थे। दोनों सिपाहियों ने एक महिला की मदद से मेडिकल के जागृति विहार निवासी कारोबारी को पहले फंसाया, फिर बाद में व्यापारी को बंधक बनाकर पीटा और व्यापारी की न्यूड वीडियो बनाई जिसके बाद व्यापारी को ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया।

बताया जा रहा है कि बीते 9 अगस्त की रात को एक बार फिर दोनों सिपाही व्यापारी से पैसे लेने उसके घर पहुंचे। इस दौरान कारोबारी के भतीजे ने अपने कुछ छात्र दोस्तों से दोनों सिपाहियों को वहीं दबोच लिया। पूछताछ में पता चला कि दोनों सिपाही अपने एक साथी के साथ मिलकर हनीट्रैप गैंग चला रहे हैं। वहीं घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची थाना पुलिस ने दोनों आरोपियों को हिरासत में ले लिया है। जहां उनसे पूछताछ की गई तो एक अन्य आरोपी के नाम का खुलासा हुआ, जिसके बारे में पुलिस जानकारी जुटाने में लगी है।

पेरिस ओलिंपिक में बिना गोल्ड के भारत का अभियान समाप्त

मेडल टैली में 71वें स्थान पर रहा, विनेश के मेडल का फैसला 13 अगस्त को

पेरिस (एजेंसी)। भारतीय रेसलर रीतिका हुड्डा के क्वार्टर फाइनल में हार के साथ ही शनिवार रात पेरिस ओलिंपिक 2024 में भारत का अभियान समाप्त हो गया। रेसलिंग की विमेंस 76द्मद् कैटेगरी में उन्हें किर्गिस्तान की आईपेरी मेडेट कायजी ने 1-1 से हराया। रेसलिंग के अलावा, भारतीय गोल्फर अदिति अशोक 29वें स्थान पर रहीं। भारत के लिए विमेंस 10 मीटर एयर पिस्टल में मनु भाकर, 10 मीटर एयर पिस्टल मिक्स्ड में मनु भाकर और सरबजोत सिंह, मेंस 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन में स्वप्निल कुसाले, रेसलिंग में अमन सहरावत और हॉकी को मिलाकर भारत ने 5 ब्रॉन्ज जीता। वहीं स्टार जेवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा ने सिल्वर दिलवाया। भारत ने कुल 6 मेडल जीते।

भारत को अब भी सातवां मेडल मिल सकता है। अनुभवी रेसलर विनेश फोगाट भी 50 किलोग्राम केटेगरी में कुश्ती के फाइनल में पहुंच गई थीं। उन्होंने भारत के लिए मेडल पक्का कर लिया था, लेकिन फाइनल वाले दिन वह 100 ग्राम ओवरवेट आईं, जिसके चलते उन्हें डिसक्वालिफाई कर दिया गया। अब 13 अगस्त को कोर्ट ऑफ आर्बिट्रेशन फॉर स्पोर्ट्स विनेश के मेडल का फैसला करेगी।

नीरज से गोल्ड की उम्मीद थी – 11 अगस्त को पेरिस ओलिंपिक की क्लोजिंग सेरेमनी भी होगी, जिसमें भारत के ध्वजवाहक पीआर श्रीजेश और मनु भाकर शामिल होने वाले हैं। इस बार भारत को ओलिंपिक में कोई गोल्ड मेडल नहीं मिला। भारत के स्टार जेवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा से इस बार भी गोल्ड की उम्मीद थी, लेकिन उन्हें भी सिल्वर मेडल मिला।इसके साथ ही यह साफ हो गया है कि भारतीय दल जब पेरिस से लौटेगा तो उसके खाते में 3 साल पहले हुए टोक्यो ओलिंपिक से कम मेडल होंगे।

71वें नंबर पर रहा भारत – भारत ने टोक्यो ओलिंपिक में 1 गोल्ड, 2 सिल्वर और 4 ब्रॉन्ज मेडल जीते थे। तब भारतीय दल मेडल टैली में 48वें नंबर पर था। इस बार भारतीय टीम 71वें नंबर पर खिसक गई है। यह नंबर और नीचे जा सकता है क्योंकि 11 अगस्त को 13 मेडल इवेंट होने हैं।

भारत के टोक्यो के मुकाबले पेरिस ओलिंपिक की मेडल टैली में नीचे खिसकने की बड़ी वजह गोल्ड मेडल ना जीत पाना रहा। भारत को सिल्वर मेडल भी एक ही मिला, जो टोक्यो ओलिंपिक के चैंपियन नीरज चोपड़ा ने जीता। भारत के पांचों मेडल ब्रॉन्ज हैं। भारतीय खिलाड़ियों ने 3 ब्रॉन्ज मेडल शूटिंग में जीते। एक ब्रॉन्ज मेडल हॉकी और एक कुश्ती में मिला।

अब भी मिल सकता है 7वां मेडल – पेरिस ओलिंपिक गेम्स 11 अगस्त को समाप्त हो गया। लेकिन पेरिस गेम्स के बाद भी भारत की मेडल टैली बढ़ सकती है। भारत की रेसलर विनेश फोगाट ने ष्टस् में सिल्वर मेडल दिए जाने की अपील की है। इस पर मंगलवार को फैसला आएगा। अगर विनेश यह अपील जीतती हैं तो वे सिल्वर मेडल जीतने वाली देश की पहली महिला रेसलर बन जाएंगी। साथ ही भारत के मेडल की संख्या 7 पहुंच जाएगी। अगर ऐसा हुआ तो भारत मेडल टैली में 68वें स्थान पर रह सकता है।

टोक्यो में मिला था गोल्ड भारत को पिछले 3 ओलिंपिक में सिर्फ 1 गोल्ड मिला है। नीरज ने जेवलिन में टोक्यो 2020 में गोल्ड दिलवाया था। टोक्यो ओलिंपिक में भारत ने कुल 7 मेडल जीते थे, जिसके बाद भारत 48वें स्थान पर रहा था। रियो 2016 में भारत केवल 2 मेडल जीतकर 67वें रैंक पर था।

भारत का पिछले 3 ओलिंपिक में परफॉरमेंस

ओलिंपिक	रैंक	गोल्ड	सिल्वर	ब्रॉन्ज	कुल
रियो 2016	67	0	1	1	2
टोक्यो 2020	48	1	2	4	7
पेरिस 2024	71	0	1	5	6

पांच बार की ग्रैमी विजेता गैब्रिएला सरमिएंटो विल्सन क्लोजिंग सेरेमनी में परफॉर्म करेंगी

पेरिस ओलिंपिक गेम्स 2024 का आखिरी दिन था। रविवार रात 12:30 बजे से क्लोजिंग सेरेमनी हुई। कैलिफोर्निया की सिंगर गैब्रिएला सरमिएंटो विल्सन परफॉर्म करती दिखेंगी। उनको 2021 में 'आई कांट ब्रीद' के लिए 'सॉन्ग ऑफ द ईयर' का ग्रैमी पुरस्कार मिला था। 'हर' के नाम से मशहूर गैब्रिएला सरमिएंटो विल्सन 2028 में लॉस एंजिल्स ओलिंपिक के लिए 'हैंडओवर' के तहत स्टेड डि फ्रांस में अमेरिका का राष्ट्रगान गाएंगी। 'हर' ने अपने शानदार करियर के दौरान ऑस्कर, एमी और ग्रैमी पुरस्कार जीते हैं। कैलिफोर्निया की 27 वर्षीय गायिका ने 'आई कांट ब्रीद' के लिए 2021 में 'वर्ष के सर्वश्रेष्ठ गीत' का ग्रैमी पुरस्कार जीता था। लॉस एंजिलिस 1984 और 1932 के बाद 2028 में तीसरी बार ओलिंपिक की मेजबानी करेगा। यह शहर पहली बार पैरालिंपिक की मेजबानी भी करेगा।

चोट के साथ पैरिस ओलिम्पिक में खेले नीरज चोपड़ा, अब कराएंगे सर्जरी !

पैरिस (एजेंसी)। भारत के भाला फैंक स्टार नीरज चोपड़ा ने ओलिम्पिक में रजत पदक जीतने के बाद अपनी चोट पर बात करते हुए कहा कि अब प्रतिस्पर्धा करने के लिए उन्हें जल्द ही सर्जरी करानी पड़ सकती है। चोपड़ा पैरिस खेलों से पहले एक दर्दनाक एडिक्टर निगल (जांघ की मांसपेशियों से संबंधित समस्या) से जूझ रहे थे। लेकिन उन्होंने इसके बावजूद 89.45 मीटर के थ्रो के साथ रजत पदक जीत लिया। इसके साथ ही वह 2 ओलिम्पिक पदक जीतने वाले भारत के पहले ट्रैक-एंड-फील्ड एथलीट बन गए। उन्होंने टोक्यो में स्वर्ण जीता था। चोपड़ा पाकिस्तान के अरशद नदीम से पीछे रहे, जिन्होंने 92.97 मीटर के ओलिम्पिक रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण जीता।

बहरहाल, नीरज ने कहा कि मेरे दिमाग में बहुत कुछ है। जब मैं थ्रो करता हूं तो मेरा 60-70 प्रतिशत ध्यान चोट पर होता है। मैं घायल नहीं होना चाहता। जब भी मैं थ्रो करने जाता हूं तो आप देखेंगे कि मेरी गति कितनी कम होती है। डॉक्टर ने मुझे सर्जरी के लिए जाने के लिए कहा था लेकिन मेरे पास विश्व चैम्पियनशिप से पहले या विश्व चैम्पियनशिप के बाद यह निर्णय लेने के लिए इतना समय नहीं था क्योंकि ओलंपिक की तैयारी में बहुत समय लगता है।

उन्होंने हताशा के संकेत के साथ कहा कि मैं अभी भी खुद को आगे बढ़ा रहा हूं। खेल में यह अच्छा नहीं है। इसके साथ आगे बढ़ना अच्छा नहीं है। यदि आप एक लंबा करियर चलाना चाहते हैं तो आपको फिट और स्वस्थ रहना होगा लेकिन ऐसी प्रतियोगिताएं होती हैं जहां आप निर्णय नहीं ले सकते। अब हम इस पर काम करेंगे और तकनीक पर काम करेंगे।

उन्होंने यह भी बताया कि फिटनेस के मामले में पिछले 7 साल उनके लिए कितने कठिन रहे। उन्होंने कहा कि मुझे 2017 में यह दर्द महसूस हुआ। मैंने इसका बहुत इलाज करवाया। लेकिन अब मुझे इस पर बड़ा फैसला लेना होगा। मैं अपनी टीम से बात करूंगा और फिर %फैसला लूंगा।

कीरोन पोलार्ड ने छुड़ाए राशिद खान के पसीने, 5 गेंद पर जड़ दिए 5 छक्के

नईदिल्ली, एजेंसी। वेस्टइंडीज के दिग्गज खिलाड़ी कीरोन पोलार्ड ने द हंड्रेड मेन्स कंप्टिशन 2024 के 24वें मैच में अफगानिस्तान के दिग्गज स्पिनर राशिद खान की गेंदों पर लगातार पांच छक्के लगाकर सनसनी मचा दी। पोलार्ड ने ऐसा पहली बार नहीं किया है। 2021 में श्रीलंका के अकिला धनंजय के खिलाफ एक ही ओवर में 6 छक्के जड़ दिए थे। पोलार्ड की ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की मदद से साउदर्न ब्रेव ने ट्रेंट रॉकेट के खिलाफ 100 गेंदों में 127 रनों के मुश्किल लक्ष्य को हासिल कर लिया। 76 गेंदों के बाद साउदर्न ब्रेव का स्कोर 6 विकेट पर 78 रन था। ब्रेव को 20 गेंद पर 49 रन चाहिए थे। राशिद ने पहली 15 गेंदों पर 10 रन देकर 1 विकेट लिए। पोलार्ड ने एक ही ओवर में उनकी कुटाई करके बॉलिंग रिकॉर्ड को खराब कर दिया।

14 गेंद पर 6 रन बनाकर क्रीज पर थे पोलार्ड – इस ओवर से पहले वह 14 गेंद पर 6 रन बनाकर क्रीज पर थे पोलार्ड ने पहली दो गेंदों को काउ कॉर्नर और लॉन्ग-ऑफ क्षेत्र के ऊपर से मारा। इसके बाद तीसरी गेंद पर राशिद के सिर के ऊपर से सीधा शॉट मारा। इसके बाद डीप मिड-विकेट पर शॉट लगाया। उन्होंने लॉन्ग-ऑफ पर छक्का लगाकर ओवर को समाप्त किया। अब ब्रेव को 15 गेंदों पर 19 रन चाहिए थे।

पोलार्ड ने 23 गेंदों पर 45 रन की तेज पारी खेली –धमाकेदार पारी के कुछ ही समय बाद पोलार्ड आउट हो गए। इसके बावजूद पोलार्ड ने 23 गेंदों पर 45 रन की तेज पारी खेलकर पहले ही मैच का रुख साउदर्न ब्रेव के पक्ष में मोड़ दिया था।

विवेक बोले-सेमीफाइनल की रात नींद नहीं आई

बस यही सोचते रहे कि काश और बेहतर कर पाते; ओलिंपिक विजेता का भोपाल में स्वागत

भोपाल (एजेंसी)। पेरिस ओलिंपिक में ब्रॉन्ज मेडल जीतकर भारतीय हॉकी टीम भारत लौट आई है। टीम में मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व कर रहे विवेक सागर प्रसाद रविवार सुबह दिल्ली से फ्लाइट द्वारा भोपाल पहुंचे। राजा भोज एयरपोर्ट पर मंत्री विश्वास सारंग और पुलिस विभाग के अधिकारियों ने उन्हें रिसीव किया।

विवेक के स्वागत में पूरा एयरपोर्ट ढोल-नगाड़ों से गूंजता रहा। प्रशंसक उनके नाम के नारे लगा रहे थे। एयरपोर्ट से स्वागत रैली टीटी नगर स्टेडियम पहुंची। उनकी मां कमला देवी, पिता रोहित सागर और भाई विद्यासागर भी साथ रहे।

सेमीफाइनल में हार के बारे में बात करते हुए विवेक ने कहा, उस पूरी रात हमें नींद नहीं आई। बार-बार वही रील चल रही थी। वह सेमीफाइनल हमारे लिए हार्ट ब्रेकिंग था। हम पूरी रात यह सोचते रहे कि काश और अच्छा कर सकते।विवेक ??इटारसी से सटे चांदौन गांव के रहने वाले हैं। वे एमपी पुलिस में डीएसपी हैं।भारतीय हॉकी टीम के सदस्य विवेक सागर प्रसाद रविवार सुबह भोपाल पहुंचे। राजा भोज एयरपोर्ट पर उनका स्वागत किया गया।

श्रीजेश को डेडिकेट किया मेडल – विवेक भारतीय हॉकी टीम में मिड फील्डर के रूप में खेलते हैं। ब्रॉन्ज मेडल जीतने पर उन्होंने कहा, यह हम सभी के लिए बहुत खुशी का पल था। हमने बहुत एंजॉय किया। यह श्रीजेश भाई का लास्ट टूर्नामेंट भी था, तो मेडल हमने उन्हीं को डेडिकेट किया है। हार के मलाल पर विवेक ने कहा, एक खिलाड़ी हमेशा चाहता है कि वह अपने देश के लिए अच्छा करे। देश आगे बढ़े। उन्होंने कहा कि जो भी खिलाड़ी हॉकी खेलते हैं, वह निरंतर प्रयास करते रहें। इससे कभी पीछे न हटें। भारतीय टीम के प्रदर्शन में गोलकीपर पीआर श्रीजेश का अहम रोल रहा है। उन्होंने पहले ही ऐलान कर दिया था कि पेरिस ओलिंपिक उनका आखिरी टूर्नामेंट होगा।

आज सुबह तिरंगा यात्रा में करेंगे शिरकत – भोपाल के टीटी नगर में कार्यक्रम के बाद विवेक सागर आज रेस्ट करेंगे। वे सोमवार सुबह सुभाष नगर से अशोका गार्डन तक निकाली जा रही तिरंगा यात्रा में सीएम डॉ. मोहन यादव के साथ शामिल होंगे।

राज्य सरकार देगी एक करोड़ का इनाम – भोपाल पुलिस हेडक्वार्टर में पोस्टेड विवेक सागर प्रसाद को मध्यप्रदेश सरकार 1 करोड़ रुपए का इनाम देगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शुक्रवार को विवेक से वीडियो कॉल पर बात कर उन्हें और टीम को बधाई दी थी।विवेक दूसरी बार ओलिंपिक में मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व कर रहे थे। इससे पहले वे टोक्यो ओलिंपिक 2020 में भी ब्रॉन्ज जीतने वाली टीम का हिस्सा रहे हैं। भारत ने लगातार दूसरे ओलिंपिक में ब्रॉन्ज मेडल जीतने का रिकॉर्ड 52 साल बाद बनाया है। जीत के बाद विवेक सागर ने सपोर्ट के लिए सभी को धन्यवाद दिया।

नाकामुरा ने बुलेट में किया शानदार प्रदर्शन

स्पीड चैस के सेमीफाइनल में फिरोजा से होगी टक्कर

नई दिल्ली (एजेंसी)। विश्व के नंबर 3 खिलाड़ी यूएसए के हिकारू नाकामुरा ने स्पीड चेस चैंपियनशिप 2024 के सेमी फाइनल में पहुंचने वाले अंतिम खिलाड़ी बन गए हैं। शुक्रवार देर रात को क्वार्टरफाइनल में उन्होंने रूस के यान नेपोमनिशी को 14.5-9.5 के स्कोर से हराया। नेपोमनिशी ने पहले सेगमेंट में तीन अंकों की बढ़त हासिल की थी, लेकिन नाकामुरा ने 3+1 मिनट के दूसरे सेगमेंट में स्कोर बराबर कर दिया और फिर बुलेट गेम्स में दबदबा बनाकर मैच जीत लिया। अब पेरिस में होने वाले सेमीफाइनल में नॉर्वे के मैग्नस कार्लसन यूएसए के हंस नीमन से और फ्रांस के अलीरेज़ा फिरौजा यूएसए के हिकारु नाकामुरा से 6 सितंबर को खेलेंगे जीत के बाद नाकामुरा नें कहा की मुझे लगता है कि अलीरेज़ा के खिलाफ खेलना वास्तव में रोमांचक होगा क्योंकि, जैसा कि मैंने शायद पहले 10 बार कहा है, वह एकमात्र खिलाड़ी हैं जो मेरी और मैग्नस की तरह बुलेट में एक ही स्तर पर हैं। स्पीड चैस की शुरुआत 27 और 28 जून को क्वालिफायर से हुई थी और यह 8 सितंबर को पहली बार फाइनल के साथ समाप्त होगी, जो पेरिस में लाइव होगा।

ओलंपिक से सुंदरता के कारण बैन हुई यह एथलीट, इंस्टा, भारी पड़ा है फोटोज डालना

पेरिस (एजेंसी)। पेरिस ओलंपिक नित नए झमेलों के लिए चर्चा में है। महिला बॉक्सिंग में पुरुष को खिलाने के आरोपों, विनेश फोगाट के भार को लेकर हुए विवाद के बाद अब खबर आई है कि एक तैराक को इसलिए वापस देश जाने को कह दिया गया क्योंकि वो हद से ज्यादा सुंदर थीं।

पैराग्वे की 20 साल की तैराक लुआना अलोंसो का ज्यादा सुंदर होना उनके लिए मुश्किल बन गया है। उनको ओलंपिक खेल गांव में कमरा खाली करने कहा गया और ओलंपिक छोड़कर वापस अपने देश लौटने बोल दिया गया।

एक रिपोर्ट के मुताबिक ओलंपिक में भाग लेने पहुंचे पैराग्वे के ही कुछ खिलाड़ियों ने अधिकारियों से लुआना की सुंदरता को लेकर शिकायत की थी। कहा गया कि उनकी सुंदरता सबका ध्यान भटका रही है।

जांच दाल ने भी उन्हें बेहद खूबसूरत पाया और उनको लगा कि अन्य खिलाड़ियों की शिकायत सही है। ऐसे में लुआना को वापस उनके देश भेज दिया गया है।

दिलचस्प बात यह है कि क्या उनके ही देश के खिलाडियों को पेरिस पहुंचकर ही यह पता चला कि उनकी टीम मेट इतनी अधिक सुंदर है।

हालांकि एक पक्ष यह भी है कि वे अनुशासनहीनता करती पाई गईं। यह भी कहा गया कि वह भड़कीले कपड़े पहने रहती थी जिससे उनके साथी एथलीट्स का ध्यान भटकता था। वहीं, मीडिया में सुंदरता के चलते बाहर किए जाने की ख़बरें ही सामने आई।

भारतीय हॉकी टीम के खिलाड़ियों ने सचखंड श्री हरिमंदर साहिब में मत्था टेका

अमृतसर (एजेंसी)। पेरिस ओलंपिक 2024 में कांस्य पदक जीतकर देश लौटी भारतीय हॉकी टीम के खिलाड़ी रविवार को सचखंड श्री हरिमंदर साहिब में माथा टेकने पहुंचे। इस अवसर पर शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी ने हॉकी खिलाड़ियों को श्री दरबार साहिब के सूचना केंद्र में सचखंड श्री हरमंदिर साहिब का स्वर्ण मॉडल, धार्मिक पुस्तकें और सिरोपा देकर सम्मानित किया।

एडवोकेट धामी ने कहा कि यह हमारे लिए सम्मान और गर्व की बात है कि जब भी भारतीय हॉकी टीम में पंजाब के खिलाड़ियों की पूरी भागीदारी हुई है, टीम ने शानदार उपलब्धियां हासिल की हैं।

पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतना भी उनमें से एक है। उन्होंने हॉकी खिलाड़ियों को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी और भविष्य में और बड़ी उपलब्धियों के लिए प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि टीम में शामिल पंजाब के खिलाड़ियों ने लंबे समय के बाद पंजाब की हॉकी से जुड़े इतिहास को दोहराया है। एडवोकेट धामी ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि उन्हें देश की हॉकी टीम में बड़ी संख्या में पंजाबी खिलाड़ियों से प्रेरणा लेनी चाहिए और खेलों में आगे आना चाहिए।

एडवोकेट धामी ने कहा कि सिख संगठन शिरोमणि कमेटी हमेशा खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करती रही है और भविष्य में भी पंजाब और सिखों का गौरव बढ़ाने वाले युवाओं को प्रोत्साहित किया जाता रहेगा। उन्होंने विशेष रूप से भारतीय हॉकी टीम के लिए खेलने वाले सिद्ध गुरु सिख खिलाड़ी जर्मनप्रीत सिंह का उल्लेख किया और सिख परिवारों से संबंधित खिलाड़ियों को अपनी सिख छवि बनाए रखने के लिए प्रोत्साहित किया।

हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा कि वह आज टीम के खिलाड़ियों के साथ सचखंड श्री हरमंदिर साहिब में नतमस्तक होकर धन्य महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि टीम को यह उपलब्धि गुरु साहिब के आशीर्वाद से ही मिल पाई है और उन्होंने भविष्य में टीम के बेहतर प्रदर्शन की प्रार्थना की। उन्होंने शिरोमणि कमेटी द्वारा मिले मान-सम्मान के लिए आभार व्यक्त किया। श्री हरिमंदर साहिब में धन्यवाद के लिए पहुंचे भारतीय हॉकी टीम के 9 खिलाड़ियों में कप्तान हरमनप्रीत सिंह, जर्मनप्रीत सिंह, मनप्रीत सिंह, मनदीप सिंह, हार्दिक सिंह, सुखजीत सिंह, गुरजंत सिंह, शमशेर सिंह, जुगराज सिंह शामिल थे। इसके अलावा टीम के कोच और खिलाड़ियों के परिवार वाले भी उनके साथ थे।

सीएएस के एकमात्र मध्यस्थ 13 अगस्त को विनेश फोगाट मामले में फैसला सुनाएंगे

पेरिस, एजेंसी। कोर्ट ऑफ आर्बिट्रेशन फॉर स्पोर्ट (सीएएस) के एड-हॉक डिवीजन ने यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग (यूडब्ल्यूडब्ल्यू) द्वारा अयोग्य ठहराए जाने के खिलाफ विनेश फोगाट की अपील पर अपना फैसला सुनाने के लिए सोल आर्बिट्रेटर को अधिक समय दिया है।

पेरिस ओलंपिक में दूसरे दिन के वेट-इन में 100 ग्राम अधिक वजन होने के कारण महिलाओं की 50 किलोग्राम फ्रीस्टाइल फ़ाइनल से विनेश को अयोग्य करार दिया गया था। आईओए के एक अधिकारी ने शनिवार को कहा कि सीएएस के तदर्थ प्रभाग ने एकमात्र मध्यस्थ माननीय के लिए समय बढ़ा दिया है।

विनेश फोगाट बनाम यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग और इंटरनेशनल ओलंपिक कमेटी मामले में डॉ. एनाबेले बेनेट 13 अगस्त 2024 को शाम 6:00 बजे तक फैसला देंगी। भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) के एक अधिकारी ने शनिवार को आईएएनएस को बताया कि तर्कसंगत आदेश बाद में जारी किया जाएगा। आईओए एक प्रभावित पक्ष के रूप में मामले का हिस्सा बन गया है। इस मामले में लड़ने वाले पक्षों को यदि वे चाहें तो कोई अतिरिक्त प्रस्तुतिकरण देने के लिए 11 अगस्त तक का समय दिया गया है।

विनेश ने 50 किग्रा स्वर्ण पदक मुकाबले से अयोग्य घोषित किए जाने के फैसले को चुनौती दी है और पेरिस ओलंपिक में युस्नेलिस गुज़मैन लोपेज के साथ साझा रजत पदक से सम्मानित होने के लिए सीएएस का दरवाजा खटखटाया है। पैनल पहले ही पक्षों को सुन चुका है, जिन्हें सुनवाई से पहले अपनी विस्तृत कानूनी दलीलें दाखिल करने और फिर मौखिक दलीलें पेश करने का अवसर दिया गया था।

एकमात्र मध्यस्थ द्वारा यह संकेत दिया गया था कि आदेश का ऑपरेटिव भाग जल्द ही आने की उम्मीद की जा सकती है, उसके बाद पालन करने के कारणों के साथ एक विस्तृत आदेश जारी किया जाएगा।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉग ऑन करें
www.sonvarshavani.com
ई-पेपर
sonvarshavani.com.epaper

एक नजर

त्रिसंकट मोड़ से चोरी का ट्रैक्टर बरामद

हसपुरा (औरंगाबाद) (नि.सं.)। हसपुरा थाना के देवकुण्ड मार्ग त्रिसंकटमोड़ के पास मोती ईट भट्टे के पास से रविवार को बंदेया पुलिस ने लवारिस अवस्था में एक ट्रैक्टर को बरामद किया है। दाऊदनगर एसडीपीओ कुमार ऋषि राज ने एक विज्ञप्ति जारी कर उक्त जानकारी दी। उन्होंने विज्ञप्ति में बताया है कि 10 अगस्त को गोह के बंदेया थाना में एक ट्रैक्टर चोरी हो जाने का प्राथमिकी दर्ज हुआ था। उन्होंने अपने नेतृत्व में ट्रैक्टर बरामद का प्रयास किया। 24 घंटे के अंदर लावारिस अवस्था में ट्रैक्टर को बरामद कर लिया। आगे की कारवाई की जा रही है।

125 लीटर महुआ शराब के साथ दो बाइक को किया गया जब्त

रफीगंज (औरंगाबाद) (नि.सं.)। कासमा पुलिस ने खैरा मनोरथ रोड से अलग-अलग दो मोटरसाइकिल पर लदे 125 लीटर देशी महुआ शराब बरामद के साथ दो बाइक को जब्त किया ।साथ ही एक शराब कारोबारी गया जिला के शेरघाटी थाना के श्रीरामपुर गांव निवासी सोनू कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। कासमा थानाध्यक्ष इमरान आलम ने बताया कि वाहन चेकिंग के दौरान दो बाइक पर लदे 125 लीटर शराब बरामद की गई। एक कारोबारी को पकडा गया लेकिन दूसरा शराब कारोबारी भागने में सफल रहा। मद्य निषेध उत्पाद अधिनियम के तहत भागे शराब कारोबारी के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई।

16.6 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद, तीन फरार

रफीगंज (औरंगाबाद) (नि. सं.)। रफीगंज पुलिस ने न्यू एरिया स्थित प्रदीप गुप्ता के गौशाला के भूसा से 16 लीटर 625 एमएल अंग्रेजी शराब को किया गया बरामद। थानाध्यक्ष गुफरान अली ने बताया गुप्त सूचना मिली की न्यू एरिया गौशाला में भारी मात्रा में शराब रखकर बिक्री किया जा रहा है। प्रदीप गुप्ता अपने दोनों पुत्र अभिषेक कुमार एवं आयुष कुमार के साथ मिलकर शराब का कारोबारी करता है। गौशाला में छापामारी किया गया।छापामारी के दौरान भूसा में छिपाकर रखें रॉयल स्टैग के 375 एमएल का 9 पीस, 750 एमएल का 2 पीस, ब्लेंडर प्राइड 375 एमएल का 2 पीस तथा किंगफिशर स्ट्रांग 500 एमएल का 22 पीस कुल 16 लीटर 650 एमएल अंग्रेजी शराब बरामद की गई। शराब भंडारण कर बिक्री करने के आरोप में तीनों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर आगे कार्रवाई की जा रही है।

वायरल ऑडियो मामले में पुलिसकर्मी पर गिरी गाज, जांच के आदेश

गोह (औरंगाबाद) (नि.सं.)। एसपी स्वप्ना गौतम मेश्राम ने शनिवार को उपहारा थाना के एक पुलिसकर्मी के वायरल हुए ऑडियो के जांच की जिम्मेवारी दाउदनगर एसडीएम को सौंपी है। मामले में एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर मीडिया के साथ इससे संबंधित जानकारी दी गई है। जारी विज्ञप्ति में बताया गया कि उपहारा थाना के एक पुलिस पदाधिकारी की ऑडियो वायरल होने की सूचना प्राप्त हुई। मामले को गंभीरता से लेते हुए वायरल ऑडियो और व्हाट्सएप के माध्यम से प्राप्त आवेदन को दाउदनगर एसडीएम को जांच कर रिपोर्ट हेतु निर्देशित किया गया है। एसपी ने बताया कि जांचोपरांत नियमानुसार कारवाई की जायेगी।

बारिश में पानी-पानी हुआ पटना

पटना (नि.सं.)। बिहार में बीते एक सप्ताह से अच्छी बारिश हो रही है। गंगा-गंडक समेत प्रदेश की 5 बड़ी नदियां खतरे के निशान को पार कर चुकी हैं। पटना से लेकर कहलगांव तक गंगा का लेवल बढ़ा है। वहीं, बेगूसराय में गंगा का पानी सड़क पर आ चुका है। इसके साथ ही बिहार में रविवार को आकाशीय बिजली से दो लोगों की मौत हो गई हैं।

सिपाही भर्ती परीक्षा के दूसरे चरण का सफल आयोजन, डीएम-एसपी ने किया निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता

औरंगाबाद। रविवार को बिहार में सिपाही संवर्ग की भर्ती परीक्षा का दूसरा चरण सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। इस महत्वपूर्ण परीक्षा के सुचारू संचालन और कदाचार मुक्त वातावरण को सुनिश्चित करने के लिए औरंगाबाद जिले के पुलिस अधीक्षक महोदया और जिलाधिकारी महोदय ने संयुक्त रूप से निरीक्षण कार्य किया। पुलिस अधीक्षक महोदया ने जिले के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का व्यापक दौरा किया। उन्होंने स्वयं जाकर वहां की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और यह सुनिश्चित किया कि हर केंद्र पर पुलिस बल, दंडाधिकारी और अन्य संबंधित कर्मी अपने कर्तव्यों का पालन पूरी निष्ठा और ईमानदारी से कर रहे हैं। उनके द्वारा हर परीक्षा केंद्र पर सुरक्षा की दृष्टि से आवश्यक निर्देश भी दिए गए, जिससे कि कोई भी अनुचित गतिविधि या कदाचार न हो सके। जिलाधिकारी महोदय ने भी इस निरीक्षण में सक्रिय भूमिका निभाई। उन्होंने सुनिश्चित किया कि सभी परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त संख्या में सुरक्षा बल तैनात हो और हर स्तर पर पारदर्शिता बनी रहे। इसके साथ ही उन्होंने यह भी देखा कि परीक्षा की प्रक्रिया में कहीं कोई बाधा न उत्पन्न हो और हर उम्मीदवार को एक समान अवसर मिले।

इस तरह के सख्त निरीक्षण और दिशा-निर्देश से यह स्पष्ट होता है कि बिहार सरकार और संबंधित अधिकारी परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की अनुचित गतिविधि को बर्दाश्त नहीं करेंगे। उनका यह कदम राज्य में निष्पक्ष और पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया को सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है। औरंगाबाद में सिपाही भर्ती परीक्षा के दूसरे चरण का सफलतापूर्वक आयोजन एक सकारात्मक संकेत है। पुलिस अधीक्षक महोदया और जिलाधिकारी महोदय की सक्रिय भागीदारी और सख्त निर्देशों से परीक्षा का संचालन न केवल सुचारू रूप से हुआ बल्कि यह भी सुनिश्चित हुआ कि यह प्रक्रिया पूरी तरह से कदाचार मुक्त और निष्पक्ष हो। इससे यह उम्मीद की जा सकती है कि भविष्य में भी इस तरह की परीक्षाओं में राज्य सरकार और प्रशासन इसी प्रकार की सख्ती बरतेंगे और निष्पक्षता को सर्वोपरि रखेंगे।

निष्पक्षता और पारदर्शिता पर जोर

इस निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य परीक्षा को पूरी तरह से निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से संपन्न कराना था। पुलिस अधीक्षक और जिलाधिकारी ने परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की अनियमितता या कदाचार को रोकने के लिए सख्त निर्देश दिए। उन्होंने यह भी सुनिश्चित किया कि सभी परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों की निगरानी हो और सभी परीक्षार्थियों की पहचान प्रक्रिया को ठीक से पूरा किया जाए।

औरंगाबाद (का.सं.)। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में बिहार पुलिस सिपाही भर्ती परीक्षा 2024 को स्वच्छ, शांतिपूर्ण एवं कदाचार मुक्त वातावरण में सम्पन कराने हेतु सभी परीक्षा केन्द्रों पर तैनात पुलिस पदाधिकारी/कर्मी के द्वारा अपने कर्तव्य का निर्वहन किया जा रहा हैं एवं वरीय पदाधिकारी के द्वारा परीक्षा केन्द्रों पर प्रतिनियुक्ति पुलिस कर्मी के कर्तव्यों की जांच की जा रही हैं । औरंगाबाद पुलिस आपकी सेवा और सुरक्षा में सदैव तत्पर हैं।

ओबरा में निकाला गया तिरंगा यात्रा

निज संवाददाता

ओबरा (औरंगाबाद)। 1942 के अगस्त क्रांति में शहीद जगतपति कुमार के गृह जिले औरंगाबाद में ग्लोबल कायस्थ कॉन्फ्रेंस एवं अन्य संगठनों द्वारा शहादत दिवस मनाई गई। शहादत दिवस के अवसर पर औरंगाबाद नगर भवन परिसर स्थित जगतपति कुमार के प्रतिमा पर उपस्थित लोगों ने पुष्पांजली अर्पित कर उन्हें नमन किया। तथा उनके व्यक्तित्व पर चर्चा की।

वहीं शहीद जगतपति कुमार के पैतृक गांव ओबरा में शहादत दिवस के अवसर पर सड़क दुर्घटना रोकथाम फाउंडेशन चैरिटेबल ट्रस्ट के द्वारा 600 मीटर लंबा तिरंगा यात्रा निकाला गया। तिरंगा यात्रा पैतृक गांव खराटी स्थित स्मारक से निकलकर बेल मोड, सब्जी मंडी, देवी मंदिर, ओबरा ब्लॉक होते हुए पुणः स्मारक पहुंचकर तिरंगा यात्रा रविवार की दोपहर समाप्त हुई। ग्लोबल कायस्थ कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष कमल किशोर ने जानकारी देते हुए बताया कि 1942 के अगस्त क्रांति में शहिद जगतपति कुमार का आज (11 अगस्त 2024) शहदत दिवस है। यह वर्ष जो है जगतपति कुमार का जयंती का 100वां वर्ष चल रहा है। श्रद्धांजलि देने के लिए आज एकत्रित हुए हैं। लेकिन थोड़ा दुखद प्रसंग यह है कि पटना में शहीद स्मारक पर राज्य सरकार की ओर से कार्यक्रम आयोजित किया जाता है, लेकिन कुमार जगतपति का औरंगाबाद गृह जिला है। उनके जन्म स्थान ओबरा में सरकारी स्तर पर कोई भी कार्यक्रम आयोजित नहीं किया जाता है। उनके शहादत पर पूरे औरंगाबाद जिला गौरवान्वित है। अजादी की लड़ाई में प्राणों को आहुति देने वाले शहीद जगतपति कुमार एक मात्र अमर सेनानी थे। इनकी शहादत अमूल्य है। इसे आज के लोगों को राष्ट्र प्रेम एवं राष्ट्रभक्ति की प्रेरणा लोगों को मिलती है। शाहिद जगतपति कुमार औरंगाबाद जिला के ओबरा प्रखंड के खरांटी के रहने वाले थे, जो 6 अन्य साथियों के साथ पटना सेक्रेटेरिएट पर तिरंगा फहराने के दौरान शहीद हो गए।

राजकीय माध्यमिक विद्यालय में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन

राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से सुलझेंगे सुलहनीय वाद, 14 सितंबर को लगेगी राष्ट्रीय लोक अदालत

कार्यालय संवाददाता

औरंगाबाद। जिला विधिक सेवा प्राधिकार, औरंगाबाद के तत्वावधान में राजकीय माध्यमिक विद्यालय गम्हरिया सोरी माली में एक विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य राष्ट्रीय लोक अदालत के महत्व और उसकी प्रक्रिया के बारे में आम जनता को जागरूक करना था। इस शिविर की अध्यक्षता पैनल अधिवक्ता नन्दकेश्वर साव ने की, जबकि संचालन पारा विधिक स्वयंसेवक राजकुमार पासवान ने किया। पैनल अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने अपने संबोधन में बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत की वैधानिक मान्यता 1987 में मिली थी। इस अदालत के माध्यम से अब तक लाखों सुलहनीय वादों का निष्पादन हुआ है, जिससे हजारों परिवारों में खुशियां लौटी हैं। आगामी 14 सितंबर को औरंगाबाद के व्यवहार न्यायालय और दाउदनगर के अनुमंडलीय न्यायालय में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इस लोक अदालत में पारिवारिक वाद, आपराधिक सुलहनीय वाद, श्रम, माप-तोल, वन, टेलीफोन, बैंक ऋण, और बालू से संबंधित अन्य सुलहनीय वादों का निपटारा किया जाएगा। इस विधिक जागरूकता शिविर में बड़ी संख्या में स्थानीय निवासियों ने हिस्सा लिया और राष्ट्रीय लोक अदालत की प्रक्रिया के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की। यह आयोजन इस बात का प्रमाण है कि समाज में न्याय और शांति की स्थापना के लिए राष्ट्रीय लोक अदालत की भूमिका कितनी महत्वपूर्ण है।

राष्ट्रीय लोक अदालत की प्रमुख विशेषताएं

अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने राष्ट्रीय लोक अदालत की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस अदालत में सुलहनीय वादों का निपटारा आपसी सहमति से होता है, जिसमें किसी भी पक्ष को कोई खर्च नहीं उठाना पड़ता। इसके अलावा, एक ही दिन में वाद का निष्पादन हो जाता है, और इस फैसले के खिलाफ कोई अपील भी नहीं की जा सकती। इस प्रक्रिया से दोनों पक्षों के बीच वैर-मनमुटाव का अंत होता है और समाज में शांति बनी रहती है।

शहादत दिवस पर याद किए गए वीर जगतपति

कार्यालय संवाददाता

औरंगाबाद। 1942 की अगस्त क्रांति में अंग्रेजों की गोली से पटना में शहीद हुए जगतपति कुमार को उनके गृह जिले औरंगाबाद में श्रद्धापूर्वक याद किया गया। ग्लोबल कायस्थ कॉन्फ्रेंस एवं स्थानीय नागरिकों द्वारा आयोजित कार्यक्रम में उनके सम्मान में माल्यार्पण किया गया और नारे लगाए गए। जिला मुख्यालय में स्थापित उनकी दो प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किया।

ग्लोबल कायस्थ कांफ्रेंस के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता कमल किशोर ने कहा कि वीर जगतपति की जीवनी और उनकी वीरता को पाठ्यक्रम में शामिल किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि जगतपति कुमार ने तिरंगे के सम्मान के लिए अपने प्राणों की आहुति दी, और उनकी शहादत को याद करना हमारा कर्तव्य है।

बता दें कि शहीद जगतपति का जन्म औरंगाबाद अंतर्गत ओबरा प्रखंड के खरांटी गांव में हुआ था, और उन्होंने 11 अगस्त 1942 को पटना में तिरंगा फहराने के दौरान अपनी शहादत दी। इस कार्यक्रम में वरिष्ठ अधिवक्ता अजय कुमार संतोष, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष रामानुज पांडेय, ग्लोबल कायस्थ कांफ्रेंस के प्रदेश सचिव अजय कुमार श्रीवास्तव, महेन्द्र प्रसाद, जिला महासचिव अजय कुमार वर्मा, वरिष्ठ पत्रकार श्रीराम अम्बष्ट, अपर लोक अभियोजक उदय कुमार सिन्हा, राजू रंजन सिन्हा, राजेश कुमार, संजय सिन्हा, अजय श्रीवास्तव, सूर्यकांत, दीपक बलजोरी, अभय सिन्हा, सुनील सिन्हा, सुनील कुमार, मधुसूदन प्रसाद सिन्हा, प्रेम कुमार, और आर्यन सिन्हा समेत सैकड़ों लोगों ने भाग लिया और उनकी प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

वाहन चेकिंग अभियान : हथियार के साथ सरकारी शिक्षक सहित दो गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता

औरंगाबाद। जिले के कासमा पुलिस ने वाहन चेकिंग अभियान के दौरान सरकारी शिक्षक सहित दो लोगों को देसी कट्टा और जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी-2 अमित कुमार ने बताया कि कासमा पुलिस सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इस दौरान दो लोगों को अलग-अलग जगह से गिरफ्तार किया गया है। इनके पास से दो देसी कट्टा, 6 जिंदा कारतूस, दो एंड्राइड मोबाइल, एक ग्लैमर और एक हीरो स्प्लेंडर प्लस बाइक बरामद किया गया है। पुलिस ने पहले चिराला गांव के पास से गया जिला के कोच थाना क्षेत्र के डुमरा गांव निवासी देवनंदन प्रसाद के बेटे राजू कुमार रंजन (35) को गिरफ्तार किया गया। राजू के पास से एक देसी कट्टा, पांच जिंदा कारतूस बरामद किया गया। इसके संदर्भ में थाना में कांड संख्या 125/ 24 दर्ज की गई है। इसके बाद पुलिस ने बक्शी बीघा के पास से कासमा थाना क्षेत्र के अपकी गांव निवासी विपत प्रसाद के बेटे और पेशे से सरकारी शिक्षक जय नंदन कुमार (35) को एक देसी कट्टा, एक जिंदा कारतूत बरामद किया गया है।

हर घर तिरंगा अभियान : जिले में राष्ट्रीय ध्वज फहराने का आह्वान, डाकघरों में सस्ती दरों पर तिरंगा उपलब्ध

कार्यालय संवाददाता

औरंगाबाद। 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत औरंगाबाद जिले में राष्ट्रीय ध्वज फहराने का आह्वान करते हुए, जिले के डाक अधीक्षक सुनील कुमार ने नागरिकों से इस महत्वपूर्ण पहल में सक्रिय भागीदारी की अपील की है। यह अभियान बिहार डाक सर्कल द्वारा चलाया जा रहा है और इसका नेतृत्व राज्य के मुख्य पोस्टमास्टर जनरल अनिल कुमार कर रहे हैं। राष्ट्रीय ध्वज केवल एक प्रतीक नहीं है, बल्कि यह हमारे देश की एकता, अखंडता, और गर्व का प्रतीक है। 'हर घर तिरंगा' अभियान का उद्देश्य प्रत्येक घर में तिरंगा फहराकर देशवासियों के बीच एकता और राष्ट्रप्रेम को बढ़ावा देना है। इस अभियान के अंतर्गत, बिहार के सभी डाकघरों में राष्ट्रीय ध्वज को मात्र 25 रुपये की मामूली कीमत पर उपलब्ध कराया जा रहा है, ताकि हर नागरिक इसे आसानी से खरीद सके और अपने घर पर फहरा सके। डाक अधीक्षक सुनील कुमार ने औरंगाबाद के सभी नागरिकों से अनुरोध किया है कि वे इस अभियान में भाग लेकर अपने घरों पर तिरंगा फहराएं। उन्होंने कहा कि यह अभियान न केवल हमारे राष्ट्रीय ध्वज को सम्मानित करने का एक मौका है, बल्कि यह हमारे देश की एकता और अखंडता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को भी दर्शाता है। उन्होंने बताया कि इस अभियान के माध्यम से नागरिकों को सस्ती दरों पर तिरंगा उपलब्ध कराने के साथ-साथ उन्हें अपने राष्ट्रीय ध्वज के प्रति गर्व और सम्मान का भाव विकसित करने का अवसर भी प्रदान किया जा रहा है।

संदेश और अपील

इस पहल के महत्व को रेखांकित करते हुए, सुनील कुमार ने अंत में जिलेवासियों से अनुरोध किया कि वे अपने नजदीकी डाकघर से राष्ट्रीय ध्वज प्राप्त करें और इसे अपने घरों पर फहराकर इस अभियान का हिस्सा बनें। उन्होंने कहा कि यह अवसर हर भारतीय के लिए गर्व और सम्मान का है। हमें इस अवसर को खोना नहीं चाहिए, बल्कि इसे गर्व के साथ मनाना चाहिए। 'हर घर तिरंगा' अभियान का उद्देश्य केवल राष्ट्रीय ध्वज का प्रसार नहीं है, बल्कि यह हमारे राष्ट्रीय एकता और गौरव को बढ़ावा देने का एक महत्वपूर्ण माध्यम भी है। इस अभियान के माध्यम से, हम अपने देश की सांस्कृतिक धरोहर को संजो सकते हैं और इसे आने वाली पीढ़ियों के लिए एक प्रेरणा बना सकते हैं। 'हर घर तिरंगा' अभियान में भाग लेकर, हम सभी अपने देश के प्रति अपनी निष्ठा और प्रेम को व्यक्त कर सकते हैं। यह अभियान न केवल राष्ट्रीय ध्वज के प्रति हमारे सम्मान को दर्शाता है, बल्कि यह हमारे देश की अखंडता और एकता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को भी मजबूत करता है। आइए, इस अवसर को गर्व के साथ मनाएं और अपने घरों पर तिरंगा फहराकर राष्ट्रीय गौरव का प्रदर्शन करें।

डाकघरों की भूमिका और सुविधाएं

अभियान के तहत, बिहार के सभी डाकघरों में राष्ट्रीय ध्वज उपलब्ध कराया जा रहा है। यह पहल न केवल राष्ट्रीय ध्वज को घर-घर पहुंचाने की कोशिश है, बल्कि यह नागरिकों को उनके राष्ट्रीय गौरव से जोड़ने का एक प्रयास भी है। सुनील कुमार ने जोर देते हुए कहा कि 'हर घर तिरंगा' केवल एक अभियान नहीं है, बल्कि यह हमारे देश की एकता और अखंडता का प्रतीक है। इस अभियान के माध्यम से, हम सभी भारतीयों को अपने घरों पर तिरंगा फहराकर राष्ट्रीय गौरव का प्रदर्शन करना चाहिए।

रेलवे लाइन और पथ निर्माण परियोजनाओं के लिए मुआवजा भुगतान हेतु शिविर का किया गया आयोजन

कार्यालय संवाददाता

औरंगाबाद। जिलेवासियों के लिए जिला प्रशासन की ओर से आवश्यक सूचना जारी की गई है। यह सूचना वैसे लोगों के लिए बड़े काम की है जिनका जमीन रेलवे लाइन निर्माण के परियोजना अंतर्गत सरकार द्वारा अधिग्रहित किया है। सोननगर बाईपास रेलवे लाईन निर्माण परियोजना अन्तर्गत रैयतों को अर्जनाधीन भूमि के मुआवजा भुगतान में तेजी लाने हेतु बारुण अंचल अंतर्गत 12 अगस्त 2024 को 10:00 बजे पूर्वाह्न में सभा भवन बारुण प्रखंड परिसर में कैंप के माध्यम से विशेष शिविर का आयोजन किया गया है। भारतमाला परियोजना के अन्तर्गत वाराणसी-कोलकाता खण्ड के 4/6 लेन पथ निर्माण हेतु परियोजना अन्तर्गत रैयतों को अर्जनाधीन भूमि के मुआवजा भुगतान में तेजी लाने हेतु दिनांक-12 अगस्त 2024 को 10.00 बजे पूर्वा० प्रखंड कार्यालय नवीनगर,कुटुम्बा एवं देव के सभागार में कैंप के माध्यम से विशेष शिविर का आयोजन किया गया है। एनएच-120 दाउदनगर-बाईपास पथ के निर्माण हेतू रैयतों को अर्जनाधीन भूमि के मुआवजा भुगतान में तेजी लाने हेतु दाउदनगर अंचल अंतर्गत दिनांक 12 अगस्त 2024 को 10:00 बजे पूर्वाह्न में सभा भवन दाउदनगर प्रखंड परिसर में कैंप के माध्यम से विशेष शिविर का आयोजन किया गया है। उक्त कैम्प मे संबंधित अंचल / मौजा के राजस्व कर्मचारी/अंचल निरीक्षक/राजस्व अधिकारी जमाबंदी पंजी एवं अन्य राजस्व अभिलेख के साथ उपस्थित रहेगे तथा कैम्प मे ही संबंधित रैयतों को एलपीसी निर्गत करने की कार्रवाई करेंगे। साथ ही सवंधित मौजा के पंचायत सचिव एवं ग्राम कचहरी सचिव भी उपस्थित रहकर वंशावली से संबंधित आवेदन प्राप्त करेंगे।

अगस्त महीने में औरंगाबाद, बारुण, दाउदनगर व ओबरा प्रखंड में धान की रोपनी अंतिम चरण में

कार्यालय संवाददाता

औरंगाबाद। अगस्त महीने में हुई झमाझम बारिश के बाद धान की रोपनी में तेजी आई है। इसका असर यह हुआ कि जिले के 76.47 प्रतिशत भूभाग में धान की फसल लग गई और जल्द ही लक्ष्य पूरा होने की उम्मीद है। जिले के औरंगाबाद, बारुण, दाउदनगर व ओबरा प्रखंड में धान की रोपनी समाप्त होने वाली है। विदित ही कि जिले में कुल 176302.23 हेक्टेयर भूभाग में धान की फसल लगाने का लक्ष्य है जिसमें अबतक 134825.19 हेक्टेयर भूभाग में फसल लगाई जा सकी है। कृषि विभाग से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार औरंगाबाद प्रखंड में 13904.95 हेक्टेयर के लक्ष्य के विरुद्ध 13724.50 हेक्टेयर में फसल लगी है जो लक्ष्य का 98.70 प्रतिशत है। इसी तरह बारुण प्रखंड में 17400.00 हेक्टेयर के लक्ष्य के विरुद्ध 16255.50 हेक्टेयर में फसल लगी है जो लक्ष्य का 93.42 प्रतिशत है। दाउदनगर प्रखंड में 9412.50 हेक्टेयर के लक्ष्य के विरुद्ध 9024.50 हेक्टेयर में फसल लगी है जो लक्ष्य का 95.88 प्रतिशत है। देव प्रखंड में 10981.00 हेक्टेयर के लक्ष्य के विरुद्ध 6341.00 हेक्टेयर में फसल लगी है जो लक्ष्य का 57.75 प्रतिशत है। गोह प्रखंड में 18770.00 हेक्टेयर के लक्ष्य के विरुद्ध 10594.00 हेक्टेयर में फसल लगी है जो लक्ष्य का 56.44 प्रतिशत है। हसपुरा प्रखंड में 9704.16 हेक्टेयर के लक्ष्य के विरुद्ध 9231.95 हेक्टेयर में फसल लगी है जो लक्ष्य का 95.13 प्रतिशत है। कुटुंबा प्रखंड में 19655.60 हेक्टेयर के लक्ष्य के विरुद्ध 14255.80 हेक्टेयर में फसल लगी है जो लक्ष्य का 72.53 प्रतिशत है। मदनपुर प्रखंड में 7220.00 हेक्टेयर के लक्ष्य के विरुद्ध 3561.45 हेक्टेयर में फसल लगी है जो लक्ष्य का 49.33 प्रतिशत है। नवीनगर प्रखंड में 29873.00 हेक्टेयर के लक्ष्य के विरुद्ध 20686.50 हेक्टेयर में फसल लगी है जो लक्ष्य का 69.24 प्रतिशत है। ओबरा प्रखंड में 18899.02 हेक्टेयर के लक्ष्य के विरुद्ध 17736.56 हेक्टेयर में फसल लगी है जो लक्ष्य का 93.85 प्रतिशत है। रफीगंज प्रखंड में 20482 हेक्टेयर के लक्ष्य के विरुद्ध 13416.43 हेक्टेयर में फसल लगी है जो लक्ष्य का 65.50 प्रतिशत है। अगस्त महीने में अबतक औसत 228.7 एमएम बारिश अगस्त महीने में अच्छी बारिश हुई। इस महीने में अबतक जिले में कुल 2515.90 एमएम व औसत 228.7 एमएम बारिश हुई है। सांख्यिकी विभाग से मिली जानकारी के अनुसार औरंगाबाद प्रखंड में इस महीने में अबतक 264.60 एमएम, बारुण प्रखंड में 286.20 एमएम, दाउदनगर प्रखंड में 247.80 एमएम, देव प्रखंड में 231.20 एमएम, गोह प्रखंड में 128.20 एमएम, हसपुरा प्रखंड में 172.80 एमएम, कुटुंबा प्रखंड में 315.20 एमएम, मदनपुर प्रखंड में 122.00 एमएम, नवीनगर प्रखंड में 255.40 एमएम, ओबरा प्रखंड में 333.30 एमएम तथा रफीगंज प्रखंड में 159.20 एमएम बारिश हुई है।

दानिका संगीत महाविद्यालय की अम्बा शाखा का शुभारंभ

निज संवाददात

अम्बा (औरंगाबाद)। जिला मुख्यालय औरंगाबाद की महत्वपूर्ण सांगीतिक संस्था दानिका संगीत महाविद्यालय का शाखा कार्यालय का शुभारंभ अम्बा में किया गया। शाखा कार्यालय का शुभारंभ कुटुंबा प्रखंड प्रमुख धर्मेंद्र कुमार सिंह, हम पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव सुनील चौबे, राजद के प्रदेश महासचिव सुबोध कुमार सिंह,हम पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष हरेंद्र कुमार सिंह,बाल विकास विद्यालय के डायरेक्टर अजय पांडेय, दानिका के डायरेक्टर डॉ रविंद्र कुमार उर्फ दानिका महाराज, दानिका के संरक्षक कृष्णानंद जी महाराज, शाखा कार्यालय के संचालक उदय कुमार मेहता, केन्द्राधीक्षक शशि देवी सहित अन्य लोगों ने दीप प्रज्ज्वलित कर एवं फीता काट कर किया।

बाईक से अंग्रेजी शराब की होम डिलेवरी करने जा रहा युवक गिरफ्तार, अंग्रेजी शराब बरामद

निज संवाददाता

गोह (औरंगाबाद)। गोह थाना पुलिस ने गुप्त सूचना पर शनिवार की शाम बाइक से अंग्रेजी शराब का होम डिलीवरी करने जा रहा एक युवक को अंग्रेजी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। साथही उसके निशान देही पर पुलिस ने बस स्टैंड के समीप से कई बोतल अंग्रेजी शराब बरामद करते हुए कार्रवाई शुरू कर दी है। थानाध्यक्ष कमलेश पासवान ने बताया कि सूचना मिली की उपहारा रोड में एक कारोबारी अपना बाइक से शराब की होम डिलीवरी करने जा रहा है। इसकी सूचना थानाध्यक्ष ने गश्ती पुलिस बल को दिया।सुचना के बाद गस्ती टीम ने बाइक के साथ एक बोतल अंग्रेजी शराब के साथ कारोबारी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार कारोबारी की पहचान तुलसी बिगहा गांव निवासी बिजय यादव के पुत्र राहुल कुमार के रूप में की गई है। वहीं राहुल कुमार के निशान देही पर पुलिस ने गोह बस स्टैंड के समीप निवासी मृत्युंजय कुमार के घर में छापेमारी की गई तो 375 एम एल के 17 बोतल एवं 180एम एम के 8बोतल नाईट क्योन डिलीक्स विस्की बरामद किया गया।पुलिस ने अग्रतर कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार राहुल को जेल भेज दिया हैं। इधर गोह पुलिस ने ही रविवार की दोपहर देवहरा के तरफ से बाईक से जा रहा एक कारोबारी को मिडिल स्कुल के समीप से गिरफ्तार कर लिया हैं।